हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित
Koylanchal samvad news
www.koylanchalsamvad.com
रांची, शुक्रवार, 04 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 142
मूल्य : 2 रुपए

राहुल बोले- हरियाणा में बेरोजगारी के जिम्मेदार मोदीः 56 इंच छाती... | ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइल हमलाः तृतीय विश्व युद्ध... | अगर आपके शहर में सेल लगी है तो कुछ बातों का...

## संक्षिप्त खबरें

### ईडी के शिकंजे में पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन, मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए किया तलब

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए भारतीय



क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय पूर्व सांसद को तीन अक्टूबर को यहां संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह जांच हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी है जिसको लेकर ईडी ने पिछले साल नवंबर में छापेमारी की थी। धन शोधन का यह मामला तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा एचसीए के 20 करोड़ रुपये के कथित आपराधिक दुरुपयोग के संबंध में दर्ज की गईं तीन प्राथमिकी और आरोपपत्रों से संबद्ध है।

### हम पूजा या उत्सव के मूड में नहीं, जब तक न्याय नहीं जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या का मामला ठंडा नहीं हो रहा है। इस घटना के विरोध में डॉक्टर, नर्स, मेडिकल छात्र और नागरिक महालया के दिन कोलकाता की सड़कों पर उतर गए। सभी आरजी ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जिसकी 9 अगस्त को दुष्कर्म के बाद बेहरमी से हत्या कर दी गई थी। यह आंदोलन पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जूनियर डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ी मांगों को पूरा करने में नाकाम रहने के विरोध में किया गया था। जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने से इनकार कर दिया है जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी और पीड़ित डॉक्टर को न्याय नहीं मिलता। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां और तिरंगे के साथ नारे लगाते हुए मार्च किया। एक प्रदर्शनकारी और मृतक डॉक्टर के साथी ने कहा कि हम पूजा या उत्सव के मूड में नहीं हैं। जब तक हमारी बहन को न्याय नहीं मिल जाता, हम सड़कों पर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। हमने यह संदेश देने के लिए महालया का यह दिन चुना है। रैली के समापन पर बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के नेताओं ने आंदोलन जारी रखने की कसम खाई और कहा कि हम हार नहीं मानेंगे। यह हमारी सुरक्षा, हमारी गरिमा और अभया के लिए न्याय का सवाल है। सरकार हमसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि हम चुप रहें और वे कुछ न करें। यह विरोध प्रदर्शन महालया के दिन हुआ, जो दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। इस साल दुष्कर्म और हत्या के मामले के मद्देनजर इस आयोजन के समारोहों पर असर पड़ा है। रैली के बाद, प्रदर्शनकारी गंगा तट पर एकत्र हुए और प्रतीकात्मक रूप से एक हजार दीये जलाए। और कहा कि आज हमारे विरोध का 52वां दिन है और हम अभी भी हमलों का सामना कर रहे हैं।




## सीएम हेमंत सोरेन ने ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 का किया उद्घाटन, कहा-

# यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगा, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को मिलेगी गति




ट्रांसपोर्ट नगर से शहर का होगा विस्तार, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

- फेज -2 की रखी आधारशिला
- ट्रांसपोर्ट नगर से विकास को एक नया आयाम मिलेगा

**रांची:** आज रांची को एक सुसज्जित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट नगर मिल रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर से जहां यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम एवं सुदृढ़ होगा, वहीं ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के सुकुरहुटू में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवनिर्मित ट्रांसपोर्ट नगर के फेज- 1 का उद्घाटन एवं फेज -2 की आधारशिला रखते हुए अपने संबोधन में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का यह स्थायी ठिकाना होगा, जहां उन्हें कारोबार से संबंधित सारी सुविधाएं मिलेंगी।

### आम नागरिक के साथ ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों को भी नहीं होगी कोई परेशानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से आम नागरिकों को काफी सहूलियत होगी। इससे शहर में लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी । यातायात व्यवस्था सुगम होगा।शहर में भारी वाहन नहीं आएंगे, जिससे सड़कों पर आवागमन में आसानी होगी। वहीं, भारी माल वाहक वाहनों के पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग, वाहन चालकों के ठहरने सहित ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े कार्य एक ही जगह हो सकेंगे।

### जरूरत के हिसाब से सुविधाएं बढ़ाई जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले दिनों में जो जरूरत और आवश्यकता होगी , उसी के अनुरूप सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। आज ट्रांसपोर्ट नगर के फेज वन का उद्घाटन संपन्न हुआ। फिलहाल यहां ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से संबंधित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और फेज-2 में भी कई आधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध कराया जाना है।

### कई अन्य गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से इस इलाके में कई अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर का विस्तार होगा। यहां शहरी गतिविधियां भी तेजी से बढ़ेगी।कारोबार में गति आएगी। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे । कुल मिलाकर ट्रांसपोर्ट नगर से विकास को एक नया आयाम मिलेगा। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## रांची में सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

### बोकारो का रहने वाला है जवान, सैंबो सीआरपीएफ कैंप की घटना



**रांची:** रांची में सीआरपीएफ के बटालियन संख्या 244 के जवान आरक्षी (संख्या 135310495सी/जीडी) ने खुद के हथियार AK 47 से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। वह सुबह चार बजे से छह बजे तक ड्यूटी में तैनात था। अभी उसकी ड्यूटी शुरू ही हुई थी कि सुबह 04.05 बजे इस तरह का कदम उठा लिया। उसका नाम राहुल कुमार मलिक था। वह मूल रूप से बोकारो जिला के पिंड्राजोरा थाने के घटियाली गांव का रहने वाला था। घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के सैंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप की है। जहां उसकी बॉडी पड़ी थी, वहीं उसका हथियार भी पड़ा हुआ मिला है।

### जांच में जुटी सीआरपीएफ और लोकल पुलिस

घटना की जानकारी मिलते ही सीआरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं नगड़ी थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद पूरे मामले की छानबीन की गई। स्थिति स्पष्ट होने के बाद जानकारी साझा की गई है।

### एक साल में 11 जवानों ने की आत्महत्या

पुलिस प्रशासन की रिपोर्ट की मानें तो बीते एक साल में 11 जवानों ने आत्महत्या की है। ये जवान राज्य पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना से संबंध रखते हैं। पूर्व की घटनाओं की जांच रिपोर्ट बताती है कि जवानों की आत्महत्या के पीछे की वजह वर्क प्रेशर, निजी जीवन की परेशानियां, ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी ना मिलना है।

## 17 पुलिस कर्मियों को मारने वाला हार्डकोर नक्सली समेत पांच गिरफ्तार

**गुमला** : विधानसभा चुनाव से पहले गुमला में भाकपा माओवादी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. गुमला में अलग-अलग नक्सली हमले में 17 पुलिसकर्मियों को मारने वाला भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन के सबजोनल कमांडर छह लाख रुपये का इनामी रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण समेत पांच हार्डकोर नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोली व आइइडी बम बरामद हुआ है.

### 77 नक्सली घटनाओं में रंथु उरांव था शामिल, लंबे समय से थी तलाश

पुलिस ने जंगल में चार आइइडी बम को निष्क्रिय कर दिया. रंथु उरांव गुमला, लोहरदगा व लातेहार जिला में 77 नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है. दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने गुमला में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया है कि गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला के हरिनाखाड़ व आंजन के घने जंगलों के बीच भाकपा माओवादी के नक्सली घूम रहे हैं. इसके बाद तुरंत एक पुलिस क्यूआरटी टीम का गठन किया गया.



आंजन जंगल में दो बाइक में तीन संदिग्ध घूमते नजर आये. परंतु, पुलिस को देखकर बाइक में बैठे नक्सलियों ने फायरिंग कर दी. पुलिस ने पीछा किया और जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को गिरफ्तार किया. इन तीनों से पूछताछ के बाद हरिनाखाड़ में छिपाकर रखे हुए हथियार मिला. साथ ही दो और नक्सलियों को पकड़ा गया.

### गिरफ्तार नक्सलियों के नाम

सबजोनल कमांडर कुल्ही गुमला निवासी रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण, कतरी महुआटोली के जयशंकर महतो, भरनो थाना के खरका अमलिया के रोहित उरांव, कुटमा कुरूमगढ़ के राजू अहीर उर्फ राजू गोप, कुटमा कुरूमगढ़ के सुलेंद्र मुंडा है.

### बरामद हथियार व गोली

एक पीस कारबाईन, तीन पीस रायफल, तीन पीस देशी कटटा, 137 पीस गोली, भाकपा माओवादी का प्रतिबंधि पर्चा पांच पीस, मोबाइल दो पीस व बाइक दो पीस बरामद हुआ. वहीं आइइडी बम चार पीस मिला. जिसे हरिनाखाड़ जंगल में ही निष्क्रिय कर दिया गया.

### कुख्यात सोना लुटेरा मोनू सोनी गिरफ्तार! झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में था आतंक

पलामूः कुख्यात सोना लुटेरा मोनू सोनी उर्फ बुक्की को गिरफ्तार कर लिया गया है. छत्तीसगढ़ पुलिस ने मोनू सोनी को गिरफ्तार किया है. मोनू सोनी झारखंड, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा में कई लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुका है. बता दें कि मोनू सोनी पलामू के चैनपुर का रहने वाला है. कुछ दिनों पहले पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में गुमला पुलिस के साथ मोनू सोनी और उसके गिरोह की मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ में मोनू सोनी की एक साथी को गोली भी लगी थी. उसने झारखंड के रांची में लगातार तीन सोने की दुकानों में करोड़ों की लूट की थी. जमशेदपुर में भी लूट की घटना को अंजाम दिया था. पलामू, गढ़वा, गुमला में भी कई लूट की घटना में वो शामिल रहा है. गुमला में घाट लूट की घटनाओं का अंजाम देने के दौरान पुलिस पहुंच गई थी. पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में एक बड़े कारोबारी की गाड़ी पर फायरिंग की घटना हुई थी.

## जयराम महतो डुमरी से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, पार्टी ने छह प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान

**धनबाद** : जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो गिरिडीह जिले के डुमरी विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर यह घोषणा की. पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये भी कहा कि उनकी पार्टी किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी. उनका दावा है उनसे गठबंधन के लिए एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन ने अप्रोच किया था लेकिन उन्होंने मना कर दिया. पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि उनकी पार्टी धनबाद जिला के सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी. इसके लिए तैयारी चल रही है.

जयराम महतो ने इसके बाद 5 और उम्मीदवारों का ऐलान किया



जो कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे. इसमें गिरिडीह के जमुआ विधानसभा सीट से रोहित कुमार दास, साहिबगंज के राजमहल विधानसभा से मोतीलाल सरकार, रांची के तमाड़ विधानसभा से दमयंती मुण्डा, सरायकेला-खरसावां जिले के सरायकेला विधानसभा सीट से प्रेम मार्डी और पलामू जिले के छतरपुर विधानसभा से प्रीति राज को उम्मीदवार बनाया है.

### बीजेपी-आजसू और झामुमो-कांग्रेस के लिए बढ़ी मुश्किलें

जयराम महतो के विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद सभी पार्टियों की मुश्किलें बढ़ सकती है. जयराम महतो ने इससे पहले लोकसभा चुनाव में अपने समर्थन से सभी को हैरान कर दिया था. जयराम को लोकसभा चुनाव में 3,47,322 वोट मिले थे. उनके इस प्रदर्शन से आजसू और झामुमो दोनों के लिए विधानसभा चुनाव में दिक्कत हो सकती है.

## हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश- पूजा के दौरान अतिरिक्त महिला सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए

**रांचीः** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. गुरुवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरा से मॉनिटरिंग की जाए, महिलाओं की आपातकाल में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर का स्थानीय टीवी चैनल और अखबारों में विज्ञापन के जरिए प्रचार प्रसार किया जाए और सभी जगहों पर स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जाए. वहीं अदालत ने दुर्गा पूजा को लेकर सरकार को पूजा पंडाल के आसपास अतिरिक्त महिला सुरक्षा बल की नियुक्ति करने और पिंक बसों के संचालन के समय को विस्तार देने का निर्देश दिया है. अब इस जनहित याचिका पर हाईकोर्ट 18 नवंबर को सुनवाई करेगा. हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है. राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है.

## झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची** : विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है. जल्द ही झारखंड में आचार संहिता लग सकती हैं. इसे देखते हुए चार अक्टूबर( शुक्रवार) को सभी रेंज के डीआईजी और जिलों के एसपी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा हैं. धुर्वा स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम दिन के 11 बजे से शाम के 5.15 बजे तक चलेगा. निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और आईजी अभियान एवी होमकर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे.

### निर्वाचन आयोग के मैनुअल के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा

विधानसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है. इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जायेगा. उन्हें मतदान सामग्री की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के तरीके से भी बताये जायेंगे. मतदाताओं को असुविधा न हो, उन्हें कोई मतदान से वंचित न कर पाये और कोई उन्हें अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई दबाव बनाये, तो वैसे लोगों से कैसे निपटना है, इससे संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा. प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईजी एवी होमकर, डीआईजी धनंजय सिंह इंद्रजीत महथा, अश्विनी कुमार सिन्हा, अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर, संजीव कुमार,सुरेंद्र कुमार झा, चौथे मनोज रतन, वाईएस रमेश सहित सभी जिलों के एसपी, एसएसपी शामिल होंगे.

### झारखंड व महाराष्ट्र के आरओ और एआरओ के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का निर्वाचन सदन में आयोजन किया गया. इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में झारखंड के साथ–साथ महाराष्ट्र के भी निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को आयोग के प्रशिक्षकों ने चुनाव कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के वैसे पदाधिकारी जिनके द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विगत माह में ही प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया था. परंतु प्रशिक्षण के क्रम में आयोजित परीक्षा में काम अंक प्राप्त हुए थे. इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों ने ऑनलाइन माध्यम से निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के विषय में बिंदुवार प्रशिक्षण दिया. साथ ही शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन कराने में आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई. प्रशिक्षण सत्र में विगत कम अंक प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे. वहीं मुख्य निर्वाचन कार्यालय से पदाधिकारियों के प्रशिक्षण में सहायता के लिए सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, सिस्टम एनालिस्ट एस. एन. जमील सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे.

## धनबाद के मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ीं: लोगों ने किया हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

**धनबादः** नवरात्र से ठीक पहले झारखंड के धनबाद में सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश हुई। जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रंगडीह गांव में स्थित प्राचीन माता काली की मंदिर परिसर में मौजूद कई देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया गया। असामाजिक तत्वों ने बरगद पेड़ के नीचे स्थापित मां काली समेत कई अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को तोड़ दिया। तोड़ी गई मूर्तियों में भगवान गणेश, शिवलिंग, त्रिशूल आदि शामिल हैं। प्रतिमाओं के खंडित होने की सूचना तब सामने आई जब वहां सफाई करने वाला नरेश चंद्र गोस्वामी मौके पर पहुंचा। वहां की स्थिति देख आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। प्रतिमाओं के खंडित होने की जानकारी मिलने के बाद आसपास के इलाके में तनाव का माहौल हो गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। इस घटना की सूचना पाकर गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली दलबल के साथ पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जानकारी



दी गई। पुलिस तत्काल पहुंची। हर एंगल से इसकी जांच की जा रही है।

### आम नागरिकों ने संभाला मोर्चा

घटनास्थल पर मौजूद लोग उग्र न हो, इसके लिए आम लोगों और पुलिस की ओर से सक्रियता दिखाई गई। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों की सूझबूझ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस की सक्रियता के वजह से कोई बड़ी वारदात नहीं हुई। अब गांव में स्थिति सामान्य है। घटना को लेकर मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण पूरी भी जांच करने की बात कही। उन्होंने कहा हंगामा करने से कोई लाभ नहीं है, लेकिन इस तरह की हरकत उचित नहीं है। वहीं झरिया विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी ने भी जांच की मांग की है। उन्होंने भी घटनास्थल का जायजा लिया।

## पीएम के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु सांसद मनीष जायसवाल ने सभी को दिया बधाई



हजारीबाग(बुधवार को हजारीबाग में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता, आम- जनता, मोदी समर्थक, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन को बधाई देते हुये आभार जताया। सांसद श्री जायसवाल ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग जहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर से जहां पूरे देश को कई योजनाओं का सौगात दिया वहीं मटवारी के गांधी मैदान से बीजेपी के परिवर्तन यात्रा का समापन करते हुए आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में "रोटी, बेटी और माटी" बचाने का संकल्प दिलाया और झारखंड में सत्ता परिवर्तन करने का उलगुलान किया। पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन के दौरान आप सभी लोगों ने उन्हें जो प्यार और समर्थन दिया वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा की इससे पूर्व हजारीबाग में ऐसी भीड़ कभी हजारीबाग के इतिहास में किसी भी सभा में नहीं हुआ था। पीएम मोदी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय से गांधी मैदान तक सड़क मार्ग से पहुंचकर जनभावना का सम्मान भी किया।

## परम पूज्य श्री शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 जी महाराज 5 अक्टूबर को आएंगे पहाड़ी मंदिर



रांचीः सनातन धर्म में वेद, उपनिषद, पुराणों सहित समस्त धर्म शास्त्रों में गौ को महिमा गई है। गाय को पशु नहीं अपितु माता की प्रतिष्ठा दी गई है यही सनातन धर्मी हिंदुओं की पवित्र भावना है, आस्था है। इसी धार्मिक आस्था हेतु संविधान एवं कानून में गाय को राज्य सूची से हटाकर केंद्रीय सूची में डालकर गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने तथा गौहत्या मुक्त भारत बनाने के लिए संपूर्ण भारत में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन चलाया जा रहा है।

स्वतंत्रता प्राप्त से ही निरन्तर गौमाता की प्रतिष्ठा एवं रक्षा के प्रयास होते रहे है जिसमें 1966 के बाद सम्राट यतिचक्रचूडामणि पूज्य करपात्री जी महाराज जी के नेतृत्व में हुआ प्रचलित गौरक्षा आंदोलन है जिसके लिए हजारों गौभक्तों का बलिदान हुआ था। इसी क्रम में गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाकर गोहत्या मुक्त भारत बनाने हेतु परम गोभक्त पूज्य गोपाल मणि जी ने गौ प्रतिष्ठा आंदोलन का नेतृत्व कर देशभर में इसे जीवन्त रखा तथा इस पवित्र अभियान में चारो पीठों के जगद्गुरु शंकराचार्यों का आशीर्वाद प्राप्त किया। चारो पीठों के पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्यों द्वारा अभिषिंचित एवं समर्थित गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने एवं गौहत्या बंदी कानून हेतु देश में गौ संसद का आयोजन हुआ जिसमें रामा गौ प्रतिष्ठा संहिता बिल सहित 42 बिंदु का धर्मादेश भी पारित किया जा चुका है । गौ प्रतिष्ठा के इस अभियान को प्रज्वलित करने हेतु गौ घृत की ज्योति को प्रकाशित कर ज्योतिर्मठ के परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज जी ने इस आंदोलन का निर्देशन कर रहे है जिन्होंने 14 मार्च से लेकर 28 मार्च 2024 तक नंगे पैर पदयात्रा गोवर्धन से दिल्ली तक भी की है। पूज्य जगद्गुरू ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य जी के निर्देशन में आज गौ प्रतिष्ठा का अभियान निरन्तर देशभर में गतिमान है जिन्होंने इस संवत्सर को गौ संवत्सर के रूप में घोषित भी किया है।

पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपूर्ण भारत में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के अंतर्गत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा दिनांक 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होनी निश्चित हुई है जो भारत के समस्त 37 प्रदेशों की राजधानियों तक जाएगी तथा वहां एक गो ध्वज की स्थापना की जाएगी। गो प्रतिष्ठा आंदोलन के संयोजक पूज्य गोपाल मणि जी महाराज भी पूरे समर्पण और शक्ति के साथ यात्रा की सफलता हेतु प्राण-प्रण से शंकराचार्य जी के साथ हर कदम में साथ रहेंगे। प्रत्येक राज्य की राजधानियों में विशाल गो प्रतिष्ठा सम्मेलन का दिव्य भव्य आयोजन होगा जिसका श्रीगणेश गोरक्ष, गोभक्त भगवान श्रीराम जी की राजधानी अयोध्या से होगा जहां भगवान रामलला के रूप में विद्यमान हैं जहां से यह पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर होते हुए 26 अक्टूबर को देश की राजधानी दिल्ली में होगी। पूज्य जगद्गुरू शंकराचार्य जी द्वारा समस्त भारत के प्रखर गोभक्तों को सम्मानित भी किया जाएगा।

झारखंड की राजधानी रांची में पूज्य शंकराचार्य जी 5 अक्टूबर को सुबह 9 बजे शिला सदन , देवी मंडप ,रातू रोड में आएंगे उसके बाद 11 बजे से मीनाक्षी गली रातू रोड से पहाड़ी मंदिर तक शोभायात्रा यात्रा करते हुए 11.30 में पहाड़ी मंदिर में उनका भव्य स्वागत के साथ गौ ध्वज का स्थापना किया जाएगा एवं 11 बजे दोपहर से रानी सती मंदिर में सभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वो अग्रिम यात्रा हेतु ओडिशा को प्रस्थान करेंगे।

इस गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा का लक्ष्य संपूर्ण भारत में गो प्रतिष्ठा आंदोलन हेतु समस्त राष्ट्र के गोभक्त हिन्दुओं को जागृत कर एक सूत्र में पिरोने का है तथा गोमाता की दुर्गति , गो हत्या के कलंक को मिटाकर कर, पशु के अपमान से हटा कर राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाना है।

इस गो ध्वज स्थापना पद यात्रा का सूत्रवाक्य है : गौ माता, राष्ट्र माता - राष्ट्र माता, भारत माता

इस ऐतिहासिक यात्रा को सफल बनाने के लिए ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के प्रतिनिधि एवं यात्रा के संयोजक ब्रह्मचारी मुकुंदानंद जी तथा सह- संयोजक गोभक्त विकास पाटनी जी, प्रदेश यात्रा संयोजक श्री प्रकाश पांडेय जी, प्रादेशिक आयोजक - श्री विज्ञान सिंह , रानी सती मंदिर के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान जी एवं भानु जालान जी , पहाड़ी मंदिर से राजेश साहू , बादल सिंह एवं तमाम सनातनी भक्त जोर-शोर से लगे हुए हैं।

## विद्युत पावर सब स्टेशन बरकट्ठा में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा विद्युत पावर सब स्टेशन में समारोह आयोजित कर बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस मौके पर जेबीभीएनएल रांची के एई विजय कुमार घोष, बरही एई केएम हेस्सा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष कुद्दूश अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव मौजूद थे।शिविर में मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के अंतर्गत विद्युत विपत्र माफी के 350 लाभुकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के 28,196 लाभुकों का बिजली बिल का कुल 45,67,53,577 रूपये बिजली बिल माफ़ हुआ है। इस अवसर पर चौपारण एई केडी प्रजापति, जेई बरकट्ठा अभिषेक आनंद,ओमकार जायसवाल, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, विद्युत कर्मी कौलेश्वर प्रसाद, निजाम अंसारी, हेमंत कुमार, अमजद, संतोष, विजय, सुरेश, राहुल, लक्ष्मण समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूजन शुरू,वैदिक मन्त्रोच्चारण से गूँजमान हुआ क्षेत्र

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडालों से नवरात्र के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाला नवरात्र पूजन आज से शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण व देवी गीतों से पूरा क्षेत्र भी गूँजमान हो गया है। विश्रामपुर नप मुख्यालय के गढ़ मुहल्ला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी पूजा पंडाल,बाजार मुहल्ला नवयुवक संघ पूजा पंडाल,सोरडीहा अदर्शकला केंद्र पूजा पंडाल,नावाडीह कला नवयुवक संघ देवी धाम पूजा पंडाल,जागृति युवा क्लब पूजा पंडाल,हिंदुत्व संघ पूजा पंडाल,कविलाशी सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूजा पंडाल,पांडेपुर माँ शेरावाली पूजा पंडाल,बी मोड़ माँ शेरावाली क्लब पूजा पंडाल,डंडिला खुर्द नवयुवक संघ पूजा पंडाल,जय माँ भवानी संघ दुर्गा पूजा पंडाल,मल्लाह टोली युवा जागृति संघ पूजा पंडाल,बघमनवा,लालगढ़,पंजरी कला,गुरहा कला,सिगसिगी सहित सभी पूजा पंडालों से कलश शोभा यात्रा निकाला गया। नजदीक के नदियों में जाकर कलश में जल भरा गया। उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना करायी गयी। विभिन्न जगहों पर कलश शोभा यात्रा के मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी



सोमा खण्डेत,समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले,नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम,निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी,समाजसेवी विजय कुमार रवि,भाजपा नेत्री किरण देवी,सुनील कुमार चौधरी,युवा समजसेवी मनीष कुमार,मुकेश कुमार चौधरी,संतोष चौधरी,दिनेश चंद्रवंशी,राकेश केशरी,जयंत चौहान,आनंद चंद्रवंशी,गजेंद्र चंद्रवंशी,शशिभूषण चंद्रवंशी,दिलीप चंद्रवंशी,राहुल देव वर्मन सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुये।

## आजसू पार्टी के द्वारा चुल्हा प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया गया

तमाड़ - तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह मैदान में आजसू पार्टी के द्वारा चुल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।सरकार की गलत नीतियों की वजह से नौजवानों के सामने बेरोजगारी एक विकराल समस्या बन गई है और उससे बड़ी समस्या यह है कि रोजगार देने के नाम पर युवाओं को सिर्फ ठगने का काम किया है। सरकार जनता का सम्मान नहीं अपमान कर रही है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सलगाडीह इंटर कॉलेज मैदान में कार्यक्रम के दौरान कही। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के हज़ारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की।पिछले पांच वर्षों में तमाड़ में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। सरकार को जनता की चिंता नहीं है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद यहां के अन्नदाताओं को सरकार सिंचाई की उचित व्यवस्था कराने में विफल रही है। वनों में रहने वाला हमारा परिवार आज भूमि पट्टा के लिए आंदोलन करने को बाध्य है लेकिन उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं है। वन को आजिविका का आधार बनाने की दिशा में भी कोई काम नहीं हुआ है।हमारी तैयारी तमाड़ विधानसभा को विकास के रास्ते पर ले जाने और हर खेत तक पानी की व्यवस्था कराने की है। सरकार ने हमारे परिवार को मजबूर कर दिया है हम उन्हें मजबूत करना चाहते हैं। हम सामाजिक ताने बाने को अक्षुण्ण रखते हुए हर परिवार को समान अवसर



देने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम राजनीति को राज करने का नहीं सेवा करने का माध्यम समझते हैं। जनता की हर समस्या का समाधान करना हमारा राजनीतिक दायित्व है।इस अवसर पर वरीय नेता सिंह राय टुटी, जिप सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य, सुधा मुण्डू, जिप सदस्य विजय सिंह मानकी, राम दुर्लभ सिंह मुण्डा, केशव चंद्र महतो, हिरालाल दास, गंजल ईकिर मुण्डा, रमेश भगत, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, सिद्धार्थ साहू, हरदेव महतो, अनिल महतो हरिहर महतो, उमेश नायक, राधिका देवी, सुनिता देवी, सुमित्रा देवी, राजकिशोर कुशवाहा, योगेश्वर महतो, कालीपद महतो, भयभंजन महतो, संजय महतो, संतोष महतो, दुबराज महतो, दिनेश प्रमाणिक इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एनजीओ संघ के झारखंड प्रदेश कमेटी का हुआ बैठक




रांचीः राष्ट्रीय एन.जी.ओ.संघ के झारखंड प्रदेश कमेटी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रेश प्रजापति (उत्तर प्रदेश)के निर्देशानुशार झारखंड प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष सुभाष कुमार जी के अध्यक्षता में लोवाडीह,नामकुम, इंडस्ट्रीयल एरिया कार्यालय में संपन्न हुआ।इस बैठक में झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष मानव कुमार (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अंतरर्राष्ट्रीय सामाजिक सहारा),प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कुमार,(राष्ट्रीय अध्यक्ष,जागृत सिद्धार्थ फाउंडेशन), प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद कामरान अहमद,(राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व इंडिया ग्रुप), प्रदेश महासचिव रंजीत उपाध्याय (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भविष्य फाउंडेशन ट्रस्ट ), प्रदेश सचिव सूमीर कुमार (राष्ट्रीय अध्यक्ष,प्रज्वलित बिहार), प्रदेश कानूनी सलाहकार अजीत कुमार सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष,ब्रहतर अखंड भारत नवनिर्माण सेना) एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच) उपस्थित थे। बैठक मे सभी पदाधिकारी ने महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर अपने अपने विचार प्रकट एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही इस बैठक में झारखंड राज्य के सभी 24 जिला के जिला कमेटी का गठन एवं गरीब,जरूरतमंद,असहाय लोगों को सहायता पहुंचाने एवं उनके बीच भोजन,गर्म कपड़ा, कंबल आदि वितरण करने का निर्णय लिया गया।

## ओरमांझी बिरसा जू के अधिकारीयों एंव कर्मचारियों ने प्रभात फेरी निकाली




ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी बिरसा जैविक उद्यान में बुधवार क्रो वन प्राणी सप्ताह का शुभारंभ किया गया, जिसकी शुरुआत प्रभात फेरी से किया गया,प्रभात फैली बिरसा जैविक उद्यान से निकलकर औरमांझी के लाल बहादुर शास्त्री चौक तक गई,और पुनः उद्यान लौट गई, इस दौरान कर्मी हाथों में बैनर पोस्टर लिए हुए थे, और लोगों से स्वच्छता की प्रति जागरूक रहने की अपील कर रहे थे, वहीं प्रभात फेरी के दौरान पशु पक्षियों के रख रखाव की प्रति जागरूक किया गया, इस अवसर पर उद्यान के डॉक्टर ओम प्रकाश साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बिरसा जैविक उद्यान में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें मुख्य कार्यक्रम स्कूली बच्चों का प्रतियोगिता होता है. जिसमें क्षेत्र के स्कूलों के बच्चे शामिल होते हैं जिसका लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताहोती है,और विजेता प्रतिभागियों को उद्यान प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया जाता है, 4 अक्टूबर एवं 8 अक्टूबर को अगला कार्यक्रम आयोजित होगी, इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरसा जैविक उद्यान के मुख्य वन संरक्षक सह निर्देशक जब्बर सिँह, सहायक मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार सिंह उद्यान के डॉक्टर ओम प्रकास साहू,वन क्षेत्र पदाधिकारी राम बाबू कुमार,वन क्षेत्र पदाधिकारी जैविक उद्यान गायत्री देवी,जीवन वृज्ञानिक विवेकानंद कुमार,मंडल जीव वैज्ञानिक पार्थो सारथी,लेखा पाल आसिफ खान,वन रक्षी राकेश अवस्थी,मुकेश कुमार,ललन कुमार अमित कुमार,शशि कुमार सिँह सहित उद्यान के सैकड़ो कर्मी मौजूद थे।

## सप्तमी को होगा भुताहा तालाब दुर्गा पूजा समिति का उद्घाटन




रांची : श्री दुर्गा पूजा समिति, भुताहा तालाब रांची हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया एवं महामंत्री प्रिंस मेहता ने कहा की पूजा पंडाल का 9 अक्टूबर बुधवार को उद्घाटन किया जाएगा। सुबह सात बजे नवपत्रिका प्रवेश, सर्ववेदी पूजन करने के बाद प्रातः 10:00 बजे श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक, संरक्षक मंडली, अध्यक्ष, महामंत्री एवं दुर्गा पूजा के भी सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया की आज कलश स्थापना सुबह 8:40 के बाद गौरी पूजन, गौरी गणेश पूजन एवं दुर्गा सप्तशती पाठ के बाद दुर्गा पूजा नवरात्री का शुभ प्रारंभ किया गया। यह जानकरी दुर्गा पूजा समिति के कार्यकरणी अध्यक्ष राहुल सिंह एवं प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

## रांची के रातू रोड में श्रीलेदर्स का तीसरा शोरूम खुला

रांची : 70 वर्षों से भारतीय फुटवियर उद्योग में अग्रणी, श्रीलेदर्स ने 4 अक्टूबर, 2024 को रांची शहर के रातू रोड में हेहल पिस्का मोड़ स्थित अपने तीसरे शोरूम के लॉन्च की गर्व से घोषणा की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीलदर्स के पार्टनर सुशांतो डे , पुजारिणी डे, सौरभ विश्वास , रातु रोड रांची स्थित नए शोरूम के संचालक रवि सिंह और झारखंड फेमिना की विजेता रिया तिर्की ने संबोधित करते हुए श्रीलदर्स के प्रोडक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड, बिहार और उड़ीसा में कई स्टोरों की सफल शुरुआत रणनीतिक विस्तार है जिससे इस क्षेत्र में श्रीलेदर्स का प्रभुत्व मजबूत हुआ।

1952 में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे द्वारा स्थापित, श्रीलेदर्स ने लगातार किफायती कीमतों पर आरामदायक जूते उपलब्ध कराए हैं। गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति ब्रांड की अटूट प्रतिबद्धता ने इसे एक वफादार ग्राहक आधार और आरामदायक और स्टाइलिश जूते के साथ-साथ चमड़े के सामान में एक महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी अर्जित की है। एक विश्व स्तरीय उत्पाद पोर्टफोलियो का अनावरण श्रीलेदर्स के इस नए शोरूम में किया गया ।

रांची शहर के रातू रोड पर हेहल पिस्का मोड़ स्थित नया शोरूम में जूते की किफायती रेंज ,प्रीमियम जूते,चमड़े का सामान , बैग ,यात्रा बैग




,खेल के जूते व एक्टिववियर की व्यापक रेंज प्रदर्शित करेगा ।

किफायती कीमतों पर,श्रीलेदर्स की नवीनतम श्रेणी, एसएल प्रीमियम को खुदरा और ऑनलाइन ग्राहकों से अच्छी समीक्षा मिली है। पार्टनर शेखर डे ने जोर देकर कहा, "फ्रेंचाइजी को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।"

भविष्य के लिए नवप्रवर्तन -

पार्टनर और तीसरी पीढ़ी के परिवार के सदस्य, सुशांतो डे ने ब्रांड के दृष्टिकोण का खुलासा किया: "हम विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले खेल के जूते पेश कर रहे हैं, जिसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लिए एक अलग लाइन है। विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, जबकि जेब के अनुकूल कीमतें सुनिश्चित करना।" एसएल स्पोर्ट्स ब्रांड एक्टिव वियर और स्पोर्ट्स जूतों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

श्रीलेदर्स के आक्रामक विस्तार योजनाएँ

आंध्र प्रदेश के विजाग में अपना पहला शोरूम लॉन्च किया ,

इस त्योहारी सीजन में रातू रोड रांची और झारखंड के गिरिडीह में नए शोरूम खोलें ,

रणनीतिक फ्रेंचाइजी साझेदारी के माध्यम से पूर्वी भारत में उपस्थिति को मजबूत किया ,

ग्राहक निष्ठा की विरासत -

श्रीलेदर्स दो पीढ़ियों से चली आ रही वफादारी के साथ एक मजबूत ग्राहक-कनेक्शन का गर्व से दावा करता है। ब्रांड की सफलता का श्रेय उसकी फ्रैंचाइज़ी रणनीति और सितंबर 2020 में उसकी वेबसाइट - www.sreeleathersonline.com के लॉन्च को दिया जा सकता है, जो ऑनलाइन व्यवसाय में उसके प्रवेश का प्रतीक है।

## प्रवीण सेवा संस्थान के पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन



जमशेदपुर । आदित्यपुर स्थित प्रवीण सेवा संस्थान के भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन जमुई की विधायक सह निशानेबाजी में गोल्ड मेडलिस्ट श्रेयसी सिंह और ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाएं, और सम्मान दें। साथ ही माता दुर्गा की अर्चना करें। नारी सिर्फ माता ही नहीं है बल्कि यह रौद्र रूप भी धारण कर सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड में कोई फर्क नहीं है। वह दोनों को बराबर मानती हैं। बिहार के साथ उन्हें झारखंड भी प्यारा लगता है। श्रेयसी सिंह के पिता दिग्विजय सिंह भी इस पूजा पंडाल का पूर्व में उद्घाटन कर चुके हैं पर वे आज दुनिया में नहीं रहे। विधायक श्रेयसी ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि उनसे सीख मिली थी कि जब आप आगे बढ़ रहे हैं तो गांव, समाज और घर को भी साथ लेकर चलें। दुर्गा माता के दर्शन करने देर रात पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी पहुंचे। पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने अर्जुन मुंडा का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पंडाल उद्घाटन समारोह में शिरकत करने वाले थे, लेकिन हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के चलते ये देर रात पहुंचे थे। श्री मुंडा ने भव्य पूजा पंडाल का घूम कर अवलोकन किया और कारीगरी को सराहा । अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रवीण सेवा संस्थान का यह दुर्गा पूजा पंडाल शक्ति और शांति का संदेश दे रहा है। एक और जहां नवरात्र में हम शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं । दूसरी तरफ भगवान गौतम बुद्ध के जीवनी पर आधारित पूजा पंडाल सद्भाव, शांति का प्रतीक है । अर्जुन मुंडा ने कहा कि शांति और शक्ति यह दोनों ऐसी चीज है जो हर एक राष्ट्र हर एक व्यक्ति में समान रूप से होनी चाहिए। वहीं इंचागढ़ के पूर्व विधायक और प्रवीण सेवा संस्थान पूजा समिति के संरक्षक अरविंद सिंह ने कहा कि आज पवित्र दिन है। गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती है। साथ में गौतम बुद्ध की भी जयंती है। तीनों अहिंसा के पुजारी थे। उनके नीति-सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने लोगों को दुर्गापूजा की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन से पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के संताल से लेकर पुरुलिया तक का नृत्य देखने को मिला। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

## तहफ्फुज ए औकाफ कान्फ्रेंस से मुसलमानों ने वक्फ संसोधन बिल 2024 का बायकाट किया

ओरमांझी(मोहसीन आलम):तहफ्फुज ए औकाफ कान्फ्रेंस इरबा में मुसलमानों ने पूरी तरह से वक्फ संसोधन बिल 2024 का बायकाट किया।एक आवाज में मुसलमानों ने इस बिल को रद्द करने की मांग की दी। अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी सेक्रेटरी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व सज्जादा नशीं खानकाह रहमानी मुंगेर की अध्यक्षता में झारखंड के मुसलमानों ने शिरकत कर वक्फ संसोधन बिल 2024 को रद्द करने तक संघर्ष करने का ऐलान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमीर ए शरीयत ने कहा कि इस बिल को पूरी तरह हम खारिज करते हैं।यह बिल मुसलमानों के लिए कहीं से भी सही नही है। अमीर ए शरीयत हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी ने कहा कि वक्फ बिल के हम सब पुरजोर विरोध करते है। ये बिल फंडामेंटल राइट्स के खिलाफ है। कोई भी कानून प्रॉबलम को हल करने के लिए बनाई जाती है, लेकिन यह बिल वक्फ की जमीन अधिग्रहण लिए है। आखिर में अमीर ए शरीयत ने कहा कि जल्द ही झारखंड में रहमानी 30 सेंटर खोलेगा। अमीर ए शरीयत ने अपने कम वक्त में बहुत ही महत्वपूर्ण बातें की और मुसलमानों को वक्फ संसोधन बिल 2024 की कुछ खास




बातें भी बताई।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शहाब आर्यन ने की। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत कारी जान मोहम्मद की तिलावत ए कुरान से की गई। कांफ्रेंस के कनवीनर सह कांग्रेस लीडर अनवार अंसारी ने अपने स्वागतीय भाषण में आए हुए तमाम लोगो का स्वागत किया और कहा कि केंद्र सरकार मुसलमानो के मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार को छीनना चाहती है। इस बिल में कई ऐसे धाराएं है जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। वक्फ संशोधन बिल वक्फ प्रणाली को कमज़ोर करने, मुस्लिम समुदाय को हाशिए में लाने, धार्मिक अधिकारों को खत्म करने के लिए है। आइए हम सब न्याय, निष्पक्षता और संवैधानिक अखंडता के मूल्यों को बनाए रखें और विभाजनकारी विधायक को अस्वीकार करें। वहीं जेपीसी के सदस्य सह सांसद डॉक्टर सैयद नासिर हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि एक साथ मिलकर भाजपा से लड़ाई लड़ना होगा। मॉबलिंचिंग में दूसरे लोगों को मुआवजा दिया जाता है तो मुसलमानो को देने में देर क्यों। हम झारखंड सरकार से और इरफान अंसारी से कहते है की दस दिनों के अंदर हज कमिटी का गठन हो। कांग्रेस के समय में ही सच्चर कमेटी की सिफारिश आई उसके बाद तुरंत केंद्र में भाजपा की सरकार आ गई इसलिए काम न हो सका। लेकिन जहां-जहां कांग्रेस है वहां सच्चर कमेटी पर काम हो रहा है। हमारे नेता राहुल गांधी जी ने नारा दिया है जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। इसलिए झारखंड विधानसभा चुनाव में हिस्सेदारी मिलेगी, आप लोग एक साथ मिलकर काम करें। हम आप लोगों से अपील करते हैं कि आप कांग्रेस, झामुमो, राजद और गठबंधन की सरकार बनाये गठबंधन को मजबूत कीजिए। वहीं सांसद सह सदस्य जेपीसी मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि भापजा हमेशा हिंदू मुस्लिम में तोड़ पैदा करना चाहती है, लेकिन कभी कमियाब नही होगी। एक मुद्दा खत्म होता है तो दूसरा मुद्दा लाकर खड़ा कर देती है। भाजपा देश से मोहब्बत नहीं देश को बर्बाद करना चाहती है। झारखंड और देश के लोगो को जागरूक होने की जरूरत है। सच और झूठ की लड़ाई है। वहीं झारखंड सरकार के मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा साजिश करने से पीछे नहीं हट रही। जान बुझ कर देश में अशांति पैदा करना चाहती है। इस बिल के खिलाफ़ हम आवाज उठाएंगे और तेलंगाना के तरह इस बिल के खिलाफ झारखंड में काम करेंगे। मुख्यमंत्री से इस संबंध में बात करेंगे। वहीं सांसद सह जेपीसी सदस्य इमरान मसूद ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ की लड़ाई नहीं बल्कि संविधान बचाने की लड़ाई है। भाजपा के केंद्र सरकार वक्फ की जमीन पर कब्ज़ा करना चाहती है यानी अपने लोगो को फायदा पहुंचाना चाहती है। हम इस बिल के खिलाफ़ लड़ाई लड़ेंगे। वहीं सीनियर कांग्रेसी लीडर मंजूर अहमद अंसारी ने कहा कि गठबंधन के साथ मुसलमान खड़ा है, लेकिन मुसलमानों को मिला किया? हम वोट किस मुंह से मांगने जायेंगे, गठबंधन सरकार ने मुसलमान के लिए किया किया। ऐसा नहीं चलेगा।वहीं ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि हम वादा करते है कि इस बिल को नही लाने देंगे, मजबूती से लड़ेंगे। अभी अयोध्या ट्रस्ट बनाया गया उसमे एक भी मुसलमान को नही रखा गया। तो वक्फ ट्रस्ट में हिंदू भाई को लाने की किया जरूरत। कियू हिंदू मुस्लिम को लड़ाना चाहते हैं। तिलंगाना सरकार की तरह झारखंड में भी काम होगा। दस जून के घटना में बे गुनाह लडको को परेशान किया जा रहा है। अब यह नहीं होगा।। वहीं बिहार के पूर्व मंत्री जावेद इकबाल अंसारी ने कहा कि आज जरूरत है एक दूसरे के साथ मिलकर चलने की। सचर कमिटी की रिपोर्ट कांग्रेस के समय में आया तो फिर लागू कियू नही किया। हमने तो हमेशा कांग्रेस को वोट किया है लेकिन मिला किया?। वहीं राज्य कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मैनुरेटी के हित के लिए लड़ाई लड़ी है। कांग्रेस पार्टी इस बिल के खिलाफ़ में आवाज बुलंद कर रही है। वहीं पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मंजूर अंसारी, अनवार अंसारी गुदड़ी के लाल है। वक्फ पर इतना अच्छा कोई शिक्षक नहीं समझा पाता जितना अच्छा अमीर ए शरीयत मौलाना फैसल वली रहमानी ने समझाया। भाजपा के आंख में चुभ रही है वक्फ की ज़मीन। इस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री फुरकान अंसारी, विधायक राजेश ठाकुर, एआईसीसी के सचिव पर्नब झा, वक्फ बोर्ड के इबरार अहमद, मौलाना सैयद तहजीबुल हसन, अल्पसंख्यक आयोग के वारिश कुरैशी, डॉक्टर तौषीफ, नसीम अहमद, खुर्शीद हसन रूमी, सैयद नेहाल अहमद, जावेद अहमद, इश्तियाक अहमद, मौलाना साबिर, शरीफ अंसारी, मौलाना आफताब आलम नदवी, हसीब अंसारी, मुफ्ती क़मर आलम कासमी, सैयद शाहरुख हसन रिजवी, समेत झारखंड के हर जिला से आए हुए सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## एटीएम काटकर रुपये चुरानेवाले 5 अपराधी गिरफ्तार, बिहार व हरियाणा का गिरोह शामिल



रांचीः एटीएम काटकर रुपये की चोरी करने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. एसपी अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हरियाणा का रहने वाला आसिफ और बिहार का रहने वाला असलम मियां, अविनाश गिरी और गुड्डू सिंह शामिल है. इनके पास पुलिस ने चार कार, चोरी का 1.70 लाख रूपया और छह मोबाइल फोन बरामद किया. गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसपी ने बताया कि 23 अगस्त को रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित वी मार्ट के पास भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम काटकर रुपया चोरी की घटना को अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया था. एसपी ने बताया की कांड की गम्भीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एक पुलिस टीम का गठन किया गया. जिसके बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ के क्रम में इनके द्वारा दूसरे राज्यों के कई थानों में दर्ज कांडों में अपनी संलिप्ता बतायी गई.

## मेकॉन क्रिकेट टीम का 15 व 16 अक्टूबर को दो दिवसीय चयन ट्रायल

रांचीः मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा सत्र 2024-25 के लिये मेकॉन क्रिकेट टीम के चयन के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है. 15 और 16 अक्टूबर को आयोजित चयन ट्रायल मेकॉन स्टेडियम में आयोजित होगा. मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पी के दास ने बताया कि मेकॉन स्टेडियम में सुबह 9 बजे से चयन ट्रायल होगा, जिसमें महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला और राज्य स्तरीय खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं. खिलाड़ियों की उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए. चयनित खिलाड़ियों को स्टाइपेंड दी जायेगी. ट्रायल में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को 15 अक्टूबर को मेकॉन स्टेडियम में सुबह 8.30 बजे मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के क्रिकेट विंग के सचिव विकास कुमार सिंह को रिपोर्ट करना है.

## किशोरगंज में स्पा सेंटर में पुलिस ने की छापेमारी




रांचीः सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड के किशोरगंज स्थित स्पा सेंटर में पुलिस ने छापेमारी की है. गुरुवार को पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए स्पर्श सलून एंड स्पा में छापेमारी की. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का करोबार संचालित हो रहा है. जिसके बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की. इस दौरान पुलिस को देखकर स्पा सेंटर में काम करने वाली युवती ने बिल्डिंग छलांग लगा दी, हालांकि उसे कुछ हुआ नहीं. पुलिस लड़की से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है.

## चेक बाउंस कराने वाले राजन को 50 लाख का जुर्माना, एक साल की सजा

रांचीः रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के केस में आरोपी पंडरा निवासी राजन भारद्वाज को दोषी पाते हुए उसपर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. साथ ही अदालत ने राजन को एक साल कैद की सजा भी सुनाई है. सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी की एक अदालत ने यह फैसला सुनाया है. राजन के खिलाफ 3 मई 2019 को चेक बाउंस का मुकदमा किया गया था. मनोरंजन झा ने राजन के खिलाफ चेक बाउंस का केस किया था.

## एनडीआरएफ जवान का शव पेड़ से लटका हुआ मिला

रांची : एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में एक जवान का शव पेड़ से लटका हुआ बरामद हुआ है. एयरपोर्ट थाना क्षेत्र स्थित पोखर टोली मैदान में गुरुवार को इमली के पेड़ से लटका हुआ शव मिला. शव की पहचान जय लकड़ा के रूप में हुई है. वह एनडीआरएफ का जवान था. मूल रूप से वह छत्तीसगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है. गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने पेड़ से लटका हुआ शव देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. प्रथम दृष्टिया आशंका जताई जा रही है कि जवान ने पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली है. हालांकि पुलिस हत्या-आत्महत्या को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी हुई है.

## 4-5 अक्टूबर से रांची में छाए रहेंगे आंशिक बादल

मौसम विभाग ने कहा है कि रांची में 4 अक्टूबर से आंशिक बादल छाए रहेंगे. अधिकतम तापमान 31 डिग्री से घटकर धीरे-धीरे 29 डिग्री पर आ जाएगा. 5 अक्टूबर को गरज के साथ वर्षा होने की भी संभावना है. इसके बाद रांची के अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी.

### गरज के साथ बारिश होने की संभावना

अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है. 5 अक्टूबर को गरज के साथ बारिश भी हो सकती है. इसके बाद रांची के अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी. 6 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड और 7 अक्टूबर को 29 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है. न्यूनतम तापमान 6 और 7 अक्टूबर को 23 डिग्री सेंटीग्रेड रह सकता है.

## रांची ट्रैफिक पुलिस ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



रांची : राजधानी रांची के ट्रैफिक पुलिस ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है. यह मामला कांटाटोली चौक का है. कांटाटोली चौक में एक महिला का बैग गिर गया था, जिसमें 1200 रुपए के अलावा और भी कई सामान थे. कांटाटोली चौक के ट्रैफिक एएसआइ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने काफी खोजबीन कर महिला को ढूंढा और फिर उसका बैग लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की. महिला अपना बैग पाकर काफी खुश हुई और ट्रैफिक के जवानों को धन्यवाद के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं दीं.

# पांच-छह अक्टूबर को राष्ट्रीय सम्मेलन गैस्ट्रोकॉन-24 का आयोजन, शिरकत करेंगे 200 से ज्यादा डॉक्टर

रांचीः डोरंडा स्थित जैप-1 ऑडिटोरियम (शौर्य सभागार) में पांच-छह अक्टूबर को इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन गैस्ट्रोकॉन-24 का आयोजन किया जा रहा है. सम्मेलन में झारखंड के अलावा देशभर के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट भाग लेंगे. अलग-अलग राज्यों से 200 से ज्यादा एक्सपर्ट इसमें शिरकत करेंगे. गुरुवार को प्रेस क्लब में ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोहर लाल प्रसाद और ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. प्रणव मंडल, को-चेयरमैन डॉ. जयंत घोष ने बताया कि गैस्ट्रोकॉन-24 में पेट, लीवर, आंत जैसे रोगों के बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी. किस बीमारी के इलाज में क्या-क्या नई एडवांस तकनीक आयी है, हम



चिकित्सक मरीजों को कैसे और बेहतर चिकित्सा सुविधा दे सकें, इस पर आपस में जानकारी साझा करेंगे. कौन सी चिकित्सा पद्धति का इस्तेमाल दूसरे राज्यों में एक्सपर्ट डॉक्टर कर रहे हैं, झारखंड में किन एडवांसमेंट को एडॉप्ट कर यहां के मरीजों का अच्छा इलाज किया जा सके, इस पर हमारा फोकस होगा. डॉ. मनोहर लाल ने बताया कि मोटर डिस्फेजिया (खाना घोटने में दिक्कत), पैनक्रियाटाइटिस, लीवर ट्रांसप्लांट, पेट में पानी भर जाने पर नया इलाज क्या है, हेपेटाइटिस बी के बारे में नए इलाज आदि की जानकारी आपस में साझा की जाएगी. मौके पर डॉ. प्रणव कुमार मंडल, डॉ. मनोहर लाल प्रसाद, डॉ. जयंत घोष, डॉ. रवीश रंजन, डॉ. चंदन यादव, डॉ. संगीत सौरभ, डॉ. सतीश मिड्ढा, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. अनिकेत अग्रवाल और डॉ. अंतरिक्ष कुमार मौजूद थे.

### कॉन्फ्रेंस में देशभर के एक्सपर्ट डॉक्टर्स लेंगे हिस्सा

सम्मेलन में दिल्ली से डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. पीयूष रंजन, डॉ. विकास सिंघला, चंडीगढ़ से डॉ. एसके सिन्हा, कोलकाता के डॉ. संदीप पाल, आईएलबीएस नई दिल्ली के डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अमर मुकुंद, हैदराबाद के डॉ. जीवी राव, डॉ. कपिल शर्मा समेत अन्य एक्सपर्ट डॉक्टर बतौर वक्ता हिस्सा लेंगे. कांफ्रेस के दौरान लाइव सर्जरी के साथ-साथ बिहार-झारखंड के चिकित्सक पेट, आंत-लीवर की बीमारियों पर अपनी महत्वपूर्ण केस स्टडी और विशेष शोध प्रस्तुत करेंगे. कांफ्रेस में पहली बार लाइव वर्कशॉप का आयोजन होगा, जिसमें बिना चीर-फाड़ के एंडोस्कोपिक पद्धति द्वारा खाने में होनेवाली दिक्कत से संबंधित बीमारी, एक्लासिया कार्डिया का ऑपरेशन, पैंक्रियाज से संबंधित बीमारी, पैंक्रिएटिक सिंडोसिस्ट का ड्रेनज, ईआरसीपी द्वारा पित्त की नली के बड़े-बड़े स्टोन का स्पाई ग्लास द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा. साथ ही पीजी स्टूडेंट्स की बेहतर भागीदारी व ज्ञानवर्धन के लिए गैस्ट्रोक्विज और पोस्टर प्रेजेंटेशन का भी आयोजन किया जा रहा है.

# बिजली कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

रांचीः ब्लैकआउट होने से झारखंड फिलहाल बच गया है. झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ से जुड़े बिजलीकर्मियों ने अपना हड़ताल समाप्त कर दिया है. जेबीवीएनएल मुख्यालय में निदेशक प्रमुख से हुई सकारात्मक वार्ता के बाद बिजलीकर्मियों ने शुरू हो रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस लेने की घोषणा की. इससे पहले जेबीवीएनएल मुख्यालय में संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में दस सदस्यीय शिष्टमंडल कार्यकारी निदेशक केके वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ वार्ता करने पहुंचे. वार्ता के दौरान संघ के द्वारा छह सूत्री मांग सौंपी गई. इस मौके पर कार्यकारी निदेशक केके वर्मा ने कहा कि एरियर बकाया और एजेंसी की मनमानी की शिकायत के लिए दो सदस्यीय जांच टीम बनाई जायेगी. इसके अलावे अन्य मांगों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में अगले महीने रखा जायेगा. ठेका पर काम कर रहे बिजलीकर्मियों की सेवा 60 साल करने सहित अन्य



प्रस्तावों पर केके वर्मा ने सहमति जताते हुए कहा कि उनकी ओर से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में समर्थन किया जायेगा. जेबीवीएनएल अधिकारियों के साथ वार्ता के बाद संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर एक महीने के अंदर फैसला नहीं लिया जाता है तो बिजली कर्मी हड़ताल करने के लिए विवश हो जायेंगे.

### नारेबाजी करते

### बिजलीकर्मी पहुंचे जेबीवीएनएल मुख्यालय

गुरुवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राज्यभर से आउटसोर्सिंग पर कार्यरत बिजली कर्मी जेबीवीएनएल मुख्यालय पहुंचे. संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जेबीवीएनएल मुख्यालय पहुंचे बिजलीकर्मियों ने इस दौरान अपनी छह सूत्री मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की. धुर्वा गोलचक्कर पर एकत्रित हुए आंदोलनरत बिजली कर्मी जैसे ही जेबीवीएनएल मुख्यालय की ओर बढ़े पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया. हालांकि जेबीवीएनएल कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंचने में बिजलीकर्मी सफल रहे और वहाँ जमकर नारेबाजी की. आंदोलनरत बिजलीकर्मी ठेका पर काम कराने की प्रथा को बंद करने तथा एंजेसी पर मानदेय का भुगतान नहीं करने का लगातार आरोप लगा रहे थे.

## झारखंड का कुख्यात सोना लुटेरा दिल्ली से गिरफ्तार, झारखंड पुलिस ने 25 हजार का रखा था इनाम

रांचीः झारखंड के कुख्यात सोना लुटेरा को छत्तीसगढ़ पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है. झारखंड पुलिस ने इस सोना लुटेरे पर 25 हज़ार रुपये इनाम की घोषणा कर रखी थी. झारखंड समेत अन्य राज्य की पुलिस लंबे समय से इसकी तलाश कर रही थी. गिरफ्तार कुख्यात सोना लुटेरा का नाम मोनू सोनी उर्फ बुक्की है और वह पलामू जिले का रहने वाला है. पुलिस ने उसके घर से दो बैग सोना भी बरामद किया है. मोनू सोनी झारखण्ड, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा में कई लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुका है. कुछ दिनों पहले पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में गुमला पुलिस के साथ मोनू सोनी और उसके गिरोह की मुठभेड़ हुई थी. इस



मुठभेड़ में मोनू सोनी के एक साथी को गोली भी लगी थी. उसने झारखण्ड की राजधानी रांची में लगातार तीन सोने की दुकानों में करोड़ों की लूट की थी. जमशेदपुर में भी लूट की घटना को अंजाम दिया था.

## बाबूलाल के सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

रांचीः झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के करीबी और उनके प्रेस सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्जफ्रेम किए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई.

## रांची पीएमएलए कोर्ट ने स्वीकार की पूजा सिंघल की याचिका

रांचीः रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने मनरेगा घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने की आरोपी निलंबित IAS अधिकारी पूजा सिंघल



की याचिका स्वीकार कर ली है. दरअसल पूजा सिंगल की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि ईडी के पास कई ऐसे दस्तावेज हैं, जो अनुसंधान के क्रम में जब्त किए गए हैं. लेकिन न्यायालय में दाखिल चार्जशीट में उन दस्तावेजों का जिक्र नहीं किया गया था. पूजा सिंघल की ओर से इन दस्तावेजों का अवलोकन करने की अनुमति मांगी गई थी. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है.

## नौ दिन एनजीटी की रोक हटेगी, फिर भी गहराया रहेगा बालू का संकट

रांचीः झारखंड में बालू उठाव पर लगी रोक 15 अक्टूबर के बाद से हट जाएगी. रोक हटने के बावजूद प्रदेश में बालू का संकट बना रहेगा. इसकी वजह यह है कि अब तक 444 बालू घाटों में से 328 बालू घाटों के माइनिंग प्लान को मंजूरी नहीं मिल पायी है. वहीं 400 से अधिक बालू घाटों को पर्यावरण स्वीकृति भी नहीं मिल पाई है. नियमतः बिना माइनिंग प्लान मंजूर किए और पर्यावरण स्वीकृति के बिना बालू का उठाव नहीं हो सकता है.

### कैसे मिलती है पर्यावरण स्वीकृति

पर्यावरण स्वीकृति लेने से पहले



ग्रामसभा से माइनिंग प्लान की मंजूरी लेनी पड़ती है. इसके बाद सिया के पास पर्यावरण स्वीकृति के लिए आवेदन देना होता है. पर्यावरण स्वीकृति मिलने के बाद बालू घाट से बालू उठाव के लिए कंसर्ट टू ऑपरेट (सीटीओ) मिलता है. अब तक सिर्फ 35 बालू घाटों को ही पर्यावरण स्वीकृति मिल पाई है. वहीं कटेगरी टू के बालू घाटों के लिए 256 एमडीओ चयनित किया गया है. 148 एमडीओ के साथ इकरारनामा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है.

### अब तक क्या हुई है बालू घाटों को देने की प्रगति

- 444 बालू घाटों में से 130 एमडीओ (माइंस डेवलपर ऑपरेटर) की हो चुकी है नियुक्ति
- 41 बालू घाटों का मामला है लंबित
- 242 एमडीओ के चयन की प्रक्रिया कर ली गई है पूरी
- 116 बालू घाटों के माइनिंग प्लान कर लिए गए हैं मंजूर
- 75 बालू घाटों का माइनिंग प्लान डीएमओ के पास मंजूरी के लिए है पड़ा।

## अध्यात्म और पर्यटन का अद्भुत संगम होगा महातीर्थ सतीघाट मंदिर : सुदेश महतो

रांची : आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि महातीर्थ सतीघाट मंदिर की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित किया जाएगा. सतीघाट मंदिर हमारी आस्था का बड़ा केंद्र है. आने वाले दिनों में महातीर्थ सतीघाट मंदिर अध्यात्म और पर्यटन का अद्भुत संगम होगा. वे गुरुवार को सोनाहातु के पांडुडीह गांव में स्थित महातीर्थ सतीघाट मंदिर निर्माण के लिए आयोजित भूमि व शिला पूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्नान घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया.

### महातीर्थ सतीघाट मंदिर का निर्माण सैंड स्टोन से होगा




महातीर्थ सतीघाट मंदिर का निर्माण सैंड स्टोन से होगा. यह खास सैंड स्टोन मिर्जापुर से मंगाए जाएंगे. 3.94 एकड़ में फैले मंदिर परिसर में दो तोरण द्वार, स्नान घाट, मेला के लिए मैदान, सेंट्रल प्लाजा, एमपी थियेटर, विभिन्न तरह की दुकानें, हॉल, पार्किंग, पार्क, सड़कें, पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाएगी.

## झामुमो कांके कमेटी ने खिलाड़ियों को जर्सी, महिलाओं क़ो साड़ी व चना वितरण किया

कांके(मोहसीनआलम) : झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखंड के द्वारा गांधी व शास्त्री जयंती पर क्षेत्र के खिलाड़ियों व महिलाओं के बीच जर्सी,साड़ी व चना का वितरण किया.जिसमे एक बालिका फुटबॉल टीम व चार पुरुष फुटबॉल टीम के अलावे समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 महिलाओं को लाल पाढ़ साड़ी का वितरण किया गया.कार्यक्रम में संग्राम पुर,पतरातु, होचर, बनहारा ,रेडों के ग्रामीण मौजूद थे.मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष झाबुलाल महतो,संगठन सचिव रंथू उरांव,उपाध्यक्ष बसंत महतो,युवा मोर्चा अध्यक्ष बिनोद मुंडा,संयुक्त सचिव मोती लाल




उरांव,कोषाध्यक्ष मोहन उरांव,मेसरा पंचायत अध्यक्ष बाबूलाल महतो,उपाध्यक्ष आगमलाल महतो,दिनेश लोहरा,बाबूलाल साहू,मुन्ना उरांव,राजू मुंडा, भक्तु उरांव,संजय मुंडा,मंगराज मिंज,अजय एक्का,निशु सोरेन,रीना कछप,शशि कछप, सीवन देवी, देवंती देवी,रिमनी देवी सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने मैक्लुस्कीगंज गया था युवक, 17 घंटे बाद मिला शव

रांची : मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के कुवांर पतरा चट्टीनदी से 29 वर्षीय छात्र आशुतोष सोनल हेरेंज का शव बरामद, यूडी के तहत मामला दर्ज. मैक्लुस्कीगंज में पिकनीक मनाने गए युवक के शव को 17 घंटे बाद बरामद किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार आशुतोष सोनल हेरेंज(मृतक) अपने अन्य चार दोस्तों( जिनमें बरियातू रांची निवासी 29 वर्षीय आकाशदीप डुंगडुंग, नामकुम रांची निवासी एलेन लेबलोंद उम्र 29, बेल बगान लोवाडीह रांची निवासी 29 वर्षीय अनुराग कुजूर व चुटिया रांची



निवासी राहुल कुमार शामिल हैं.) ये सभी रांची से मैक्लुस्कीगंज घूमने व पिकनिक मनाने के लिए गए हुए थे.

### काफी खोजबीन के बाद मिला शव

पिकनिक मनाने के बाद बुधवार को लगभग साढ़े तीन बजे के बाद आशुतोष सोनल हेरेंज पिकनिक स्पॉट से ही मिसिंग था. काफी खोजबीन के बाद दूसरे दिन गुरुवार को 17 घंटे बाद मैक्लुस्कीगंज पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय युवकों की मदद से आशुतोष सोनल हेरेंज का शव को नदी से बाहर निकाला गया. परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रांची भेज दिया. मामले को लेकर मैक्लुस्कीगंज थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है.

### वापस घर जाते हुए दोस्तों ने उसे खोजा लेकिन नहीं मिला आशुतोष

घटना के सम्बंध में मृतक के मित्र 29 वर्षीय आकाश डुंगडुंग ने बताया कि वह पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है. वह और आशुतोष सोनल हेरेंज(मृतक) पहली बार मैक्लुस्कीगंज आये थे. जबकि अन्य तीन दोस्त पहले भी मैक्लुस्कीगंज आ चुके हैं. बताया कि बुधवार को पांचो मित्र मैक्लुस्कीगंज पहुंचे, यहां पर एक अन्य मित्र निशित खलखो को लेकर सभी कुवांर पतरा स्थित चट्टीनदी पहुंचे. घूमने के बाद सभी ने मिलकर मुर्गा बनाया और साथ में खाया. इसी बीच निशित खलखो बाजार जाने की बात कह कर घर चला गया. संध्या लगभग चार बजे लौटने के क्रम में पांचो मित्र में एक आशुतोष नहीं था. काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला. इस बात की जानकारी मैक्लुस्कीगंज निवासी निशित खलखो व स्थानीय पुलिस को दिया गया. देर रात तक प्रशासन के प्रयास के बाद भी अशुतोष का पता नहीं चल सका. गुरुवार की सुबह एक बार पुनः चट्टीनदी जाकर जांच पड़ताल शुरू किया गया. इसी क्रम में स्थानीय युवकों के सहयोग से लापता छात्र आशुतोष सोनल हेरेंज का शव उक्त नदी से बरामद किया गया. मृतक के पिता सरोज सुभाष हेरेंज ने बताया कि आशुतोष सोनल हिम्मती व मेहनती लड़का था. वह ग्रैजुएशन की पढ़ाई कर जेपीएससी की तैयारी कर रहा था. दोस्तों के बीच कभी कोई विप्पति या परेशानी होने पर उनके अभिभावक हमेशा आशुतोष (मृतक)को बुलाते थे. मैक्लुस्कीगंज घूमने जाने व पिकनिक मनाने की बात भी आशुतोष ने घर में बताया था. इस तरह उसकी मौत की खबर से बेहद दुखी हूं.

## नवरात्र के पहले दिन शहर में निकाली गई कलश यात्रा:शेखपुरा में 501 महिलाओं ने पूरी की यात्रा



शेखपुरा. शेखपुरा में गुरुवार को नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। इसके साथ ही 9 दिवसीय त्योहार शुरू हो गया। कलश स्थापना के साथ ही माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। इस कड़ी में शहर के बुधौली बाजार स्थित कदम कुआं श्री श्री 108 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। समें 501 महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने अपने माथे पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई। मौके पर जीतू कुमार, रौशन कुमार, गोपाल बर्नवाल, राजू वर्णवाल, दिलीप कुमार, विश्वनाथ कुमार, संजू कुमार ,सुनील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। बढ़ चढ़कर कलश यात्रा में शामिल हुए। अरघौती पोखर से जल भरकर सभी लोग वृंदा चौक, चकदीवान होते हुए कदम कुआं स्थित दुर्गा स्थान पहुंचे। जहां कलश यात्रा का समापन हुआ। इधर शारदीय नवरात्र के पहले दिन जिले के विभिन्न पूजा पंडालों में वैदिक मन्त्रोच्चार और विधि विधान के साथ कलश की स्थापन की गई।

## पटना में 3 युवक गंगा में डूबे:1 की मौत

पटना. पटना में नवरात्र के पहले दिन बड़ा हादसा हुआ है। दीदारगंज थाना क्षेत्र के गोप घाट पर स्नान करने के दौरान तीन युवक गंगा में डूब गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक तीनों कलश स्थापना के लिए मिट्टी और गंगाजल लाने के लिए घाट पर पहुंचे थे। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले गए। किसी तरह से एक युवक तैरकर बाहर आ गया। दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही गोताखोर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन लेकर अस्पताल पहुंचे। फतुहा एसडीपीओ-1 निखिल कुमार ने बताया कि तीनों विग्रहपुर के रहने वाले थे। अस्पताल में डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की गंभीर बनी हुई है। इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है।

## सड़क हादसे में 2 शराब तस्करों की मौत:मुजफ्फरपुर में वाहन ने मारी ठोकर, पुलिस ने कार को किया जब्त



मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में शराब लदी कार सड़क हादसे का शिकार हो गई है। इस हादसे में गाड़ी में सवार दो तस्करों की मौत हो गई। सूचना पर मोतीपुर थाना की पुलिस टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घटना मोतीपुर थाना क्षेत्र के पनसलवा की है। यहां देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक विदेशी शराब से लदी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस घटना में गाड़ी में बैठे दो तस्करों की जान चली गई है। मोतीपुर थाना की पुलिस ने पहुंचकर दोनों डेड बॉडी को गाड़ी से बाहर निकाला। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच भेज दिया है। वाहन को जब्त कर पुलिस अपने साथ थाना ले आई है। मोतीपुर थाना अध्यक्ष राजन कुमार पाण्डेय ने बताया कि देर रात थाना क्षेत्र के पनसलवा चौक के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक लक्जरी कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई है। इसमें कार में बैठे दो व्यक्ति की मौत हो गई। लग्जरी वाहन में शराब लदी हुई थी। फिलहाल, पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## युवक की हत्या कर सिर साथ ले गया हत्यारा



अररिया. अररिया के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के NH-27 के किनारे गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा शव बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित रंजन घटनास्थल पर FSL की टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी को इस मामले का जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया। वहीं, शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। साथ ही लोगों से शव के बारे में जानकारी होने पर पुलिस को बताने की अपील की गई है। पुलिस के मुताबिक, शव को देखकर संभावना जताई जा रही है कि हत्या कहीं और की गई है, शव को लाकर यहां फेंका गया है। हत्यारा शव का सिर अपने साथ ले गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### दाहिने हाथ में ओम का गोदना, उंगली पर कछुए की अंगूठी

फारबिसगंज थाना अध्यक्ष ने कहा कि गुरुवार को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। उसका सिर कटा है। दाएं बांह पर बाज और ओम का गोदना किया हुआ है। इसके साथ ही बाएं हाथ के उंगली में एक कछुआ और लोहे की अंगूठी है। मामले को लेकर एसपी अमित रंजन ने कहा कि अज्ञात व्यक्ति का सिर कटा हुआ शव मिला है। मौके पर फारबिसगंज थाना अध्यक्ष और एफएसएल की टीम को भेजा गया है। जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ऑटो और ई-रिक्शा में टक्कर, एक की मौत:सेमरिया मोड़ के पास हुआ हादसा, महिला का चल रहा इलाज

कैमूर. कैमूर के भभुआ बेलांव रोड पर सेमरिया मोड़ के पास ऑटो और ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। इससे ऑटो में मौजूद दो लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने घटना की जानकारी सोनहन पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम कराने के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सोनहन थाना क्षेत्र के नौहट्टा गांव के श्याम नारायण पाल के बेटे दीपक पाल के रूप में की गई है। ऑटो पर पति-पत्नी अपने गांव से भभुआ दवा लेने के लिए जा रहे थे। इस बीच सोनहन थाना क्षेत्र के सेमरिया मोड़ के पास घटना हो गई।

# गंगा नदी में बही पुलिया, आवाजाही बाधित:भागलपुर में 4 पंचायत का मुख्यालय से संपर्क टूटा, सहरसा में बाढ़ पीड़ित कर रहे प्रदर्शन

भागलपुर. भागलपुर में गुरुवार को एक पुलिया गंगा नदी में विलीन हो गया। बाढ़ से पहले जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन ने पुलिया को जर्जर बताते हुए लोगों के आवाजाही पर रोक लगाई थी। गुरुवार को हादसे के बाद चार पंचायत का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। हादसे के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। गंगा में विलीन हुए मुस्तफापुर स्थित चौखंडी पुल बाखरपुर, बाबूपुर तिलकधारी टोला, मोहनपुर गोविंदपुर और अन्य गांवों को बाजार और प्रखंड मुख्यालय से जोड़ता था। ध्वस्त हो जाने के कारण लोगों का संपर्क टूट गया है। आवाजाही में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बाबूपुर-बाखरपुर का सड़क संपर्क भंग

मौके पर संबंधित अधिकारी पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए है। अभियंता पहुंचे है। इस इलाके में बारिश भी हो रही है। मालूम हो कि पिछले दिनों पीरपैंती से बाखरपुर होते हुए बाबूपुर तक जाने वाली सड़क पर बड़ा हादसा हो गया था। बाखरपुर से बाबूपुर के बीच बना पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इस कारण दियारा से बाबूपुर-बाखरपुर का सड़क संपर्क पूरी तरह से भंग हो गया था।
सड़क पीरपैंती बाजार से बाखरपुर, बाबूपुर होते हुए झारखंड को जोड़ती है, जो कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इससे पहले भी चौखंडी के समीप पुल के जर्जर होने के कारण आवाजाही पर रोक लगाई गई थी। इससे लोगों को पहले से ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इधर, ऊपरबंधा में रोड बह गया है। पीरपेंती - मंडरो मिर्जा चौकी सड़क मार्ग बाधित है।



### सहरसा : महिषी प्रखंड में बाढ़ का कहर, 1.25 लाख लोग विस्थापित

सहरसा के महिषी प्रखंड क्षेत्र के कई इलाकों में कोसी नदी ने तबाही मचा दी है। कोसी के कहर से सैकड़ों लोगों का आशियाना उजड़ गया है। घरों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद बाढ़ पीड़ित परिवार अपने माल मवेशियों के साथ सड़क किनारे शरण लिए हुए है। हालांकि अब भी बाढ़ पीड़ितों को सरकारी स्तर पर ना तो माल मवेशियों के लिए चारा ही उपलब्ध करवाया गया है और ना ही प्लास्टिक ही मुहैया कराया गया है। ऐसे में बाढ़ पीड़ित खुद ही व्यवस्था कर जीवन जी रहे है। प्रखंड के धापड़ी गांव निवासी रामबदन यादव, सुनीता देवी, निर्मल. देवी, राम भरोसे, बुच्चन मण्डल समेत अन्य लोगों ने बताया कि गांव में बाढ़ आने के बाद तीन दर्जन से अधिक परिवार के लोग पश्चिमी बांध के सड़क किनारे शरण लिए हुए है। जिला प्रशासन का दावा है कि सभी बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री दी जा रही है। जबकि सच्चाई कुछ और ही है। बता दे कि दरभंगा जिले के किरतपुर के पास पश्चमी तटबन्ध टूटने के बाद कोसी नदी ने महिषी प्रखंड के कई इलाकों को डूबा दिया है। प्रखंड में एक लाख 25 हजार की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में कई बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया है। जो बचे है उन्हें भी सहायता दी जाएगी।

### सहरसा-दरभंगा एनएच17 जाम कर 2 घंटे तक हंगामा

सहरसा के गंडोल बघवा में बाढ़ पीड़ितों ने एनएच 17 सहरसा-दरभंगा मुख्य मार्ग को जामकर प्रशासन के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया है। बाढ़ पीड़ितों ने कहा कि बीते कई दिनों से वह लोग खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। लेकिन अब तक प्रशासन की तरफ से कोई राहत नहीं मिल सका है। जिससे बाढ़ पीड़ित खुले आसमान के नीचे जिंदगी काटने को मजबूर हैं। इधर जाम की सूचना पर महिषी अंचलाधिकारी अनिल कुमार, जलई थानाध्यक्ष ममता कुमारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बूझाकर शांत कराया। अंचलाधिकारी ने कहा कि राहत शिविर में सामुदायिक किचन चल रहा है। प्लास्टिक शीट की थोड़ी सी शॉर्टेज है। जल्द ही पीड़ितों के बीच प्लास्टिक का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सड़क जाम करना उचित नहीं है। इधर बाढ़ पीड़ितों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अंचल प्रशासन ने जो प्लास्टिक शीट भेजी थी, वह कुछ स्थानीय नेताओं ने अपने पसंद के लोगों को दिलवा दिया। राहत सामग्रियों से वंचित लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर अपना विरोध जताया। एनएच-17 मुख्य सड़क जाम होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि अधिकारियों के समझाने के बाद जाम को हटाया गया। सहरसा के महिषी प्रखंड क्षेत्र के कई इलाकों में कोसी नदी ने तबाही मचाई है। कोसी के कहर ने सैकड़ों लोगों का आशियाना उजाड़ दिया है। घरों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद बाढ़ पीड़ित परिवार अपने माल मवेशियों के साथ सड़क किनारे शरण लिए हुए हैं। लेकिन अब भी बाढ़ पीड़ितों को सरकारी स्तर पर ना तो माल मवेशियों के लिए चारा ही उपलब्ध करवाया गया और ना ही प्लास्टिक ही मुहैया हो सका है। ऐसे में बाढ़ पीड़ित खुद खानाबदोस की तरह जिंदगी काटने को विवश है।

### बाढ़ सब बहा ले गई,2 दिन से बच्चे भूखे हैं

'रात में सो रहे थे। इसी दौरान बिस्तर पर पानी आ गया। नींद खुली तो देखा पूरा घर पानी से भरा है। फिर क्या करें, हाथ में जो सामान आया, वह लेकर कमर भर पानी से गुजरते हुए बांध तक पहुंचे। 2 दिन से बच्चे भूखे हैं। ना घर बचा ना खाने का कुछ सामान।' यह दर्द है दरभंगा के कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड के बाढ़ पीड़ित का। दरअसल, सोमवार की रात करीब 3 बजे कमला बलान का पूर्वी तटबंध टूट गया। तटबंध टूटने के बाद दो दर्जन गांव बाढ़ के पानी में डूब गए। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से सुपौल और सहरसा के दर्जनों गांव में पानी घुस गया है और लोग सुरक्षित स्थानों पर जैसे-तैसे रहने को मजबूर हैं। मंगलवार को दैनिक भास्कर की टीम दरभंगा के कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड, सुपौल और सहरसा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंची। दरभंगा के बाढ़ प्रभावित इलाके में पहुंचने पर यहां नाव पर बैठी गोभी देवी और उनकी बेटी नाव चला रही थी। गोपी सदा ने बताया कि 'गोवराही और लक्ष्मीनिया गांव के 500 लोगों ने बांध पर शरण ली है। हम सभी लोग और बच्चे भूखे हैं। अब तक प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है।' वहीं, गोवराही गांव के रहने वाले निवासी चुन्नी लाल सदा ने बताया कि 'गांव में पानी घुसने लगा तो पूरे परिवार के साथ सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। इसको लेकर निजी नाव की मदद ली।' सहरसा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र महिषी पहुंची। यहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोग सहरसा-बलुआ एनएच पर शरण लिए हुए हैं। हमारी मुलाकात कोठिया पंचायत के रहने वाले सोहन सादा, सिकंदर सादा, मोहन सादा, सुभाष सादा, विकास सादा, केदार सादा, दिलीप सादा से हुई।

### मोतिहारी में 20 से अधिक लोगों का घर बहा

मोतिहारी के संग्रामपुर प्रखंड में गंडक नदी का प्रकोप जारी है। नदी के रौद्र रूप ने पूछरिया गांव के लोगों को अपना घर छोड़कर चंपारण तटबंध पर शरण लेने को मजबूर कर दिया है। बता दें की अब तक 20 से अधिक घर नदी में समा चुके हैं, जबकि बचे हुए घर को लोग रस्सियों से बांधकर उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। दैनिक भास्कर की टीम ने गांव तक नाव और पैदल सफर कर बाढ़ पीड़ितों की स्थिति को करीब से देखा। जहां पूछरिया गांव में सैकड़ों लोग तटबंध पर प्लास्टिक के नीचे रह रहे हैं। पन्ना लाल सहनी ने बताया कि उनका घर बाढ़ में डूब रहा है और पीने के पानी की किल्लत है। प्रशासन और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं, जबकि पानी लाने के लिए उन्हें दो किलोमीटर दूर संग्रामपुर बाजार तक जाना पड़ता है। फुलेना सहनी, जो पिछले चार दिनों से तटबंध पर रह रहे हैं, ने बताया कि पहली बार प्रशासन ने चूड़ा और मिठाई दी गई। लेकिन वह इतना खराब था कि उसे जानवर भी खाने को तैयार नहीं थे। माला देवी, जिनका घर बाढ़ में बह गया, अपने बच्चों के साथ तटबंध पर शरण लिए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास न तो खाने के लिए कुछ है और न ही रहने के लिए जगह। मुन्ना देवी, जो हर साल बाढ़ से परेशान होती हैं, ने सरकार से मांग की कि उन्हें इस समस्या से स्थायी राहत दी जाए। टीम ने नाव से पूछरिया गांव की यात्रा की, जहां पानी और गड्ढों से रास्ता अवरुद्ध था। गांव पहुंचने पर राधिका कुँअर से मुलाकात हुई, जिनका घर गंडक नदी के कटाव में बह गया। उन्होंने बताया कि चार दिनों में नदी का कटाव इतना बढ़ गया कि उनका और 20 अन्य लोगों के घर नदी में समा गए।

### सीतामढ़ी: 13 साल से आई थी बाढ़

जिले के औराई प्रखंड के 20 से अधिक पंचायत के कई गांव के लोग बीते 48 घंटे से भी अधिक समय से बाढ़ से परेशान हैं। बागमती, बूढ़ी गंडक और गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि की वजह से सीतामढ़ी का मधकौल बांध टूटा। इससे औराई प्रखंड के कई ऐसे पंचायत, जहां पिछले 13 साल में कभी बाढ़ नहीं आई थी, वो भी डूब गया।

# राजद के प्रदेश महासचिव को दौड़ा-दौड़ा कर मारी गोली: मुंगेर में पंकज यादव के सीने में लगी बुलेट

मुंगेर. मुंगेर में राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ा कर गोली मारी। पहले से घात लगाए अपराधियों ने 3 फायरिंग की, पंकज यादव के सीने में गोली लगी है। पंकज रोज की तरह हवाई अड्डा मैदान में मॉर्निंग वॉक के लिए गए थे। बदमाशों ने उन पर फायरिंग की। आनन-फानन में पंकज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी राणा सिंह ने बताया कि बदमाश पहले से वहां थे। पंकज यादव के आते ही गोलियां चलाई। वो नहीं भागते तो और गोली लगती। घटना को अंजाम देकर बदमाश बाइक से फरार हो गए। वारदात कासिम बाजार थाना इलाके की है। राजद नेता के पिता ने कहा कि पंकज रोज की तरह सुबह टहलने गया था। नवटोलिया निवासी मिट्ठू कुमार और अमन कुमार ने मेरे बेटे पर गोली चलाई है। उन्होंने कहा कि दोनों पहले के एक केस के मैनेज करने को लेकर मदद मांग रहे थे। पंकज ने मना कर दिया था, उसके बाद दोनों ने इस घटना को अंजाम दिया है।



### पहले दो राउंड हवा में की फायरिंग

प्रत्यक्षदर्शी राणा प्रताप सिंह ने बताया कि मैं मैदान में कसरत कर रहा था, तभी अचानक एक बाइक पर मिट्ठू कुमार और नमन कुमार आए और गोली चलाने लगा। पहले दो राउंड हवा में फायरिंग की फिर पंकज यादव को गोली मार कर फरार हो गए। किसी तरह की कोई दुश्मनी नहीं थी। हमलोग 15-20 साल से मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं।

### विपक्षी नेताओं को टारगेट कर गोली मारी जा रही-राजद

राजद नेता पर हुई फायरिंग को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के आवाज को दबाने के लिए गोलियों का सहारा लिया जा रहा है। बिहार में सुशासन के नाम पर किस तरह का शासन चल रहा है। यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश जैसे हालात बिहार में भी पैदा किया जा रहा है, जहां विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ताओं को टारगेट कर गोली मारी जाती है। सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। इधर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने बताया कि राजद नेता पर गोली चलाने वाले अपराधी बचेंगे नहीं। पुलिस जांच में जुट गई है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद- डीएसपी

सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि मुझे पहले सुबह 6:00 बजे सूचना मिली कि राजद के एक नेता को मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मार दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान घटना के पीछे दो लोगों का नाम सामने आया है। रुपयों के लेने देने को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस जल्द इस आरोपियों को पकड़ लेगी।

## बृज बिहारी हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला समेत 2 को उम्रकैद: सूरजभान और 5 आरोपी सुप्रीम कोर्ट से बरी

पटना. बिहार के पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में गुरुवार को फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, राजन तिवारी समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया है। पटना हाईकोर्ट ने 2014 में सभी 8 आरोपियों को बरी कर दिया था। पूर्व मंत्री की पत्नी और भाजपा नेता रमा देवी और सीबीआई ने भी पटना हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 21 और 22 अगस्त को सुनवाई पूरी करते हुए आदेश को सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बृज बिहारी प्रसाद की पत्नी और पूर्व सांसद रमा देवी ने खुशी जताते हुए कोर्ट और सरकार को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने इसके लिए तत्परता से काम किया है। पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या साल 1998 में उस समय कर दी गई थी जब वे आईजीआईएमएस में इलाज के लिए भर्ती थे। निचली अदालत ने साल 2009 में 8 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 1998 में बृज बिहारी प्रसाद की हत्या पटना के IGIMS में कर दी गई थी। तब वो शाम के वक्त हॉस्पिटल कैंपस में वॉक कर रहे थे। उसी दरम्यान वहां पहुंचे अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। उस वक्त बिहार में राबड़ी देवी की सरकार थी। इस बड़े हत्याकांड में सूरजभान सिंह उर्फ सूरज, सिंह, विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला, राजन तिवारी, मुकेश सिंह, ललन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी और शशि कुमार राय को आरोपी बनाया गया था। पति की हत्या के बाद रमा देवी ने भाजपा का दामन थाम लिया था। वो शिवहर लोकसभा से सांसद रह चुकी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने रमा देवी का टिकट काट दिया था।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

भागलपुर. भागलपुर में सड़क हादसा हुआ है। इसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। मामला बाइपास थाना क्षेत्र के फुलवरिया पेट्रोल पंप के समीप का है। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे कि उसकी घटनास्थल पर ही जान चली गई है। मृतक की पहचान शत्रुघन कुमार (26) के रूप में की गई है। लोगों ने ट्रक को पकड़ कर मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से भागलपुर-जगदीशपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया है। साथ ही ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है।
जानकारी के मुताबिक जगदीशपुर के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने भागलपुर की तरफ से जा रहे बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इससे लोगों में आक्रोश है। लोगों को साफ तौर पर कहना कि ओवरलोडिंग ट्रक चलने के कारण आए दिन भागलपुर - जगदीशपुर मुख्य मार्ग में हादसा होते रहता है। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। भागलपुर- जगदीशपुर मुख्य मार्ग का आवागमन पूरी तरह प्रभावित है।

# ट्रक की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत:मोतिहारी में पति घायल, इलाज कराकर लौट रही थी; एनएच-27 घंटों रहा जाम

मोतिहारी. मोतिहारी में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पति का निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। वहीं ठोकर मारने वाला ट्रक वहां से फरार हो गया।
सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना कोटवा थाना क्षेत्र के दीपूउ मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के गढ़वा खजुरिया निवासी जलेश्वर



राम की 40 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि मंजू देवी बीमार थी। वह अपने सिर का इलाज कराने कोटवा गई थी। इलाज कराकर अपने पति के साथ बाइक से घर वापस जा रही थी, तभी दीपूउ मोड़ के आगे ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी, जिससे मंजू देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा उसका पति जलेश्वर राम गंभीर रूप से घायल हो गया। ठोकर लगने के बाद आसपास के लोग वहां जमा हुए। घायल जलेश्वर को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। सड़क दुर्घटना के बाद एनएच-27 का एक लेन जाम हो गया, जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने के साथ ही कोटवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम को खत्म कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोटवा थानाध्यक्ष राज रूप राय ने बताया कि वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मंजू छह बच्चों की मां थी, जिसमें चार बेटा और दो बेटी है। दोनों बेटी और एक बेटे कि शादी हो चुकी है, जबकि तीन बेटा अभी भी कुंआरा है। पति मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। मंजू का पति जलेश्वर घर पर ही मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था, पत्नी को दिखाने गया था, इसी बीच यह घटना हो गई।

# 14 सालों से फरार हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार: जमुई में एसटीएफ की मदद से गांव की घेराबंदी कर छापेमारी

जमुई. जमुई के बरहट पुलिस ने 14 सालों से फरार हार्डकोर नक्सली को एसटीएफ के सहयोग से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान गुड्डू यादव उर्फ बालमुकुंद, पिता बोढन यादव के रूप में हुई है। जिसे उसके घर लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के कर्माटांड इलाके से गिरफ्तारी हुई है। पुलिस नक्सली को अपने कब्जे में थाना लेकर आई है। जहां उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। वहीं, जमुई पुलिस के लिए यह गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।
मामले को लेकर मिली जानकारी के



अनुसार पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश को गुप्त सूचना मिली कि हार्डकोर नक्सली बालमुकुंद यादव अपने घर आने वाला है। जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसमें बरहट थाना अध्यक्ष कुमार संजीव और थाना की पुलिस के साथ एसटीएफ के अधिकारी और जवानों को शामिल किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नक्सली के गांव की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की। इस दौरान पुलिस को देख नक्सली गुड्डू यादव उर्फ बालमुकुंद भागने लगा। जिसके बाद पुलिस खदेड़कर पकड़ लिया। इस संबंध में बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### साल 2009 में बरहट थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज

गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली पर वर्ष 2009 में प्राथमिक विद्यालय चोरमारा और प्राथमिक विद्यालय जमुनियांटाड को विस्फोटक लगाकर उड़ाने का आरोप सहित पुलिस दल को नुकसान पहुंचाने को लेकर साल 2009 में ही सड़क पर आईडी तथा डेटोनेटर लगाने के आरोप को लेकर मामला दर्ज है। पुलिस की सक्रियता से आईडी और डेटोनेटर को निष्क्रिय कर दिया गया था लेकिन विद्यालय भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इस मामले को लेकर आरोपी के खिलाफ बरहट थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

### कुख्यात कोड़ा गैंग का सदस्य

बताया जाता है कि गिरफ्तार नक्सली हार्डकोर नक्सली अर्जुन कोड़ा और बालेश्वर कोड़ा दस्ते का सक्रिय सदस्य था। हालांकि साल 2022 में कुख्यात हार्डकोर नक्सली बालेश्वर कोड़ा अपने साथी अर्जुन और नागेश्वर के साथ मुंगेर प्रक्षेत्र के तत्कालीन डीआईजी संजय सिंह के समक्ष पुलिस लाइन केंद्र मलयपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके बाद जमुई, मुंगेर और लखीसराय जिले में नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगा था।

## राजकोट में पहली बार कैंसर वॉरियर्स का गरबा:3000 मरीज, उनके परिजन और डॉक्टर शामिल हुए



**राजकोट**: देश में पहली बार राजकोट में पूरे गुजरात से आए 3000 से ज्यादा कैंसर वॉरियर्स (मरीज) और उनके परिजन ने गरबा किया। कैंसर केयर फाउंडेशन के इस इवेंट के जरिए इन लोगों ने यह संदेश दिया कि कैंसर के खिलाफ जिंदगी की जंग जीती जा सकती है। बुधवार रात हुए गरबा में 250 से ज्यादा कैंसर स्पेशलिस्ट समेत 9 हजार लोग शामिल हुए। गरबा के दौरान स्कूल-कॉलेजों की 700 से ज्यादा लड़कियों को भी गरबा खेलने के लिए बुलाया गया था। इन सभी लड़कियों को सर्वाइकल फाउंडेशन की ओर से कैंसर रोधी टीका (एचपीवी) लगाया गया। सभी को मैमोग्राफी टेस्ट के लिए गिफ्ट वाउचर भी दिए गए। करीब 200 साल पहले से परंपरा है कि गरबा खेलने वाली लड़कियां देवी कवच का जाप करती हैं। इस कार्यक्रम के दौरान भी 108 लड़कियों ने देवी कवच का पाठ किया। आयोजकों का मानना है कि देवी पाठ से कैंसर रोगियों को नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी। पिछले महीने राजकोट में ही कैंसर रोगियों के लिए एक फैशन शो भी आयोजित किया गया था। इसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है। इसी के चलते कैंसर केयर फाउंडेशन ने अब बीमारी को लेकर जागरूकता पैदा करने और मरीजों का हौसला बढ़ाने के लिए गरबा का कार्यक्रम रखा था। इस गरबा कार्यक्रम के लिए यूवी क्लब के बिपिनभाई बेरा और उनकी टीम ने मैदान समेत अन्य व्यवस्थाएं फ्री में दीं। कथावाचक मोरारी बापू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कैंसर योद्धाओं के लिए काम करने वाली संस्था को बधाई दी और कहा कि सबसे बड़ा धर्म मानव सेवा है। मैं इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करता हूं कि फाउंडेशन द्वारा इस धर्म का उचित ढंग से निर्वाह किया जा रहा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि कैंसर योद्धाओं के अच्छे स्वास्थ्य के साथ उनका आत्म बल भी बढ़े।

## कुरुक्षेत्र दुनिया का पहला स्थान है जो 'धर्मक्षेत्र' बन गया- योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुरूक्षेत्र के शाहबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र दुनिया का पहला स्थान है जो 'धर्मक्षेत्र' बन गया, जबकि यह 'युद्धक्षेत्र' था। यह कुरुक्षेत्र बन गया क्योंकि महाभारत यहीं हुआ था। यह वह भूमि है जहां श्री द्वारकानाथ वृन्दावन बिहारीलाल कृष्ण कन्हैया का संदेश दिया गया था-" परित्राणाय साधुनाम् विनाशाय च दुष्कृताम"...।

## 5600 करोड़ की ड्रग्स की बरामदगी का कांग्रेस कनेक्शन

नई दिल्ली (ईएमएस)। नई दिल्ली में हाल ही में 5600 करोड़ रुपए की ड्रग्स की बरामदगी ने राजनीति का रंग ले लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किंगपिन तुषार गोयल का कांग्रेस पार्टी से संबंध है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि तुषार दिल्ली यूथ कांग्रेस के आरटीआई सेल का प्रमुख है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष कर कहा, मोहब्बत की दुकान में अब नशे का सामान मिल रहा है। भाजपा नेता त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में बरामद की गई ड्रग्स की मात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आंकड़े साझा कर बताया कि यूपीए शासन के दौरान (2006 से 2013) में 768 करोड़ की ड्रग्स बरामद की गई थी, जबकि भाजपा सरकार के दौरान 14 से 22 के बीच 22 हजार करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई हैं। उन्होंने बताया कि गोयल की नियुक्ति 24 मार्च 2022 को की गई थी और उसके फोन से दिल्ली के कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा का नंबर भी मिला है। इस पर प्रतिक्रिया देकर कांग्रेस ने कहा है कि गोयल को पहले ही पार्टी से निकाल दिया गया था। दिल्ली कांग्रेस के नेता संदीप दीक्षित ने बताया कि गोयल को दो साल पहले ही पार्टी से बाहर किया गया था। उन्होंने कहा, यह सराहना की बात है कि किसी आपराधिक गतिविधि में पकड़े गए व्यक्ति को पहले ही निकाला गया।

## सोनम वांगचुक को मिला आश्वासन......जल्द होगी पीएम मोदी या राष्ट्रपति से मुलाकात

नई दिल्ली (ईएमएस)। लद्दाख के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके 150 अन्य समर्थकों को 2 अक्टूबर को बवाना पुलिस थाने से रिहा किया गया। उनकी रिहाई के बाद, सोनम ने दिल्ली पुलिस की निगरानी में राजघाट पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वांगचुक ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार को एक ज्ञापन दिया है जिसमें लद्दाख को संवैधानिक प्रावधानों के तहत संरक्षित करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आने वाले दिनों में, वे प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति से मिल सकते है। उनकी मुख्य मांगों में लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने, स्थानीय लोगों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण, लेह और कारगिल के लिए एक-एक संसदीय सीट और संविधान की छठी अनुसूची को लागू करने की आवश्यकता शामिल है। वांगचुक और उनके समर्थक इन मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। सोनम का कहना है कि लद्दाख की सांस्कृतिक और भौगोलिक विशेषताएँ इस एक अलग पहचान देती हैं, और इसकी संवैधानिक सुरक्षा की आवश्यकता है।


## बीजेपी नेताओं की रिहाई के लिए धरना दे रहीं रूपा गांगुली गिरफ्तार

कोलकाता,(ईएमएस)। पूर्व राज्यसभा सदस्य और बीजेपी नेता रूपा गांगुली को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने स्थानीय बीजेपी नेताओं की रिहाई की मांग को लेकर दक्षिण कोलकाता के पुलिस थाने के सामने धरना दिया था। यह धरना बुधवार रात से चल रहा था। गिरफ्तार किए गए बीजेपी समर्थकों में रूबी दास भी शामिल थीं, जो एक स्कूली बच्चे की मौत के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह बच्चा पेलोडर की चपेट में आ गया था। रुपा गांगुली ने आरोप लगाया कि रुबी दास और अन्य बीजेपी समर्थक शांतिपूर्ण विरोध कर रहे थे, तभी टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय प्रदर्शनकारियों को ही गिरफ्तार कर लिया। गांगुली ने पूरी रात धरने पर बैठे रहने के बाद गुरुवार सुबह कोलकाता पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें अपना बैग भी नहीं ले जाने दिया।

# राहुल बोले- हरियाणा में बेरोजगारी के जिम्मेदार मोदी: 56 इंच छाती की बात करते थे, अब चेहरा बदल गया

**चंडीगढ़**: हरियाणा में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी नूंह पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा में कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी के लिए पीएम मोदी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अब मोदी 56 इंच की छाती की बात नहीं करते। उनका चेहरा एकदम बदल गया है। इसके साथ ही राहुल ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डालने की अपील की। राहुल ने कहा कि भाजपा को वोट मत देना। राज्य की दूसरी छोटी पार्टियों को भी वोट मत देना, क्योंकि वे भाजपा की ही A, B और C पार्टियां हैं। उनमें और भाजपा में कोई अंतर नहीं है।

राहुल ने अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मैं अमेरिका गया। वहां हरियाणा के युवा मुझसे मिले। उन्होंने अपनी समस्या बताई। उन्होंने मुझे बताया कि हम हरियाणा से भागकर अमेरिका आए हैं। हरियाणा में हमें रोजगार नहीं मिल सकता है। वहां महंगाई की इतनी चोट है, बेरोजगारी इतनी है, इसलिए हम अमेरिका में आए हैं।



### राहुल गांधी बोले- अग्निवीर मजदूर बन जाएंगे, उनका पैसा अडाणी डिफेंस को जा रहा

हरियाणा में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी हरियाणा पहुंचे। यहां उन्होंने महेंद्रगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में राहुल ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी है। इसके जिम्मेदार नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना का उद्देश्य युवाओं को मजदूर बनाना है। उसका पूरा पैसा अडाणी डिफेंस को जा रहा है। जनसभा के दौरान भाजपा की टिकट पर सिरसा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके अशोक तंवर कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे पहले राहुल ने नूंह में भी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि अब मोदी 56 इंच की छाती की बात नहीं करते। उनका चेहरा एकदम बदल गया है। इसके साथ ही राहुल ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डालने की अपील की। राहुल ने कहा कि भाजपा को वोट मत देना। राज्य की दूसरी छोटी पार्टियों को भी वोट मत देना, क्योंकि वे भाजपा की ही A, B और C पार्टियां हैं। उनमें और भाजपा में कोई अंतर नहीं है।

### मोदी सरकार ने अपने दोस्तों का कर्ज माफ किया

नूंह मुस्लिम बाहुल्य इलाका है, जिसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। राहुल गांधी ने यहां से दक्षिण हरियाणा को साधने की कोशिश की। उन्होंने अपने भाषण में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में नफरत फैला रखी है। बीजेपी और RSS मिलकर देश में संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी।

राहुल ने अंबानी और अडाणी का नाम लिए बिना कहा कि मोदी सरकार ने अपने दोस्तों समेत देश के 20-25 लोगों का अरबों का कर्जा माफ कर दिया, लेकिन किसानों का कितना कर्जा माफ किया? कुछ नहीं किया।

### राहुल ने अमेरिका दौरे का जिक्र किया

राहुल ने यहां भी अपने अमेरिका दौरे पर मिले हरियाणा के युवकों का भी जिक्र किया। कहा कि मोदी जी बताएं कि हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन कैसे बना? प्रदेश के युवा अपने घरों से दूर रहने को मजबूर हैं। राहुल गांधी का यहां पहुंचने पर मेवाती पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया था। राहुल गांधी के मंच पर कांग्रेस के फिरोजपुर झिरका से उम्मीदवार मामन खान भी मौजूद रहे। मामन खान पर नूंह हिंसा के केस दर्ज है और वह जमानत पर हैं। रैली खत्म होने के बाद राहुल गांधी महेंद्रगढ़ के लिए रवाना हो गए।

राहुल बोले कि हरियाणा में नशा फैल रहा है। सब जानते हैं। पहले पंजाब में ड्रग्स था। उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती। मोदी जी के दोस्त अडाणी के पोर्ट पर हेरोइन पकड़ी गई। उसके बारे में कोई बात नहीं करता। अडाणी हरियाणा के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है। उसके बारे में कोई भाषण भी नहीं देता। महेंद्रगढ़ में राहुल ने कहा कि भाजपा संविधान खत्म कर देना चाहती है। RSS इसमें उसका साथ दे रही है। ये सामने आकर इसके बारे में कुछ नहीं बोलेंगे, लेकिन ये जो भी काम करते हैं वह संविधान को कमजोर करने वाला ही होता है।

मैंने भी इनकी (भाजपा और अन्य छोटी पार्टियां) गालियां खाई हैं, विरोध झेला है। आपसे ही मुझे शक्ति मिलती है। जो आप मोहब्बत देते हैं, हम उसी से ही मोहब्बत बांट पा रहे हैं।

# हरियाणा में भाजपा को झटका, अशोक तंवर कांग्रेस में शामिल: इनका 9 सीटों पर असर; 5 साल में 4 पार्टियां बदलीं

**चंडीगढ़**: हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा नेता और पूर्व सांसद अशोक तंवर गुरुवार, 3 अक्टूबर को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस की महेंद्रगढ़ रैली में राहुल गांधी ने उन्हें पार्टी जॉइन कराई। इस दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने दूर से ही उन्हें नमस्ते किया। तंवर ने 5 साल पहले हुड्डा से मतभेद के बाद ही कांग्रेस छोड़ी थी। इसके बाद टीएमसी और आप में भी रहे। लोकसभा चुनाव के पहले 20 जनवरी को भाजपा में शामिल हुए थे। इस तरह 5 साल में चार पार्टियां बदलीं। 2019 में कांग्रेस छोड़ने के बाद अपना भारत मोर्चा नाम से पार्टी भी बनाई थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने तंवर को सिरसा सीट से टिकट दिया था। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस की उम्मीदवार कुमारी सैलजा से हुआ। सैलजा ने तंवर को 2,68,497 वोटों से हराया था।



### तंवर का 9 विधानसभा सीटों पर असर

चुनाव के बीच में भाजपा के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। तंवर एससी से आते हैं। इनका 9 सीटों पर असर है। इनमें सिरसा, फतेहाबाद, ऐलनाबाद, रानियां, कालांवाली, डबवाली, रतिया, टोहाना और नरवाना शामिल हैं। ये सभी सीटें सिरसा लोकसभा सीट के अंतर्गत आती हैं। इस सीट पर अनुसूचित जाति के 8.13 लाख वोटर हैं। इनमें जाट समुदाय के 3.58 लाख, जट्ट सिख के 1.90 लाख, पंजाबी समुदाय के (खत्री, अरोड़ा, मेहता) 1.15 लाख, बनिया के 90 हजार, कंबोज के 90 हजार, ब्राह्मण के 61 हजार, बिश्नोई के 48 हजार, पिछड़ा वर्ग के (कुम्हार, सैनी, अहीर, गुज्जर, खाती, सुनार) 1.41 लाख, अन्य (मुस्लिम, क्रिश्चियन, जैन आदि) 18 हजार वोटर हैं।

### तंवर ने हुड्डा के कारण छोड़ी थी कांग्रेस

अशोक तंवर ने साल 1993 में अपने सियासी करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। उस समय उनकी उम्र सिर्फ 17 साल थी। वह 2003 में कांग्रेस पार्टी के छात्र विंग, एनएसयूआई और 2005 में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। यूथ कांग्रेस में उन्होंने राहुल गांधी के साथ काम किया। राहुल गांधी ने ही फरवरी 2014 में अशोक तंवर को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया। बतौर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अशोक तंवर और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा में हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहा। हुड्डा के कारण ही उन्हें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले टिकट बंटवारे से नाराज होकर अशोक तंवर ने 5 अक्टूबर 2019 को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उस समय अशोक तंवर ने 5 करोड़ रुपए में कांग्रेस के टिकट बेचने का आरोप भी लगाया था।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- जेल मैनुअल से भेदभाव बढ़ाने वाले नियम हटाएं

### किसी विशेष जाति के कैदियों से सीवर टैंक साफ कराना गलत, पुलिस कार्रवाई करे

**नई दिल्ली**: सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाले नियमों को हटाने को कहा है। शीर्ष कोर्ट ने कुछ राज्यों को निर्देश दिए हैं कि जेल में जाति के आधार पर काम का बंटवारा न किया जाए। जेल में जातिगत आधार पर काम के बंटवारे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने गुरुवार को आदेश में कहा कि इन चीजों की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर में ये भी कहा कि किसी विशेष जाति के कैदियों से सीवर टैंक साफ कराना गलत है। पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने राज्य सरकारों को आदेश दिया कि जेल मैनुअल में जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाले नियमों में 3 महीने में बदलाव किया जाए।

दरअसल, यह मामला एक पत्रकार सुकन्या शांता ने उठाया था। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की और दलील दी कि देश के करीब 17 राज्यों में जेलों में बंद कैदियों के साथ जाति आधारित भेदभाव हो रहा है। इस पर पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई। कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा। छह महीने के अंदर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। याचिकाकर्ता सुकन्या शांता मानवाधिकार कानून और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर लिखती हैं।

उन्होंने अपनी खबरों के जरिए जेल में जातिगत भेदभाव का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर 2020 में रिसर्च रिपोर्ट भी तैयार की। रिपोर्ट में जिक्र था कि भारत के 17 राज्यों में कैदियों को काम का बंटवारा उनकी जाति देखकर किया जाता है। सुकन्या की यह रिपोर्ट 'द वायर' पर पब्लिश हुई थी।

# सद्गुरु को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जांच पर कोर्ट ने लगाई रोक

आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जग्गी वासुदेव के नेतृत्व वाला प्रसिद्ध ईशा फाउंडेशन इन दिनों विवादों में घिरा हुआ है। हालांकि, आज सद्गुरु के इस फाउंडेशन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने फाउंडेशन के खिलाफ मद्रास हाई कोर्ट द्वारा जारी जांच आदेश पर रोक लगा दी है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ईशा फाउंडेशन की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें फाउंडेशन ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। यह आदेश उस घटना के बाद दिया गया था, जब मंगलवार को कोयंबटूर स्थित फाउंडेशन के परिसर में सैकड़ों पुलिसकर्मी दाखिल हुए थे। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। ईशा फाउंडेशन ने इस कार्रवाई को लेकर अपनी चिंता जताई थी और इसे अनुचित बताया था। यह आदेश तब आया था जब सेवानिवृत्त प्रोफेसर एस. कमराज ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी बेटियां गीता और लता को "ईशा योग केंद्र" में ब्रेनवॉश कर वहां रहने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि फाउंडेशन उनकी बेटियों को अपने परिवार से संपर्क नहीं करने दे रहा है।

### कोर्ट ने क्या कहा?

अदालत ने इस मामले को मद्रास हाईकोर्ट से अपने पास ट्रांसफर कर लिया है और तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट द्वारा मांगी गई स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा करे। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए किसी भी तरह की आगे की कार्रवाई करने से रोक दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, "आप सेना या पुलिस को ऐसी जगह में दाखिल होने की अनुमति नहीं दे सकते। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता वर्चुअल रूप से या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं। पुलिस जांच की स्थिति रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में जमा की जाएगी। पुलिस, हाईकोर्ट के निर्देशों के आधार पर कोई अतिरिक्त कार्रवाई नहीं करेगी।

### ईशा फाउंडेशन पर लगा बंधक बनाने का आरोप

कोर्ट ने दोनों महिलाओं से ब्योरा जानना चाहा जिनके पिता ने ईशा फाउंडेशन में अवैध रूप से बंधक बनाए जाने का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पीठ के न्यायाधीश मामले के तथ्यों के बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दोनों महिलाओं से निजी तौर पर बातचीत करने के लिए अपने कक्ष में गए। उच्च न्यायालय ने 30 सितंबर को डॉ. एस कामराज द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर अंतरिम आदेश पारित किया था, जिसमें उन्होंने पुलिस को निर्देश देने का अनुरोध किया था कि वह उनकी दो बेटियों को अदालत के समक्ष पेश करे, जिनके बारे में उनका आरोप है कि उन्हें ईशा फाउंडेशन के अंदर बंदी बनाकर रखा गया है और उन्हें रिहा किया जाए।

## दलित समुदाय कांग्रेस के साथ.... ये उनकी असल पार्टी : हुड्डा

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सैनी सरकार पर आरोप लगाया है कि वह झूठ की दुकान बन गई है। कांग्रेस नेता हुड्डा ने कहा कि भाजपा नफरत और भ्रम फैलाने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के समर्थन में एक लहर चल रही है और 36 बिरादरी तय करेगी कि अगली सरकार कांग्रेस बनाएगी। हुड्डा ने दावा किया कि दलित समुदाय कांग्रेस के साथ है, जो उनके लिए असली पार्टी है। उन्होंने भाजपा पर हमला कर कहा कि उसके पास मुद्दों की कमी है और उसके पास कोई वास्तविक उपलब्धि नहीं है। भाजपा ने हरियाणा में 10 वर्षों तक शासन किया है, फिर भी उसके नेता अपने भाषणों में किसी भी उपलब्धि का उल्लेख नहीं कर पा रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि भाजपा के नेता अपने स्वार्थ के लिए राज्य के भाईचारे को तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से बेरी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ. रघुवीर सिंह कादयान को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक ओर झूठे वादे करने वाली भाजपा है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस है, जो अपने वादों को पूरा करती है। हुड्डा ने कहा, हम कौशल रोजगार निगम द्वारा भर्ती किए गए संविदा कर्मियों को नियमित करने की अपनी प्रतिज्ञा पर कायम हैं।

## दिल्ली: हॉस्पिटल में डॉक्टर की गोली मार हत्या: केबिन में घुसकर फायरिंग की

**नई दिल्ली**: दिल्ली के कालिंदी कुंज स्थित जैतपुर इलाके के नीमा हॉस्पिटल में दो नाबालिगों ने एक 55 साल के डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान यूनानी डॉक्टर जावेद अख्तर के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। हॉस्पिटल कर्मचारियों के अनुसार, दोनों आरोपियों की उम्र 16 से 17 साल के बीच थी। उनमें से एक आरोपी का 1 अक्टूबर को पैर के अंगूठे में चोट का इलाज हुआ था। वह बुधवार देर रात एक लड़के के साथ हॉस्पिटल पहुंचा था।

आरोपी ने अपने अंगूठे की ड्रेसिंग बदलने के लिए कहा। ड्रेसिंग हो जाने के बाद नाबालिगों ने कहा कि उन्हें प्रिस्क्रिप्शन चाहिए। उन्होंने डॉ. जावेद से मिलने की बात कही और अपॉइंटमेंट लेकर डॉक्टर के केबिन में चले गए। कुछ मिनट बाद हॉस्पिटल स्टाफ गजाला परवीन और मो. कामिल ने गोली चलने की आवाज सुनी। वे डॉक्टर के केबिन में पहुंचे और देखा कि जावेद अख्तर के सिर से खून बह रहा है। घटना के बाद आरोपी भाग गए।

पुलिस ने बताया कि मामला टारगेट किलिंग का लग रहा है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी हॉस्पिटल से बाहर निकलते दिख रहे हैं। घटना के तुरंत बाद डिस्ट्रिक्ट क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। मामले की जांच की जा रही है। दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में बढ़ते क्राइम को लेकर केंद्र सरकार और दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना पर आरोप लगाया। उन्होंने X पर पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली अपराध की राजधानी बन गई है। गैंगस्टर खुलेआम जबरन वसूली, गोलीबारी और हत्याएं कर रहे हैं। केंद्र सरकार और दिल्ली एलजी अपने काम में फेल हो रहे हैं।' सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'दिल्ली के अंदर गैंगस्टरों का दबदबा बढ़ गया है। 15 दिन पहले ग्रेटर कैलाश के एक जिम मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# गूगल पे पर अब गोल्ड लोन भी मिलेगा:जेमिनी एआई हिंदी सहित 8 अन्य भारतीय भाषाओं में लॉन्च, गूगल फॉर इंडिया इवेंट में घोषणा

**नई दिल्ली**: टेक कंपनी गूगल ने आज यानी, 3 अक्टूबर को अपने एनुअल इवेंट में गूगल पे पर गोल्ड लोन सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। 'गूगल फॉर इंडिया' इवेंट का यह 10वां साल है। इस इवेंट में जेमिनी एआई के हिंदी और 8 अन्य भारतीय भाषाओं में मिलने की घोषणा भी की गई।




### गूगल की चार बड़ी घोषणाएं...

**1. गूगल पे पर अब गोल्ड लोन भी मिलेगा**: देशभर में गूगल पे यूजर्स के लिए अब से गोल्ड लोन उपलब्ध होगा। इसके लिए गूगल ने मुथूट फाइनेंस के साथ पार्टनरशिप की है। लोन के लिए क्या प्रोसेस होगी अभी इसकी जानकारी कंपनी ने हीं दी है। गूगल पे ने अपनी लोन लिमिट को भी 5 लाख रुपए तक बढ़ा दिया है।

**2. अडाणी ग्रुप के साथ गूगल की पार्टनरशिप**: गूगल ने भारत में अपने सस्टेनेबिलिटी गोल्स को अचीव करने के लिए अडाणी ग्रुप और क्लियरमैक्स के साथ पार्टनरशिप की है। इसके तहत गुजरात के खावड़ा में 61.4 मेगावाट का सोलर-विंड हाइब्रिड प्लांट, राजस्थान में 6 मेगावाट का सोलर प्लांट और कर्नाटक में 59.4 मेगावाट का विंड प्लांट लगाया जाएगा। गूगल ने कहा कि इससे 2026 तक भारतीय ग्रिड में 186 मेगावाट की न्यू क्लीन एनर्जी जनरेशन कैपेसिटी जुड़ने की उम्मीद है।

**3. गूगल पे में यूपीआई सर्किल रिलीज**:गूगल ने अपनी ऑनलाइन पेमेंट सर्विस गूगल पे में एक नए फीचर यूपीआई सर्किल को रिलीज किया है। यूपीआई सर्किल के जरिए पेमेंट करने वाला यूजर यूपीआई अकाउंट से किसी व्यक्ति को जरूरी लिमिट के साथ ट्रांजैक्शन की परमिशन दे सकता है। हाल ही में सरकार ने यूपीआई सर्किल डेलिगेटेड पेमेंट सर्विस को लॉन्च किया था। अभी तक यह फीचर केवल भीम एप में उपलब्ध था। इसके जरिए एक महीने में अधिकतम 15 हजार तक का ट्रांजैक्शन किया जा सकता है।

जेमिनी लाइव को गूगल ने हिंदी लैंग्वेज में शुरू कर दिया है, जिसे इसी साल अगस्त में पहली बार पिक्सल फोन में पेश किया गया था। इसके साथ ही आने वाले हफ्तों में कंपनी बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तेलुगु, तमिल और उर्दू लैंग्वेज का भी सपोर्ट जेमिनी लाइव में एड करेगी।

### 10 मिलियन भारतीयों के लिए एआई लिटरेसी

गूगल ने एआई स्किल हाउस लॉन्च किया है, जो स्टूडेंट्स, जॉब सीकर (नौकरी चाहने वालों), एजुकेटर्स, डेवलपर्स और सिविल ऑफिसर्स के लिए एआई कोर्स वाला एक एजुकेशनल प्रोग्राम है। पेश किए जा रहे कुछ कोर्स में जनरेटिव एआई का परिचय, जिम्मेदार एआई का परिचय और बड़े लैंग्वेज मॉडल का परिचय शामिल हैं। वे यूट्यूब और गूगल क्लाउड स्किल बूस्ट प्लेटफॉर्म पर फ्री में उपलब्ध होंगे। ये कोर्स इंग्लिश लैंग्वेज में उपलब्ध हैं, और जल्द ही 7 भारतीय भाषाओं में भी आएंगे। गूगल इंडिया के एमडी का कहना है कि भारत की एआई-फ्यूल्ड वाली छलांग में 2030 तक 33 लाख करोड़ रुपए का इकोनॉमिक वैल्यू अनलॉक करने की शक्ति है। इंडियन एआई की यह इकोनॉमिकल वैल्यू भारत की एक पूरी पीढ़ी को गति प्रदान करने की शक्ति रखती है।

### भारत गूगल के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ा

गूगल इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर रोमा दत्ता चौबे ने गूगल फॉर इंडिया 2024 के 10th एडीशन की शुरुआत की। उन्होंने कहा - उन दिनों को याद करें जब ट्रेन टिकट बुक करने का मतलब था घंटों लाइन में लगना या बिलों का पेमेंट करना दिन भर का काम था। पिछले 20 सालों में भारत गूगल के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ा है।

## ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइल हमलाः तृतीय विश्व युद्ध की आहट

ईरान और इस्राइल के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव ने एक नया चिंताजनक मोड़ ले लिया है। ईरान ने इस्राइल पर मंगलवार की रात सैकड़ों मिसाइलें दागी हैं। यह संख्या पहले डेढ़ सौ से दो सौ के बीच बताई जा रही थी। अब यह आंकड़ा तीन सौ से चार सौ के बीच बताया जा रहा है। यह हमला न केवल दोनों देशों के बीच के तनाव को चरम पर ले गया है, वरन पूरे मध्य पूर्व की स्थिरता को गंभीर खतरे में डाल दिया है। इस्राइल और ईरान के बीच की दुश्मनी कोई नई बात नहीं है। दोनों देश वर्षों से एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं और इस्राइल का सुरक्षा तंत्र और इजरायल द्वारा किया जा रहा है। यह विस्तार मुख्य झगड़े की जड़ है। हाल के हमले ने इस संघर्ष को विश्व स्तर का बना दिया है। इतने बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले का मतलब है, ईरान अब न केवल इस्राइल के खिलाफ अपनी आक्रामकता को खुलकर दिखा रहा है, बल्कि वह इसराइल और अमेरिका के साथ खुलकर लड़ने के लिए मैंदान में आ गया है। यह ईरान की शक्ति का प्रदर्शन माना जा सकता है। ईरान अपनी सैन्य क्षमता का संदेश सारी दुनिया को देना चाहता है। इस्राइल ने कई बार ईरान के परमाणु कार्यक्रमों पर निशाना साधने और उसके आंतरिक मामलों में दखल देने के कारण ईरान को आक्रामक बना दिया है। इस्राइल की ओर से इस हमले का जवाब ईरान को मिलना तय है। इस्राइल की प्रतिक्रिया से ईरान सहित पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ना तय है। इसमे वैश्विक शक्तियों के हस्तक्षेप की संभावना बढ़ गईं है। यह पूरी स्थिति विश्व शांति के लिए बेहद चिंताजनक है। जब दुनिया के देश कई विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे है। यह सैन्य संघर्ष की शुरुआत पूरे विश्व को अस्थिर कर सकती है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन इस लड़ाई में मध्यस्थता के लिए जो प्रयास अभी तक किए गये हैं, वह सब विफल रहे हैं। जल्द ही समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संघर्ष भयावह हो सकता है।मिसाइल हमले के बाद की स्थिति में क्षेत्रीय स्थिरता, नागरिकों की सुरक्षा और वैश्विक शांति सभी खतरे में पड़ती दिख रही है। अब यह देखना होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संकट को शांत करने के लिए क्या प्रयास करता है। इजराइल ने जिस तरह से आक्रामक तेवर दिखाये हैं, अमेरिका ने पीछे से इजराइल का समर्थन किया है। पिछले कई महीनो से इजराइल नरसंहार कर रहा है। गाजा पट्टी पर कब्जा करने के बाद इजराइल अब लेबनान में घुस गया है। ईरान को सीधी चेतावनी दे दी गई है ऐसी स्थिति में अब ईरान के पास भी और कोई विकल्प नहीं रह गया था। ईरान के हमले के बाद वैश्विक स्तर पर चीन और रूस का समर्थन ईरान को मिलना तय है। यूक्रेन और रूस के बीच में पिछले कई महीनो से युद्ध चल रहा है। नाटो के देश और अमेरिका खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। इजराइल अपनी विस्तारवादी नीतियों के कारण आक्रामक बना हुआ है। रूस और चीन जैसी महा शक्तियों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए इस युद्ध में ईरान के पक्ष में कूदना ही पड़ेगा। रूस ने चेतावनी दी है, वह अपनी परमाणु और एटमी शक्ति का उपयोग कर सकता है। ऐसी स्थिति में तृतीय विश्व युद्ध की आशंका अब व्यक्त की जाने लगी है। दुनिया के सारे देश आर्थिक मंदी में फंसे हुए हैं। दुनिया के देशों में शासको के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन चल रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से जब आंतरिक चुनौतियों तेज हो जाती हैं, तब शासक वर्ग इसी तरह से जनता का ध्यान भटकाने के लिए बाहय युद्ध का हउआ खड़ा करके अपनी सत्ता को बचाना चाहते हैं। सत्ता की इस लड़ाई में एक बार फिर विश्व शांति खतरे में पड़ रही है। कोई किसी की नहीं सुन रहा है। जिस तरह की स्थिति बन गई है, उसमें खाड़ी के देश ईराक, जार्डन, सऊदी, यूएई, कतर जैसे देश भी इस लड़ाई में शामिल होंगे। ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा मिसाईल का यह हमला ट्रेलर है। पूरी पिक्चर बाकी है। ईरान ने अमेरिकी परस्त खाड़ी देशों को भी निशाने पर ले लिया है। इससे सारी दुनिया में इस लड़ाई को तीसरे विश्व युद्ध की लड़ाई का प्रारंभिक चरण माना जा रहा है।

## सियासत में जलेबी, चूरमा और लड्डू

मुझे इजराइल-लेबनान युद्ध पर नहीं लिखना। मैं फ़िलहाल चिराग पासवान पर भी नहीं लिखना चाहता। मैं जलेबी और चूरमा पर लिख रहा हूँ ,क्योंकि मुझे लगता है कि मौजूदा कड़वी सियासत के दौर में जलेबी और चूरमा ज्यादा बेहतर विषय है लिखने के लिए। फ़िलहाल जलेबी और चूरमा पर हिन्दू-मुसलमान की छाप भी नहीं पड़ी है ,इसलिए वे अब तक समरसता का बोध कराने वाले मिष्ठान हैं। आप मानें या न मानें लेकिन हकीकत ये है कि कड़वाहट से भरे नेताओं को भी मिष्ठान प्रिय होते हैं,भले ही नेता मधुमेह के शिकार हों। मिष्ठान सामने आ जाये तो पीछे नहीं हटता। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और ग्वालियर के सपूत अटल बिहारी बाजपेयी को बहादुरा के लड्डू और गुलाब जामुन प्रिय थे,हालांकि वे चाची के मंगौड़ों के भी मुरीद थे।मुझे लगता है की भाजपा ने यहीं से मंगौड़े तलने की बात शुरू की थी। जब तक अटल जी रोग शैय्या पर नहीं गए थे तब तक इन लड्डुओं और मंगौड़ों का सेवन करते रहे। बाजपेयी जी से मिलने वाले उनके रिश्तेदार हों या और कोई यदि उन्हें बहादुरा के लड्डू भेंट करते थे तो उनके मुखमंडल पर एक स्निग्ध मुस्कान तैरने लगती थी।पूर्व राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा जलेबी कि शौकीन थे। वे राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों को भी जलेबी ही खिलते थे। हाल ही में तिरुपति के प्रसादम में मिलने वाले लड्डुओं के विवाद के बावजूद ग्वालियर में न बहादुर के लड्डुओं के प्रेमियों की संख्या कम हुई है और न लखनऊ में ठग्गू के लड्डुओं की। लड्डू हैं ही ऐसी मिठाई जिसे हर जाति और धर्म के लोग खाते हैं। लड्डू मेरे हिसाब से मिठाइयों का राजा है। कायदे से उसे अब रक राष्ट्रीय मिष्ठान घोषित कर देना चाहिए था। मुमकिन है की महाराष्ट्र सरकार ने जैसे हाल ही में गाय को राज्य माता का दर्जा दिया है वैसे ही आने वाले दिनों में कोई लड्डू प्रेमी सरकार लड्डू को भी राज्य या राष्ट्र मिष्ठान का दर्जा दे दे। हमारे यहां दर्जा देना या पेरोल देना बहुत आसान काम है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में गोहाना पहुंचे लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता और भाजपा के सर पर चढ़े भूत राहुल गांधी भी जलेबी नाम के एक मिष्ठान के मुरीद हो गए। गोहाना की चुनवाई सभा के मंच पर राहुल गांधी ने मातूराम हलवाई की जलेबी का स्वाद चखा। दीपेंद्र हुड्डा ने राहुल गांधी को अपने हाथों ये जलेबी खिलाई। राहुल को इसका स्वाद इतना पसंद आया कि उन्होंने एक डिब्बा अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए पैक करवा लिया। उन्होंने अपनी रैली में भी इस जलेबी का जिक्र किया। बता दें कि लाला मातूराम की जलेबी कोई सामान्य जलेबी नहीं है, इनका आकार सामान्य जलेबी से ज्यादा बड़ा है। एक जलेबी ढाई सौ ग्राम तक की होती है। जलेबी केवल हम भारतीयों को ही नहीं बल्कि भारत के बाहर तमाम इस्लामिक राष्ट्रों की जनता को भी प्रिय है। वे इसे हिन्दू मिठाई मानकर इसका तिरस्कार नहीं करते। जानकार बताते हैं कि जलेबी भारतीय उपमहाद्वीप व मध्यपूर्व की एक लोकप्रिय मिठाई है। यह किसी कर्ण कुंडल की तरह ऐसी रस्सभरी होती है कि आप इसे खाये बिना रह नहीं सकते। कोई इसे दूध में डालकर खाता है तो कोई रबड़ी डालकर । किसी को जलेबी दही के साथ खाना पसंद है लेकिन खाते सब है। कहीं जलेबी बहुत छोटे आकर की बनती है तो गोहाना में 250 ग्राम की एक। सागर में तो जलेबी में मावा भरा जाता है। इसका स्वाद में मीठी और खमीर की वजह से हल्की सी खट्टी जलेबी की लोकप्रियता ऐसी है की हमारे यहां सुंदर महिलाओं का नाम तक जलेबी बाई रखा जाता है।जलेबी की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि हमारे यहां जलेबी बाई फ़िल्मी गीत भी है ,बेव सीरीज भी है और कार्टून श्रंखला भी जलेबी की धूम मैंने अपनी अनेक विदेश यात्राओं में भी देखी भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, ईरान के साथ समस्त अरब देशों में भी यह जानी-पहचानी है। मैंने तो स्पेन में भी जलेबी खाई। अमेरिका में तो जलेबी आसानी से मिल जाती है। जलेबी की तारीफ़ कर इसके जरिये रोजगार की बात कर राहुल गांधी भले ही अपने विरोधियों द्वारा ट्रोल किये जा रहे हों लेकिन इससे जलेबी का तो भला ही हुआ।वैसे भी हमारे राम जी सभी का भला करते हैं। जलेबी के बाद आइये बात करते हैं चूरमा की। चूरमा राजस्थान का अघोषित राज्य मिष्ठान है और इसकी धूम देश-विदेश तक है। हाल ही में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी चूरमा खाकर न सिर्फ गदगद हो गए बल्कि उन्हें अपनी दिवंगत माँ की याद भी आ गयी। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की मान ने ये चूरमा भेजा था। मोदी जी ने चूरमा न सिर्फ खुद खाया बल्कि जमैका के प्रधानमंत्री को भी खिलाया और भावुक होकर नीरज की माँ श्रीमती सरोज देवी को एक आभार पत्र भी लिख दिया।आपको याद होगा की मोदी जी सामान्य तौर पर किसी कि पत्र का जबाब नहीं देते।

## नौ शक्तियों का मिलन पर्व है नवरात्रि

> चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजडित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें।

योगेश कुमार गोयल

आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के पावन पर्व नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। नवरात्रि के ये दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। शारदीय नवरात्रि की शुरुआत इस वर्ष 3 अक्तूबर से हुई है, जिनका समापन 12 अक्तूबर को होगा। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त सिद्धिदात्री महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## शक्तिशाली देशों की सूची में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

> भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ौसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है।

प्रहलाद सबनानी

आस्ट्रेलिया के एक संस्थान, लोवी इन्स्टिटयूट थिंक टैंक, ने हाल ही में एशिया में शक्तिशाली देशों की एक सूची जारी की है। "एशिया पावर इंडेक्स 2024" नामक इस सूची में भारत को एशिया में तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश बताया गया है। वर्ष 2024 के इस इंडेक्स में भारत ने जापान को पीछे छोड़ा है। इस इंडेक्स में अब केवल अमेरिका एवं चीन ही भारत से आगे है। रूस तो पहिले से ही इस इंडेक्स में भारत से पीछे हो चुका है। इस प्रकार अब भारत की शक्ति का आभास वैश्विक स्तर पर भी महसूस किया जाने लगा है। एशिया पावर इंडेक्स 2024 के प्रतिवेदन में बताया गया है कि वर्ष 2023 के इंडेक्स में भारत को 36.3 अंक प्राप्त हुए थे जो वर्ष 2024 के इंडेक्स में 2.8 अंक से बढ़कर 39.1 अंकों पर पहुंच गए हैं एवं भारत इस इंडेक्स में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर आ गया है।

एशिया पावर इंडेक्स 2024 को विकसित करने के लिए कुल 27 देशों और क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों का आंकलन एवं सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। एशिया में जो नए शक्ति समीकरण बन रहे हैं उनका ध्यान भी इस इंडेक्स में रखा गया है तथा विभिन्न मापदंडों पर आधारित पिछले 6 वर्षों के आकड़ों का विश्लेषण कर यह इंडेक्स बनाया गया है। आर्थिक क्षमता, सैन्य (मिलिटरी) क्षमता, अर्थव्यवस्था में लचीलापन, भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध एवं सांस्कृतिक प्रभाव जैसे मापदंडो पर उक्त 27 देशों एवं क्षेत्रों का आंकलन कर विभिन्न देशों को इस इंडेक्स में स्थान प्रदान किया गया है। उक्त इंडेक्स में अमेरिका, 81.7 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। चीन 72.7 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। भारत ने इस इंडेक्स में 39.1 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जापान को 38.9 अंक, आस्ट्रेलिया को 31.9 अंक एवं रूस को 31.1 अंक प्राप्त हुए हैं एवं इन देशों का क्रमशः चतुर्थ, पांचवा एवं छठवां स्थान रहा है। इस इंडेक्स में प्रथम 5 स्थानों में से 4 स्थानों पर "क्वाड" के सदस्य देश हैं - अमेरिका, भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया। एशिया में अमेरिका की लगातार बढ़ती मजबूत ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि, चीन की मजबूत मिलिटरी ताकत के चलते उसे इस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जापान के इस इंडेक्स में तीसरे से चौथे स्थान पर आने के कारणों में मुख्य कारण उसकी आर्थिक स्थिति में लगातार आ रही गिरावट है। भारत ने चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। आर्थिक क्षमता एवं भविष्य में संसाधनो की उपलब्धता के क्षेत्र में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनयिक एवं आर्थिक सम्बंध के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। अब केवल अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं एवं जापान, आस्ट्रेलिया एवं रूस भारत से पीछे हो गए हैं। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक विश्व की महान शक्तियों में भारत का कहीं भी स्थान नजर नहीं आता था। केवल अमेरिका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रान्स आदि देशों को ही विश्व में महाशक्ति के रूप में गिना जाता था। अब इस सूची में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उक्त इंडेक्स तैयार करते समय आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि अन्य शक्तिशाली देशों का भी आंकलन किया गया है। साथ ही, विश्व में तेजी से बदल रहे शक्ति के नए समीकरणों का भी व्यापक आंकलन किया गया है। इस आंकलन के अनुसार अमेरिका अभी भी एशिया में सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना हुआ है। चीन तेजी से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर आया है। तेजी से बढ़ती सेना एवं आर्थिक तरक्की चीन की मुख्य ताकत है। उक्त प्रतिवेदन में यह तथ्य भी बताया गया है कि उभरते हुए भारत से अपेक्षाओं एवं वास्तविकताओं में अंतर दिखाई दे रहा है। इस प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के पास अपने पूर्वी देशों को प्रभावित करने की सीमित क्षमता है। परंतु, वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत अपने पड़ौसी देशों नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बंगलादेश, म्यांमार एवं अफगानिस्तान, आदि की विपरीत परिस्थितियों के बीच भारी मदद करता रहा है। आसियान के सदस्य देशों की भी भारत समय समय पर मदद करता रहा है, एवं इन देशों का भारत पर अपार विश्वास रहा है। कोरोना के खंडकाल में एवं श्रीलंका, म्यांमार तथा अफगानिस्तान में आए सामाजिक संघर्ष के बीच भारत ने इन देशों की मानवीय आधार पर भरपूर आर्थिक सहायता की थी एवं इन्हें अमेरिकी डॉलर में लाइन आफ क्रेडिट की सुविधा भी प्रदान की थी ताकि इनके विदेशी व्यापार को विपरीत रूप से प्रभावित होने से बचाया जा सके। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार भारत के पास भारी मात्रा में संसाधन मौजूद हैं एवं जिसके बलबूते पर आगे आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास को और अधिक गति मिलने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। साथ ही, भारत अपने पड़ौसी देशों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भी क्षमता रखता है। भारत ने हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू किए हैं। जिसके चलते लगातार तेज हो रहे आर्थिक विकास के बीच सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति और बेहतर हो रही है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की मान्यता बढ़ रही है। साथ ही, बहुपक्षीय मंचों पर भी भारत की सक्रिय भागीदारी बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया के कई देशों के साथ अपने सम्बंधों को मजबूत किया है। अब तो अफ्रीकी देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ता जा रहा है एवं भारत में ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में हाल ही में अपनी कूटनीतिक एवं राजनयिक क्षमता में भी भरपूर सुधार किया है एवं इसके बल पर वैश्विक स्तर पर न केवल विकसित देशों बल्कि विकासशील देशों को भी प्रभावित करने में सफल रहा है। यूक्रेन एवं रूस युद्ध के समय केवल भारत ही दोनों देशों के साथ चर्चा कर पाता है एवं युद्ध को समाप्त करने का आग्रह दोनों देशों को कर पाता है। इसी प्रकार, इजराईल एवं हमास युद्ध के समय भी भारत दोनों देशों के साथ युद्ध समाप्त करने की चर्चा करने में अपने आप को सहज एवं सक्षम पाता है। आपस में युद्ध करने वाले दोनों देश भारत की सलाह को गम्भीरता से सुनते नजर आते हैं। भारत ने कभी भी विभिन्न देशों के आंतरिक स्थितियों पर अपनी विपरीत राय व्यक्त नहीं की है और न ही कभी उनके आंतरिक मामलों में कभी हस्तक्षेप किया है। इस दृष्टि से वैश्विक पटल पर भारत की यह विशिष्ट पहचान एवं स्थिति है।

## हिंदी में विज्ञान पुस्तक का होना आज की आवश्यकता

संजय गोस्वामी

हिंदी में विज्ञान पुस्तक का होना आज की आवश्यकता है ऑनलाइन में लोग पढ़ते तो हैं लेकिन उसमें सन्दर्भ का आभाव रहता है प्रिंट मीडिया में डिजिटल के अलावे हार्ड कॉपी यानि छपना भी आवश्यक है जो इन दिनों किसी कारण बन्द के कगार पर है या तो अच्छी पुस्तक छपति नहीं या पुस्तक की विक्री और लागत मूल्य में कमी के कारण रॉयल्टी का कम मिलना ऐ हिंदी पुस्तक को सहेजे क्योंकि यही पुस्तकालय में शुद्ध ज्ञान का संचार व गरीब छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगी इधर हाल ही में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी प्रकाशन समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तक क्षेमकुतूहलम का लोकार्पण मुख्य अतिथि डक्कन कालेज के पूर्व कुलपति एवं वर्तमान में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर एवः संग्रहालय, लोथल के संस्थापक महानिदेशक प्रो. वसंत शिंदे (राखीगढ़ी मैंन के नाम से प्रसिद्ध), विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो संजय कुमार, संकायप्रमुख प्रो सुख महेन्द्र सिंह, समन्वयक प्रो ज्ञानेश्वर चौबे एवं लेखक डॉ दया शंकर त्रिपाठी द्वारा विज्ञान संस्थान के शान्ति स्वरूप भटनागर सभागार में 14सितम्बर 24 को किया गया। यह कार्यक्रम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी प्रकाशन समिति द्वारा हिन्दी दिवस पर आयोजित 'हिन्दू संस्कृति का भारतीय ज्ञान परम्परा उद्यम और उत्पत्ति में योगदान' विषयक व्याख्यान के अवसर पर किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय ज्ञान परम्परा में स्वस्थवृत्त का बहुत बड़ा स्थान रहा है। हमारा प्राचीन भारतीय ज्ञान काफी समृद्ध और सार्वजनिक जीवन के लिए उपयोगी रहा है। ऐसे में स्वस्थवृत्त और पाकशास्त्र की दुर्लभ कृति का प्रकाशन कर हिन्दी प्रकाशन समिति ने भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। समन्वयक प्रो ज्ञानेश्वर चौबे ने कहा की यह समिति द्वारा प्रकाशित 70वां पुस्तक है जिसमें स्वस्थ जीवन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियों का उल्लेख है। लेखक डॉ. दया शंकर त्रिपाठी ने कहा कि इस पुस्तक की मौलिक रचना संस्कृत भाषा में की गई थी जो सन् 1548 ई. (वि. सं. 1605 में राजवैद्य श्रीक्षेमशर्मा द्वारा पूर्ण हुई थी। आकर्षक रंगीन आवरण सहित 317 पृष्ठों के पुस्तक में कुल बारह अध्याय हैं जिनमें प्रातःकाल से अगला प्रातःकाल होने तक के मानवोपयोगी क्रियाकलाप, मास से आरम्भ से मास के अन्त तक के क्रियाकलाप, वर्ष के आरम्भ से वर्ष के अन्त तक के क्रियाकलाप तथा गर्भ में आने से लेकर मृत्यु पर्यन्त के सभी क्रियाकलापों का वर्णन मिलता है। इनके साथ ही भोजनालय का स्वरूप, भोजनपात्र, रसों के अनुसार पात्र, विषयुक्त अन्न परीक्षण, विषदाता के हावभाव, विष परीक्षण हेतु पक्षियों के नाम, आदि के संदर्भ में निर्देशित किया गया है। प्यास में भोजन करना और भूख में पानी पीने से क्रमशः गुल्मरोग तथा जलोदर रोग होता है। इस ग्रन्थ में मनुष्य को कैसे रहना चाहिए और क्या खाना चाहिए (आहार- विहार) आदि का क्रियात्मक विचार व्यक्त किया है। दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, विविध आहार-विहार, उसका सेवनकाल, विविध आहार के निर्माण प्रकार एवं गुण का निरूपण बड़े ही व्यावहारिता के साथ किया है। पुस्तक में एक स्थान पर लिखा है कि पाक-विधि द्वारा प्रस्तुत अन्न जहाँ जीवन है, विधिहीनता और विरुद्धाहार का शिकार होकर वह विष बन जाता है। इस पुस्तक के वरिष्ठ लेखक आचार्य डॉ. इन्द्रेदव त्रिपाठी जी हैं जिन्होंने ने पूर्व में गदनिग्रह, महौषधनिघण्टु, रसार्णव, वैद्यजीवन, नाड़ीविज्ञान, नाड़ीपरीक्षा, योगरत्नाकर, वैद्यमनोत्सव आदि जैसे कई महत्वपूर्ण प्राचीन ग्रन्थों का प्रमाणिक अनुवाद कर आयुर्वेद की अभूतपूर्व सेवा की है। पुस्तक का मूल्य दो सौ पचास रुपये है जो लागत मूल्य के बराबर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, वैज्ञानिक, शोध छात्र और छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।अब हिंदी दिवस का समापन समारोह आ गया लेकिन हिंदी विज्ञान लेखन से अवश्य ही समाज में ज्ञान का प्रचार प्रसार होगा.चूंकि समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं में जगह सीमित होती है, इसलिए शब्दों की सीमा का ध्यान रखना ज़रूरी है।

# अगर आपके शहर में सेल लगी है तो कुछ बातों का जरूर रखें ध्यान




**ऐसी सेल की तरफ जरा भी न मुड़ें जहां औसत सेल की कीमत से ज्यादा कीमत में चीजें मिल रही हों। असल में सेल में चीजों की कोई गारंटी नहीं होती। ऐसे में यदि आप महंगे सेल से चीजें खरीदते हैं तो हो सकता है कि उसमें आपको ठगा हुआ महसूस हो।**

अगर आपके शहर में सेल लगी है और आप उसमें जा रहीं है तो कुछ बातों का ध्यान रखें। सेल में कीमत अन्य दुकानों की तुलना में बहुत कम होती है। यही कारण है कि कोई भी सेल के मायाजाल से बच नहीं पाता। इस कारण ज्यादातर लोग सेल में ठगे जाते हैं पर आप इससे बच सकती हैं। इसके लिए बस कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सेल, यह एक ऐसा आकर्षक शब्द है जिसे देख हर कोई इस तरफ बढ़ता चला जाता है। सेल का मतलब है कि बाजार से बेहद कम राशि में वस्तु विशेष खरीदना। यह कीमत अन्य दुकानों की तुलना में बहुत कम होती है। यही कारण है कि कोई भी सेल के मायाजाल से बच नहीं पाता। इसी कारण ज्यादातर लोग सेल में ठगे जाते हैं।

## गुणवत्ता पर ध्यान दें

अकसर देखने में आता है कि सेल में मिल रही चीजें गुणवत्ता के लिहाज से बहुत बेकार होती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर वस्तु खराब ही निकले। इनमें से कुछ चीजें ऐसी भी होती हैं जो अन्य दुकानों में महंगी मिल सकती हैं जबकि सेल में आसानी से और सस्ते में उपलब्ध है। अतः सेल में खरीदारी के वक्त गुणवत्ता का अवश्य ख्याल रखें और ऐसा हो कि आप सस्ते के फेर में गैर जरुरी सामान भी खरीद लें। सेल से कोई भी सामना खरीदते वक्त इनकी जांच अवश्य करें। दरअसल कई लोगों का सेल से बहुत ही बुरा अनुभव रहा है। कई बार महिलाएं इसमें से सामान खरीद लाती है पर घर आने पर पता चलता है किस वह सही नहीं है या नकली है। इस प्रकार अकसर सेल ठगे जाने के मामले सामने आते हैं।




## कीमत का ख्याल रखें

ऐसी सेल की तरफ जरा भी न मुड़ें जहां औसत सेल की कीमत से ज्यादा कीमत में चीजें मिल रही हों। असल में सेल में चीजों की कोई गारंटी नहीं होती। ऐसे में यदि आप महंगे सेल से चीजें खरीदते हैं तो हो सकता है कि उसमें आपको ठगा हुआ महसूस हो। इसके अलावा आप चाहें तो पहले अन्य दुकानों में वस्तु विशेष की तुलना कर सेल से उसे खरीद सकती हैं।

## कम चीजें खरीदें

सेल का मतलब यह कतई नहीं है कि आप खरीददारी करती रहें। सेल में चीजें सस्ती मिलती हैं लेकिन जैसा कि इस बात का हमेशा डर होता है कि इसमें सामान अच्छी गुणवत्ता के नहीं मिलते। कई बार कपड़े फटे पुराने कपड़े और इलेक्ट्रोनिक सामान मिक्सी, प्रेस आदि खराब निकलते हैं। इसलिए उतने ही खरीदें जितनी की आपको आवश्यकता है। ध्यान रखें कि सेल से खरीदी गई चीजें ज्यादा दिन नहीं चलतीं।

## सेल से सम्बंधित जानकारी लें


जिस सेल से आप कपड़े आदि खरीदने को आतुर हो रहे हैं, जरूरी है कि पहले उसके बारे में थोड़ी सी जानकारी हासिल कर लें। जिस तरह आप किसी भी दुकान पर विश्वास करने से पहले उसके ग्राहकों से जानकारी हासिल करते हैं।

# घर में इस प्रकार रहेगा सकारात्मक माहौल

**घर** में खुशहाली लाने के लिए हमें सकारात्मक माहौल रखना होगा। साथ ही वास्तुदोषों को दूर करना होगा। हम जिस स्थान पर रहते हैं, उसे वास्तु कहते हैं। इसलिए जिस जगह रहते हैं, उस मकान में कौन-सा दोष है, जिसके कारण हम दुख-तकलीफ उठाते हैं, इसे स्वयं नहीं जान सकते। हमें यह भी पता नहीं रहता कि उस घर में नकारात्मक ऊर्जा है या सकारात्मक।

वास्तु में प्रत्येक स्थान का जगह तय है और इसमें फेरबदल होने से वास्तु दोष होता है। ईशान अर्थात ई-ईश्वर, शान-स्थान। इस स्थान पर भगवान का मंदिर होना चाहिए एवं इस कोण में जल भी होना चाहिए। यदि इस दिशा में रसोई घर हो या गैस की टंकी रखी हो तो वास्तुदोष होगा।

अतः इसे तुरंत हटाकर पूजा स्थान बनाना चाहिए या फिर इस स्थान पर जल रखना चाहिए। पूर्व दिशा में बाथरूम शुभ रहता है। खाना बनाने वाला स्थान सदैव पूर्व अग्निकोण में होना चाहिए। भोजन करते वक्त दक्षिण में मुंह करके नहीं बैठना चाहिए। प्रमुख



व्यक्तियों का शयन कक्ष नैऋत्य कोण में होना चाहिए। बच्चों को वायव्य कोण में रखना चाहिए। शयनकक्ष में सोते समय सिर उत्तर में, पैर दक्षिण में कभी न करें। अग्निकोण में सोने से पति-पत्नी में वैमनस्यता रहकर व्यर्थ धन व्यय होता है। ईशान में सोने से बीमारी होती है। पश्चिम दिशा की ओर पैर रखकर सोने से आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है। उत्तर की ओर पैर रखकर सोने से धन की वृद्धि होती है एवं उम्र बढ़ती है। फेंगशुई के अनुसार घर का मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व व अग्नि कोण के द्वार का रंग सदैव हरा या ब्ल्यू रखना चाहिए। दक्षिण दिशा के प्रवेश द्वार का रंग हरा, लाल, बैंगनी, केसरिया होना चाहिए। नैऋत्य और ईशान कोण का प्रवेश द्वार हरे रंग का या पीला केसरी या बैंगनी होना चाहिए। पश्चिम और वायव्य दिशा का प्रवेश द्वार सफेद या सुनहरा होना चाहिए। उत्तर दिशा का प्रवेश द्वार आसमानी सुनहरा या काला होना चाहिए। बेडरूम में टेबल गोल होना चाहिए। बीम के नीचे व कालम के सामने नहीं सोना चाहिए।

# हम असफलता से क्यों डरते हैं? असफलता अंतिम नहीं होती

**एक बहुत अधिक सफल व्यक्ति कई बार अपने व्यक्तिगत जीवन में असफल होता है। हो सकता है एक असफल कर्मचारी बहुत अच्छा पिता या पति हो, एक छात्र जो फेल हो गया हो वो फुटबाल में बहुत अच्छा हो। असफलता हमें आईना दिखाती है, अपनी कमजोरियों का एहसास कराती हैं। वो हमें ऐसे पाठ पढ़ाती है जो हम सफल होकर कभी नहीं सीख सकते। एप्पल कंपनी के मालिक स्टीव जॉब्स को अपनी ही कंपनी से बाहर कर दिया गया था।**

असफलता हमें आईना दिखाती है, अपनी कमज़ोरियों का एहसास कराती हैं। वो हमें ऐसे पाठ पढ़ाती है जो हम सफल होकर कभी नहीं सीख सकते। एप्पल कंपनी के मालिक स्टीव जॉब्स को अपनी ही कंपनी से बाहर कर दिया गया था। क्यों? क्योंकि उनके कई निर्णय असफल हुए और कंपनी को नुकसान उठाना पड़ा। निराश होने की बजाए उन्होने अपनी ग़लतियों से सीख ली और नेक्स्ट नामक कंपनी का निर्माण किया। इस कंपनी को एप्पल ने खरीदा और जॉब्स दोबारा एप्पल के निदेशक बने।

दुनिया के सबसे सफल लोग निराशा और विफलता का सामना करने के बाद ही सफल हुए हैं, फिर भी हम असफलता से क्यों डरते हैं? असफलता अंतिम नहीं होती। असफलता हमें इसलिए बुरी लगती है क्योंकि हम उस पर आशा लगा चुके होतें हैं। हमारी भावनायें उस एक विशेष मकसद से जुड़ चुकी होती हैं। इसलिए जब वो मकसद पूरा नहीं होता तो हमारा दिल टूट जाता है।


एक बहुत अधिक सफल व्यक्ति कई बार अपने व्यक्तिगत जीवन में असफल होता है। हो सकता है एक असफल कर्मचारी बहुत अच्छा पिता या पति हो, एक छात्र जो फेल हो गया हो वो फुटबाल में बहुत अच्छा हो। असफलता हमें आईना दिखाती है, अपनी कमजोरियों का एहसास कराती हैं। वो हमें ऐसे पाठ पढ़ाती है जो हम सफल होकर कभी नहीं सीख सकते। एप्पल कंपनी के मालिक स्टीव जॉब्स को अपनी ही कंपनी से बाहर कर दिया गया था। क्यों? क्योंकि उनके कई निर्णय असफल हुए और कंपनी को नुकसान उठाना पड़ा। निराश होने की बजाए उन्होने अपनी गलतियों से सीख ली और नेक्स्ट नामक कंपनी का निर्माण किया।

इस कंपनी को एप्पल ने खरीदा और जॉब्स दोबारा एप्पल के निदेशक बने। हो सकता है आज आपकी असफलता में आपकी कोई ग़लती हो, या आपकी कोई ग़लती ना हो। लेकिन क्या ये घटना आपको कुछ सिखा रही है? क्या आपके जीवन का कोई ऐसा पहलू है जिसे आप सुधार सकते हैं? आप अपने प्रयासों में क्या सुधार कर सकते हैं? लेकिन



सबसे अधिक जरूरी सवाल ये है । आपके मकसद या प्रयास के पीछे क्या इरादा था? अगर आपका इरादा सही था, तो आप असफल हुए भी तो कोई बात नहीं। आपका नेक इरादा आपको एक दिन सफलता ज़रूर देगा। सफल व्यक्ति कैसा जीवन जीतें हैं?
सफल व्यक्ति अक्सर जीवन में कुछ नियमों का पालन करते हैं। जैसेः

- वे पुरानी असफलता भूलकर नई चुनौतीयां लेते हैं।
- ऐसे लक्ष्य बनाते हैं जो उनकी क्षमता के अनुरूप हो।
- खुद के लिए समय निकालते हैं जिनमें वे वो काम करते हैं जिनसे तनाव दूर हो जैसे, तैरना, संगीत सुनना या बजाना, दोस्तों के साथ समय बिताना, नयी जगह की यात्रा करना आदि।
- जब परिस्थिति कठिन हो तो धीरज रखते हैं।
- दूसरों से राय लेते हैं।
- खुद पर बहुत अधिक जोर या तनाव नहीं आने देते।
- वे काम और अन्य लोगों के लिए स्वस्थ सीमा निर्धारित करते हैं।
- काम से अक्सर अवकाश लेते हैं।
- अपराध भाव में नहीं जीते।
- दूसरों की जरूरतों के बारे में सोचते हैं।
- हमेशा अपने जीवन के प्रति आभार की भावना रखते हैं।
- असफलता का सामना साहस के साथ कीजिए और हर असफलता से सबक लें। जीवन में बहुत मौके मिलते हैं। अगर आप ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो आप निराश नहीं होंगे।
- जब कभी भी आपको काम या व्यक्तिगत संबंधों में असफलता का सामना करना पड़े, आप कुछ इन पहलुओं पर गौर कर सकते हैंः
- इस बात को मान लें कि जीवन के लिए सार्थक चीज़ें बहुत आसानी से कभी नहीं मिलेंगी।
- लोग अब आपको नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे। उनका सामना करने के लिए तैयार हो जाइए। उनकी बातों को नजर अंदाज करना सीखिए।
- असफलता हमें कुछ पाठ सिखाती हैं, जो हमें सफल होने में मदद कर सकते हैं। उस पाठ को समझें।



# छिपकली के गिरने के शुभ-अशुभ प्रभावों को जानें

*जीवन में बहुत सारे ऐसे संकेत मिलते हैं, जिनसे हमें अंदाजा हो जाता है कि भविष्य में कैसा समय आएगा जैसे ज्योतिष के अनुसार छिपकली के शरीर पर गिरने से भी शुभ-अशुभ प्रभावों के बारे में जाना जा सकता है। ज्योतिष विद्वान कहते हैं छिपकली का पुरुषों के बाएं अंगों व महिलाओं के दाहिने अंगों पर गिरना अशुभ माना जाता है और पुरुषों के दाएं अंगों व स्त्रियों के बाएं अंगों पर गिरना शुभ होता है।*

जब छिपकली शरीर के किसी अंग पर गिरे तो उस स्थान को पानी से धो लें या नहा लें क्योंकि उसके शरीर में जहरीला पदार्थ होता है। जब वह किसी पर गिरती है तो अपने शरीर का जहर अपकी त्वचा पर छोड़ देती है।

- माथे पर छिपकली के गिरने से धन मिलने की संभावना बढ़ती है। बालों पर छिपकली का गिरना मौत आने का संकेत है। दाएं कान पर छिपकली के गिरने से गहनों की प्राप्ति होती है और बाएं कान पर गिर जाए तो आयु में वृद्धि होती है।
- छिपकली का नाक पर गिरना भाग्योदय का सूचक भी होता है और मुख पर गिरने से स्वादिष्ट खाने की प्राप्ति होती है।
- छिपकली बाएं गाल में गिरे तो पुराने मित्र से भेंट होती है और दाएं गाल में गिरे तो आयु में वृद्धि होती है।
- वहीं गर्दन पर छिपकली गिरे तो प्रसिद्धि मिलती है।
- दाईं आंख पर छिपकली का गिरना मित्र भेंट और बाईं आंख पर गिरने से शीघ्र बड़ी हानि का सामना करना पड़ सकता है। पीठ के मध्य छिपकली के गिरने से घर में विरोध होता है। पीठ के दाईं ओर छिपकली का गिरना सुख की प्राप्ति और बाईं ओर गिरना बीमारियों के आगमान की जानकारी देता है।
- छिपकली दाएं कंधे पर गिरे तो जीत हासिल होती है पर बाईं ओर गिरने से नए दुश्मन बनते हैं।
- बाजू के दाईं ओर छिपकली का गिरना लक्ष्मी प्राप्ति और बाईं ओर गिरने से धन छिन जाने की चिंता बढ़ जाती है।
- छिपकली का सीने के दाहिने भाग पर गिरना खुशियों के आगमन और बाएं भाग पर गिरना घर में ज्यादा कलह होने का सूचक है।
- यदि छिपकली पेट पर गिरे तो गहनों की प्राप्ति होती है।
- कमर के मध्य छिपकली के गिरने से धन लाभ होता है और नाभि पर गिरे तो इच्छाएं पूरी होती है।
- छिपकली के दाईं जांघ पर गिरने से सुख मिलता है और बाईं जांघ पर गिरने से शारीरिक कष्ट होता है।
- दाएं घुटने पर छिपकली के गिरने से यात्रा का मौका मिलता है यदि बाएं घुटने पर गिरे तो बुद्धि हानि होती है।

# हिजबुल्लाह पड़ा कमजोर, इजरायल हमले में नसरल्लाह के दामाद कासिर की मौत

तेल अवीव,(ईएमएस)। हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के साथ उनके दामाद हसन जाफर कासिर के मारे जाने की सूचना भी मिली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हसन जाफर कासिर को दमिश्क के करीब एक हवाई हमले में मारा गया है। वह मुहम्मद जाफर कासिर का भाई है, जो बुधवार को बेरूत में एक हवाई हमले में मारा गया था। हिजबुल्लाह के लिए यह एक और बड़ा झटका है, क्योंकि इस हमले से इजरायल के खिलाफ उसका नेतृत्व कमजोर पड़ रहा है।



कासिर बंधु 1982 के लेबनान युद्ध के बाद से अहमद कासिर ने अपनी कार में विस्फोटक भरकर इजरायली बेस में घुसपैठ की थी, जिससे वहां बड़ा धमाका हुआ। यह लेबनान के इतिहास में पहला आत्मघाती हमला था और इसे हिजबुल्लाह के संस्थापक इमाद मुग्निया के निर्देश पर अंजाम दिया गया था। अहमद कासिर को 2008 में दमिश्क में रहस्यमय तरीके से हत्या कर दी गई थी। हिजबुल्लाह ने बताया था कि अहमद के हमले ने सभी शहीद अभियानों की शुरुआत की और यह युवाओं के बीच प्रतिरोध की प्रेरणा बना।

हिजबुल्लाह हर साल अहमद कासिर की मौत को शहीद दिवस के रूप में मनाता है। हसन जाफर कासिर ने हसन नसरल्लाह की बेटी से शादी की थी, जिससे उसके और हिजबुल्लाह के बीच संबंध और मजबूत हो गए थे। अमेरिका ने मुहम्मद जाफर कासिर की गतिविधियों को देखते हुए उसे आतंकवादी घोषित कर दिया था और उसके पकड़ने या जानकारी देने वाले को 10 मिलियन डॉलर का इनाम देने का ऐलान किया था। यदि कासिर की कोई संपत्ति अमेरिका में है, तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। इस घटना ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति और भी जटिल हो गई है।

### इजरायल ने हिजबुल्लाह के छह लड़ाकों को उतारा मौत के घाट

हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध में इजरायली सेना को भी जबरदस्त नुकसान हुआ। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के साथ लेबनान में मुठभेड़ के दौरान अपने एक कमांडर समेत 8 अन्य सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई।वहीं, जवानों की शहादत का बदला इजरायल ने लेना शुरू कर दिया है। गुरुवार की सुबह मध्य बेरूत पर इजरायली सेना ने जबरदस्त बमबार की। इस हमले में कम से कम हिजबुल्लाह के छह लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, सात लोग घायल हो गए।इजराइल ने कहा कि उसने बेरूत पर सटीक हवाई हमला किया है।हमला संसद के नजदीक बेरूत के बाचौरा इलाके में एक इमारत को निशाना बनाकर किया गया। इससे पहले इजरायली सेना ने शहीद जवानों की जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया था, हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध के दौरान कैप्टन ईटन इत्जाक ओस्टर, कैप्टन हेरल एटिंगर, कैप्टन इताई एरियल गियाट, सार्जेंट फर्स्ट क्लास नोम बरजिले, सार्जेंट फर्स्ट क्लास या मंटजूर, सार्जेंट फर्स्ट क्लास नजर इटकिन, स्टाफ सार्जेंट अल्मकेन टेरेफे और स्टाफ सार्जेंट इदो ब्रॉयर शहीद हो गए।

### आज निकलेगी नसरल्लाह की अंतिम यात्रा, खामेनेई हो सकते हैं शामिल

हसन नसरल्लाह के जनाजे के दिन ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई जुमे की नमाज की अगुवाई करेंगे। यह नसरल्लाह की मौत के बाद खामेनेई पहली बार सार्वजनिक रूप से इसमें शामिल होंगे। उन्हें नसरल्लाह की मौत के बाद सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। नसरल्लाह की अंतिम यात्रा शुक्रवार को निकाले जाने की खबर है, लेकिन उनके जनाजे की तारीख और स्थान के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक नसरल्लाह के जनाजे में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है, जो उनकी लोकप्रियता और हिज्बुल्लाह के प्रति लोगों की निष्ठा को दर्शाता है। इस घटना के मद्देनजर, मिडिल ईस्ट में तनाव और अस्थिरता की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा प्रबंधों को ध्यान में रखते हुए आयोजनों की योजना बनाई जा रही है। हिज्बुल्लाह और उसके समर्थकों के बीच जनाजे को लेकर एकत्र होने वाले जनसमूह के संभावित आकार को देखते हुए सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।

### इजरायल पर ईरानी हमले में जॉर्डन ने निभाई अहम भूमिका

इजरायल पर ईरानी मिसाइल हमले में जॉर्डन ने अहम भूमिका निभाई। जॉर्डन ने 180 मिसाइलों में से एक दर्जन से ज्यादा को अपने ही हवाई क्षेत्र में रोक दिया। जॉर्डन के सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने इसकी पुष्टि की कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने इजरायल को निशाना बनाने वाली ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया।

इस कदम ने जॉर्डन सरकार और सेना को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अम्मान के बाहरी इलाके में सड़क पर गिरी एक ईरानी मिसाइल का दृश्य दिखाया गया है। जॉर्डन अधिकारियों ने कहा कि यह कदम देश की आत्मरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए जरुरी था। जॉर्डन के एक मंत्री ने साफ किया कि देश किसी भी संघर्ष में शामिल नहीं होना चाहता है, लेकिन जॉर्डन के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरुरी कदम उठाए जाएंगे। इसके बावजूद जॉर्डन के नागरिक इस रुख को लेकर असहमत हैं और कई लोगों का मानना है कि सरकार इजरायल की मदद करके गलत दिशा में जा रही है।

जॉर्डन की डेमोक्रेटिक यूनिटी पार्टी के सदस्य ने नाराजगी जताई, उन्होंने कहा कि ईरानी मिसाइलों को मार गिराना फिलिस्तीन और लेबनान में प्रतिरोध के समर्थन की भावना के खिलाफ है। जॉर्डन में फिलिस्तीनी शरणार्थियों की बड़ी संख्या है और गाजा में हाल के हमलों के चलते इजरायल के खिलाफ लोगों में नाराजगी बढ़ी है। जॉर्डन सरकार के इस कदम ने वहां के लोगों के बीच असंतोष पैदा हो गया है और नागरिकों में यह चिंता गहराने लगी है कि उनकी सरकार इजरायल के साथ मिलकर एक विवाद में शामिल हो रही है।

### ईरान ने इजरायल पर दागे थे 400 मिसाइल, लक्ष्यों को किया हिट

ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर बड़ा मिसाइल हमला किया, था जिसके बाद इस मुद्दे पर नया विवाद खड़ा हो गया है। एक ईरानी पत्रकार ने दावा किया है कि ईरान ने इजराइल पर 400 मिसाइलें दागी हैं, न कि 200, जैसा कि पहले बताया गया था कि इन मिसाइलों में से 90 फीसदी ने अपने लक्ष्यों को हिट किया है।

इजरायल ने इस हमले पर प्रतिक्रिया दी, चेतावनी दी कि ईरान ने एक बड़ी गलती की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि उनके डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर मिसाइलों को रोक दिया। हालाँकि, ईरानी पत्रकार ने इजरायल के इस दावे को चुनौती दी और कहा कि वहां पर एक सख्त सेंसरशिप है, जिसके कारण इजरायल अपना नुकसान छिपा रहा है।

उन्होंने कहा कि इजरायल झूठ बोल रहा है। हमारे पास जो जानकारी है, उसके मुताबिक 90 फीसदी मिसाइलों ने अपने लक्ष्यों को हिट किया है। ईरान की ओर से इस हमले में हाइपरसोनिक फतह मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था। कुछ वीडियो में दिखाया गया है कि मिसाइलें गिर रही हैं और बड़े धमाके कर रही हैं। ईरान के इस हमले को हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद बदले के रूप में देखा जा रहा है। यदि इजरायल पलटवार करता है, तो ईरान ने पहले ही चेतावनी दे दी है कि वह भी इजराइल को मुंहतोड़ जवाब देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा बैठक में कहा है कि जो कोई भी इजरायल पर हमला करेगा, हम उन पर पलटवार करेंगे। इस प्रकार की स्थिति मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान का यह हमला न केवल इजरायल को बल्कि पूरे क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। ईरान के इस कदम को उसकी सैन्य शक्ति के प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, जबकि इजरायल अपनी सुरक्षा को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाने का प्रयास कर रहा है। यह घटनाक्रम निश्चित रूप से मध्य पूर्व की भू-राजनीति को और जटिल बना सकती है।

# हिजबुल्लाह का अस्तिव खतरे में, सल्तनत छीनने की ताक में बैठे कई गुट

बेरुत(ईएमएस)। लेबनान में कभी एक मजबूत सैन्य और राजनीतिक संगठन हिजबुल्लाह था, अब वह गंभीर संकट का सामना कर रहा है। हसन नसरल्लाह की संभावित मौत और इजरायली आक्रमण के चलते संगठन की रीढ़ टूट चुकी है। लेबनान में हिज़बुल्लाह के प्रतिद्वंद्वी गुट इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए सक्रिय हो गए हैं। सुन्नी गुट लंबे समय से हिज़बुल्लाह की सैन्य ताकत से भयभीत थे, लेकिन अब वे संगठन के कमजोर होने पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने भी कहा है कि वे दक्षिणी लेबनान में सेना तैनात करने और हिज़बुल्लाह के लड़ाकों को वहां से हटाने के लिए तैयार हैं।



इस समय हिज़बुल्लाह के खिलाफ विभिन्न समूहों के बीच की प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इजरायल इन प्रतिद्वंद्वियों का समर्थन करके हिज़बुल्लाह को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। यदि ये गुट इजरायल के साथ मिलकर काम करते हैं, तो हिज़बुल्लाह की स्थिति और भी खराब हो सकती है।हालांकि, कार्नेगी के मोहनद हेज अली का मानना है कि हिज़बुल्लाह का सफाया करना आसान नहीं होगा। संगठन केवल एक विचार से पैदा हुआ है, और विचार खत्म नहीं होते, उन्होंने कहा। इससे यह स्पष्ट है कि भले ही हिज़बुल्लाह की मौजूदा स्थिति कमजोर हो, लेकिन इसका पूर्णतः समाप्त होना एक कठिन कार्य होगा। इस प्रकार, लेबनान में हिज़बुल्लाह की कमजोरी और उसके प्रतिद्वंद्वियों की सक्रियता एक नई राजनीतिक दिशा में संकेत कर रही है, जो देश के भविष्य को प्रभावित कर सकती है।हाल के महीनों में इजरायल ने लेबनान के दक्षिणी क्षेत्रों में हिज़बुल्लाह के ठिकानों पर कई हवाई हमले किए हैं, जिससे संगठन के कई प्रमुख कमांडर मारे गए हैं और उसके पास बचे-खुचे हथियार भी नष्ट हो गए हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान द्वारा दी जाने वाली सहायता भी अब बाधित हो गई है, क्योंकि इजरायल ने ईरान के ठिकानों पर कई बार हमले किए हैं। कार्नेगी मिडिल ईस्ट सेंटर के सीनियर फेलो मोहनद हेज अली ने कहा, हिज़बुल्लाह अब उस स्थिति में नहीं है कि वह अपनी सुरक्षा कर सके। उनके अनुसार, संगठन की शक्ति लगातार कमजोर होती जा रही है और फिर से खड़ा होना मुश्किल दिखता है।

### जमीनी लड़ाई में इजराइल का हुआ बड़ा नुकसान, 8 सैनिकों की मौत, कई घायल

लेबनान में हिजबुल्लाह के गढ़ में घुसी इजराइली सेना को कड़ी चुनौतियां मिल रही हैं। हिजबुल्लाह इजराइली सेना का जोरदार मुकाबला कर रहा है उसने ओदाइसा और यारून इलाकों से इजराइली सेना को पीछे हटने को मजबूर कर दिया है। इजराइल के इस जमीनी ऑपरेशन में आठ सैनिक मारे गए हैं और 35 से ज्यादा घायल हुए हैं। इजरायल की सेना ने यह पुष्टि की है कि हिजबुल्लाह के हमलों में उसे भारी नुकसान हुआ है, जिससे उसकी आगे की रणनीति पर बड़ा असर पड़ सकता है। लेबनान में जमीनी ऑपरेशन के तहत इजराइली सेना को हर कदम पर प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। हिजबुल्लाह ने ओदाइसा और यारून इलाकों से इजराइली सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया है। इजराइली सेना के लिए यह एक कठिन लड़ाई साबित हो रही है, क्योंकि हिजबुल्लाह के लड़ाके लेबनान की भूगोल और स्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और गुरिल्ला युद्ध में उन्हें महारत हासिल है। इजराइल की हवाई शक्ति भले ही मजबूत हो, लेकिन जमीनी लड़ाई में हिजबुल्लाह उस पर कई गुना भारी है। विशेषज्ञों का कहना है कि हिजबुल्लाह लेबनान में मजबूत स्थिति में है और इस क्षेत्र में उसका प्रभुत्व इजराइल के लिए बड़ी चुनौती है।

## कबाडी के घर के कबाड़ में 55 करोड़ की पेंटिंग

मैड्रिड (ईएमएस)। इटली के कैपरी दीप के निवासी लुइसी के घर में कबाड़ खाने की सफाई करते समय 55 करोड रुपए मूल्य की पेंटिंग मिली। यह पेंटिंग मशहूर चित्रकार पाब्लो पिकासो द्वारा बनाई गई थी। लुइसी की पत्नी को यह पेंटिंग पसंद नहीं थी। उसने पेंटिंग को कबाड़खाने में रखवा दिया था। पिछले कई साल से यह पेंटिंग वहीं रखी हुई थी। कबाड़खाने की सफाई करते समय 55 करोड़ की लॉटरी एक तरह से इस परिवार की लग गई। इसके पहले तक उसे पेंटिंग के मूल्य का ज्ञान नहीं था।

## सुंदर दिखने के लिए, 8 घंटे में 6 बार सर्जरी, 22 दिन में मौत

ब्राजीलिया (ईएमएस)। ब्राजील की 24 साल की महिला विवियन लीरा मोटे ने अपने आप को सुंदर दिखाने के लिए एक ही दिन में 6 बार सर्जरी कराई। 8 घंटे के अंदर छह बार सर्जरी की गई। 31 अगस्त को यह ऑपरेशन किए गए थे।

सर्जरी के माध्यम से ब्रेस्ट रिडक्शन, पेट, बेन,पीठ इत्यादि के छह ऑपरेशन हुये थे। ऑपरेशन के 22 दिन बाद गंभीर इंस्फेक्शन और हार्ट फ़ैल हो जाने के कारण उसकी मौत हो गई।

पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। मृतक लीरा के परिजनों का आरोप है, ऑपरेशन के 15 घंटे बाद ही उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। ऑपरेशन के बाद उसकी हालत ठीक नहीं थी। जिसके कारण शरीर में इंफेक्शन फैला।

## मैक्सिको सीमा पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत, कई घायल

ग्वाटेमाला,(ईएमएस)। मैक्सिको की सीमा के पास एक ट्रक पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है जब ट्रक हुइक्सटला शहर के पास तैनात सैनिकों के पास पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट में गुआटेमाला के रक्षा विभाग के एक बयान के मुताबिक सैनिकों ने ट्रक और दो अन्य वाहनों के पास गोलियों की आवाज सुनी। जब वे ट्रक के पास पहुंचे, तो उन्होंने चार प्रवासियों को मृत पाया और 12 अन्य घायल थे। बाद में घायलों में से दो प्रवासियों की मौत हो गई। ट्रक में कुल 33 प्रवासी सवार थे, जिनमें से ज्यादातर मिस्र, नेपाल, क्यूबा, भारत, पाकिस्तान के थे।

गौरतलब है कि चियापास क्षेत्र में अक्सर प्रवासियों की तस्करी होती है, जहां उन्हें मालवाहक ट्रकों में भरकर ले जाया जाता है। यह मामला प्रवासी संकट को लेकर एक बार फिर से गंभीर सवाल उठ रहे है, जिसमें तस्करों और अधिकारियों के बीच की जटिलता और प्रवासियों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह घटना ग्वाटेमाला और मैक्सिको के बीच की सीमा पर प्रवासियों की सुरक्षा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के मुद्दे को उजागर करती है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस घटना की निंदा की है और प्रवासियों के लिए सुरक्षित और मानवीय यात्रा सुनिश्चित करने की मांग की है। अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे विश्व युद्ध का बम जापान के हवाई अड्डे पर फटा,80 उड़ानें रद्द

टोक्यो(ईएमएस)। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान फेंका गया बम उस समय तो नहीं फटा लेकिन बीते रोज अचानक जापान के हवाई अडडे पर फट गया।यह बम इस एयरपोर्ट में दफन था, लेकिन बुधवार को उसमें विस्फोट हो गया, जिससे हड़कंप मच गया। ब्लास्ट से 'टैक्सीवे में बड़ा गड्ढा हो गया और 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जापानी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूमि एवं परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी जापान के मियाज़ाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब वहां कोई विमान नहीं था।अधिकारियों ने बताया कि आत्मरक्षा बलों और पुलिस द्वारा की गई जांच से पुष्टि हुई है कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था और अब कोई खतरा नहीं है। वे यह पता लगा रहे हैं कि अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ। पास के एक एविएशन स्कूल द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में विस्फोट से डामर के टुकड़े हवा में फव्वारे की तरह उछलते हुए दिखाई दिए।जापानी टेलीविज़न पर प्रसारित वीडियो में 'टैक्सीवे में एक गहरा गड्ढा दिखाई दिया। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं तथा उम्मीद है कि बृहस्पतिवार सुबह तक परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा।

## पाकिस्तान में पोलियो के दो मामले सामने आए, उन्मूलन प्रयासों को झटका

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामलों की पुष्टि होने से देश में अब इनकी संख्या 26 हो गई है। ये नए मामले कराची पूर्व और सुजावल जिलों में सामने आए हैं, जिससे पोलियो वायरस के उन्मूलन के प्रयासों को झटका लगा है।

मीडिया रिपोर्ट में एक बयान में कहा कि कराची पूर्व और सुजावल से यह पहला मामला सामने आया है, जहां हाल के महीनों में पर्यावरणीय नमूनों में पोलियो वायरस की मौजूदगी दिखी है। यह संकेत करता है कि पोलियो वायरस समुदायों में फैल रहा है और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। पाकिस्तान के पीएम की विशेष प्रतिनिधि ने इन नए मामलों को बच्चों के लिए चिंताजनक बताया और जोर दिया कि बच्चों को एक ऐसी बीमारी से खतरा है, जिससे आसानी से बचा जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों, सामुदायिक नेताओं और शिक्षकों से अपील की कि वे सभी बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए तत्परता से कदम उठाएं। पोलियो वायरस के खिलाफ निरंतर टीकाकरण और जागरूकता के प्रयासों की जरुरत है, ताकि बच्चों को इस भयानक बीमारी से बचाया जा सके।

## मिडिल ईस्ट में तनाव, रूस ने अपने नागरिकों के लिए जारी की चेतावनी

मास्को,(ईएमएस)। मिडिल ईस्ट में स्थिति तनावपूर्ण है, जहां इजराइल की सेना दक्षिणी लेबनान में घुसपैठ कर रही है। इजराइल, जमीनी और हवाई दोनों तरह से हमले कर रहा है, जिससे क्षेत्र में हिंसा और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इजराइल के हमले के जवाब में, लेबनान के हिज्बुल्लाह समूह ने उत्तरी इजराइल पर 100 से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। इस हमले में अब तक इजराइल के आठ सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा, इजराइली सेना ने हेब्रॉन में कर्फ्यू लगा दिया है और कई फिलिस्तीनी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है।

ईरान पर इजराइल के हमले की संभावनाओं को लेकर रूस ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की है। तेहरान में रूसी दूतावास ने अपने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्थिति सामान्य होने तक ईरान की यात्रा न करें। यह घटनाक्रम मिडिल ईस्ट में सुरक्षा और स्थिरता के लिए चिंताजनक है, और क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोशिश की जा रही है।

## जल्दी पीरियड आने वाली लड़कियों की लंबाई तेजी से बढी

स्टॉकहोम (ईएमएस)। स्वीडन की गोथेनबर्ग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 800 से ज्यादा लड़कियों पर शोध किया है। इस शोध का निष्कर्ष सामने आया है। जिन लड़कियों का 12 वर्ष से कम उम्र में पीरियड शुरू हो गया था। उनकी औसत लंबाई 13 सेंटीमीटर ज्यादा पाई गई। जिन लड़कियों का पीरियड 12 वर्ष की उम्र के बाद शुरू हुआ। उनकी औसत लंबाई बढी। जिन लड़कियों का पीरियड 14 वर्ष की उम्र में शुरू हुआ। उनकी लंबाई मात्र 3 सेमी ही बढी है। जल्द पीरियड शुरू होने वाली लड़कियों की लंबाई तेजी के साथ बढ़ती है। पीरियड का और लंबाई का जेनेटिक संबंध होता है।

## अमेरिका और यूरोप की उपस्थित पश्चिमी एशिया में समस्याओं का मूल कारणः खामेनेई

हरान (ईएमएस)। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा कि पश्चिम एशिया में समस्याओं का मूल कारण इस क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ यूरोपीय देशों की उपस्थिति है। उनके कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार उन्होंने राजधानी तेहरान में ईरानी अभिजात वर्ग और वैज्ञानिक प्रतिभाओं के एक समूह के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की, जबकि उन्होंने क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। एक समाचार एजेंसी के अनुसार खामेनेई ने कहा कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश इस क्षेत्र को छोड़ देते हैं, तो संघर्ष, युद्ध और झड़पें पूरी तरह से बंद हो जाएंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय राज्य खुद को नियंत्रित करने में सक्षम हैं और शांति और समृद्धि में सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। उनकी टिप्पणी ईरान द्वारा मंगलवार शाम को इजरायल में टारगेट्स पर लगभग 180 बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण के बाद आई। तेहरान का दावा है कि यह हमला इजरायल द्वारा हमास नेता इस्माइल हनीयेह, हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह और वरिष्ठ आईआरजीसी कमांडर अब्बास निलफोरुशन की हत्याओं के साथ-साथ अमेरिकी समर्थन से लेबनानी और फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायल द्वारा बढ़ते दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के प्रतिशोध में किया गया था।

## चर्च में मिली पिशाच की कब्र

वारसॉ (ईएमएस)। चर्च में पिशाच की कब्र मिली है, जिसको लेकर पुरातत्वविद हैरान है। यह घटना है उत्तरी पोलैंड के पैकजेवो गांव में स्थित धन्य वर्जिन मैरी के चर्च ऑफ एननसिएशन की। आमतौर पर चर्च के परिसर में पिशाचों की कब्रें नहीं पाई जातीं, इस वजह से यह खोज विशेष महत्व रखती है। खुदाई के दौरान, वैज्ञानिकों को पहले एक पत्थर की पट्टी मिली, जिस पर खोपड़ी की नक्काशी की गई थी। आगे खुदाई करने पर, उन्हें 17वीं शताब्दी के एक व्यक्ति का कंकाल मिला, जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी। इस कंकाल के गले में एक दरांती बंधी हुई थी, जो एक मध्ययुगीन प्रथा को दर्शाती है। दरांती का उपयोग पिशाचों को मृतकों से वापस लौटने से रोकने के लिए किया जाता था, जिससे यह साबित होता है कि स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को पिशाच मान लिया था। पुरातत्वविदों ने दो अन्य कंकाल भी खोजे, लेकिन उनके गले में दरांती नहीं थी। मानवविज्ञानी जस्टिना कारगस ने कहा कि खोपड़ी के अध्ययन से पता चलता है कि मृत व्यक्ति को मृत्यु से पहले कई चोटें और आघात लगे थे। कारगस का मानना है कि यह शारीरिक असामान्यता संभवतः उस व्यक्ति को सामान्य लोगों से अलग बनाती थी, जिससे लोग उससे डरते थे।

# भीषण जंग की आहटः नेतन्याहू के प्लान पर अमेरिका ने कहा- हम समर्थन नहीं करेंगे

वाशिंगटन,(ईएमएस)। ईरान के तेल और परमाणु संयंत्रों पर भी इजरायल हमला कर सकता है। इजरायली अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई में ईरान का बुनियादी ढांचा निशाने पर होगा। इजरायल ईरान के पावर प्लांट और तेल संयंत्रों को निशाना बना वहां की अर्थव्यवस्था को तबाह कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली अधिकारियों ने बताया कि इजरायल ईरान के बड़े मिसाइल हमले का कुछ ही दिनों में करारा जवाब देगा। इजरायल ईरान के अंदर तेल उत्पादन सुविधाओं और अन्य रणनीतिक स्थलों को निशाना बना सकता है। ईरान ने कहा कि अगर इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की तो उसका भी जवाब दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में इजरायल ईरान के परमाणु सुविधाओं पर हमला कर सकता है। वहीं सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इस बार इजरायल ईरान पर बड़ा जवाबी हमला कर सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान ने भी पलटवार की बात कही है। अगर ऐसा होता है तो युद्ध का बड़े पैमाने पर फैलना निश्चित है।



इजरायल अपने उन्नत लड़ाकू विमानों से ईरान पर हमला कर सकता है। इसके अलावा खुफिया एजेंसी मोसाद हमास नेता इस्माइल हानिया के तर्ज पर कोई बड़ा ऑपरेशन भी कर सकती है। इजरायली अधिकारी का कहना है कि, हमारे सामने यह बड़ा सवाल है कि ईरान पर हमले किस तरह से किया जाए, लेकिन हम इस संभावना को भी ध्यान में रखते हैं कि पूरी ताकत से हमला करेंगे। इजरायल के सभी मंत्रियों ने कहा कि हमला ऐसा हो कि ईरान अपने हमले पर खेद जताए।

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव में आईडीएफ मुख्यालय में इजरायल के सुरक्षा प्रमुखों के साथ एक बड़ी बैठक की। बैठक में ईरान को कैसे जवाब दिया जाए... इस पर चर्चा हुई।यरुशलम में बुधवार को एक बंकर में इजरायली सुरक्षा कैबिनेट की घंटों बैठक चली। बैठक में फैसला लिया गया कि इजरायल सैन्य तरीके से ईरान पर हमला करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की है। उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। जो कोई भी हम पर हमला करेगा, हम उन पर हमला करेंगे।

अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हमले के समर्थन में नहीं हैं। मगर हमले से पहले इजरायल अमेरिका को अपने विश्वास में लेना चाहता है। बाइडन ने कहा कि इजरायल ईरान में क्या करने जा रहा है... इस पर हम चर्चा करेंगे। बाइडन ने ईरान पर और प्रतिबंध लगाने की बात भी कही है।इजरायल को यह भी पता है कि ईरान पर हमला किया तो वह भी पलटवार करेगा। ऐसे में इजरायल ईरानी हमले के खिलाफ अमेरिकी सेंट्रल कमांड से रक्षात्मक सहयोग चाहता है। वहीं इजरायली वायुसेना की खातिर अधिक गोला-बारूद और अन्य सैन्य साजो-सामान भी अमेरिका से चाहता है। अमेरिका मध्य-पूर्व में सैन्य तैनाती बढ़ाने पर विचार कर रहा है। उसने अपनी वायुसेना और नौसेना को भी अलर्ट पर रखा है। जी-7 देशों के साथ के साथ भी अमेरिका ने चर्चा की है। ऐसे में आपात स्थिति में अप्रैल और उसके सहयोगी इजरायल को सैन्य मदद देने की तैयारी में जुटे हैं।

### ईरान ने इजरायल पर बरसाए प्रतिबंधित क्लस्टर बम,मानवता के लिए बेहद घातक

बीते रोज ईरान ने इजरायल पर जमकर बम बरसाए। हालांकि इससे कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। इसके बाद जो खबरें आ रहीं हैं वो चौकाने वाली हैं। बताया जा रहा है कि ईरान ने प्रतिबंधित क्लस्टर बमों से हमला किया है। वर्तमान में, 100 से अधिक देशों ने इन बमों के उत्पादन और उपयोग के खिलाफ संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, अभी भी 34 देशों के पास लगभग 200 विभिन्न प्रकार के क्लस्टर बम मौजूद हैं। हाल ही में, जब अमेरिका ने यूक्रेन को क्लस्टर बम सप्लाई करने की योजना का ऐलान किया, तो रूस ने इसकी कड़ी निंदा की थी। अमेरिका के इस कदम से रूस की स्थिति में कमजोरी आई है, क्योंकि क्लस्टर बमों की घातकता और मानवीय संकट को देखते हुए उन्हें अत्यंत संवेदनशील हथियार माना जाता है। इस प्रकार, क्लस्टर बमों के उपयोग से उत्पन्न चुनौतियाँ और खतरे वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताओं का विषय बने हुए हैं।

क्लस्टर बम एक प्रकार का हथियार होता है, जिसमें कई छोटे बमों को एक साथ पैक किया जाता है। ये छोटे बम, जिन्हें सबम्यूनिशन या बॉम्बलेट्स कहा जाता है, आमतौर पर एक बड़े बम के अंदर रखे जाते हैं। जब ये बम जमीन पर गिरते हैं, तो बड़े बम का विस्फोट होते ही कई छोटे बम एक साथ फटते हैं। इस प्रक्रिया में, इन छोटे बमों को नियंत्रित करना बेहद मुश्किल होता है। क्लस्टर बमों को फाइटर जेट, बमवर्षक विमानों और मिसाइलों से छोड़ा जा सकता है।क्लस्टर बमों की मारक क्षमता अत्यधिक होती है। ये बम एक बड़े क्षेत्र में फैलाव करते हैं और आस-पास के लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। इनमें से कई छोटे बम जमीन पर गिरने के बाद भी नहीं फटते हैं, जिससे वे 'सड़क पर बम' का रूप ले लेते हैं। ये बाद में जब भी कोई इंसान या वाहन इनके संपर्क में आता है, तो धमाके का कारण बन सकते हैं। इससे आम नागरिकों के लिए खतरा बढ़ जाता है।

### अमेरिका रिपोर्ट में भारत को चिंता वाले देशों में शामिल करने का आह्वान

अमेरिका की बाइडन सरकार के एक आयोग ने भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाले देशों में नामित करने का आह्वान किया गया है। यह रिपोर्ट अमेरिका के वरिष्ठ नीति विश्लेषक ने तैयारी की है, जिसमें धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों के खिलाफ हिंसक हमलों को उकसाने के लिए गलत सूचना के इस्तेमाल का वर्णन किया गया है।

रिपोर्ट में मुस्लिम, वक्फ संशोधन बिल, और गोहत्या विरोधी कानून का उल्लेख किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अमेरिकी आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि भारत को विशेष चिंता वाले देश के रूप में नामित किया जाना चाहिए, क्योंकि धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघनों में भारत शामिल है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में पूरे 2024 में निगरानी समूहों द्वारा धार्मिक नेताओं की हत्या, उन्हें पीट-पीटकर मारने और पूजा स्थलों के ध्वस्त होने की घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जो धार्मिक स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है।

# सच्चा मित्र आत्मविश्वास को बढ़ाता है

**मित्रता को लेकर चाणक्य नीति भी अगाह करती है कि भूलकर भी ऐसे लोगों से मित्रता नहीं करनी चाहिए जो सामने पड़ने पर प्रशंसा करते है, मृदुल व्यवहार व बातचीत करते है और पीछे से बुराई करते है। काम को बिगाड़ देते है। इस तरह के चरित्र वाले दुश्मन से भी ज्यादा खतरनाक साबित होते है। मित्रता के प्रसंग में एक दूसरे पर विश्वास होना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है जहां विश्वास को धोखा मिलता वहीं मित्रता टूट जाती है।**



जीवन सदा से ही हर उम्र में संग तलाशता रहा है, अकेलापन रहना कभी नहीं चाहता। बचपन से लेकर अंत समय तक कई आते है, कई चले जाते, इस दौरान कुछ ऐसे मिल जाते जो जिंदगी को संवार देते। जो अपनी पहचान छोड़ जाते। जो दुःख -सुख में हर क्षण साथ खड़े रहते। जिनका साथ सुखद क्षण का आभास दिलाता, अलगाव मन को व्यथित कर देता। इस तरह के चरित्र वाले बड़े सौभाग्य से मिलते जिनको मिल जाएं, वे धन्य है। इस तरह के चरित्र वाले हीं सच्चे मित्र होते है। सच्चा मित्र आत्मविश्वास को बढ़ाता है। खुशी और सुखद वातावरण पैदा करता है। दुःख के क्षण में निस्वार्थ भाव से एक पैर पर खड़ा रहता है। इस तरह की मित्रता सदा सलामत रहे, सभी चाहतें है।

मित्रता को लेकर चाणक्य नीति भी अगाह करती है कि भूलकर भी ऐसे लोगों से मित्रता नहीं करनी चाहिए जो सामने पड़ने पर प्रशंसा करते है, मृदुल व्यवहार व बातचीत करते है और पीछे से बुराई करते है। काम को बिगाड़ देते है। इस तरह के चरित्र वाले दुश्मन से भी ज्यादा खतरनाक साबित होते है। मित्रता के प्रसंग में एक दूसरे पर विश्वास होना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है जहां विश्वास को धोखा मिलता वहीं मित्रता टूट जाती है। चाणक्य कहते है कि कभी भी आंख बंद करके अपने खास मित्र से सेक्रेट बात नहीं बतानी चाहिए वरना मित्रता में दूरी बनने की संभावना बन जाती। मित्रता बराबर वालों की लम्बे समय तक टिकती है। विपरीत स्वभाव वाले में मित्रता कभी संभव ही नहीं यदि किसी कारण मित्रता हो भी गई तो वह टिकाउ नहीं होती। मित्रता में संगत का प्रभाव भी माने रखता है। बुरी संगत वालों से सदैव दूर ही रहना चाहिए। इस तरह के स्वभाव वाले से कभी मित्रता नहीं करनी चाहिए। ऐसे चरित्र वाले भी पास आते जो अपना बनकर धोखा दे जाते, जो मित्र शब्द को कलंकित कर जाते। इस तरह के लोगों से बचकर रहना चाहिए। मित्रता करने में कभी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अच्छे तरह से जांच परख कर बेहतर स्वभाव वालों से मित्रता करनी चाहिए। एक बार जिसे सच्चे मन से मित्र बना लिया जाय, उसे निभाना चाहिए। मित्रता की इस कड़ी में आज भी द्वापर युग के कृष्ण सुदामा की अनमोल मैंत्री को आदर सहित उदाहरण प्रस्तुत किया जाता जहां बचपन की मित्रता ने राजा रंक के भेद भाव को मिटाते हुये समय आने पर मित्र की काया पलट दी। मित्र वहीं है जो जिंदगी को संवार दे।

मित्रता सदैव से ही हितकारी रही है। इसके मूल भाव में सुख , शांति व समृद्धि का निवास है। इस मूल भाव को विश्व पैमाने पर समझा जाना बहुत जरूरी है। यदि इसके मुल भाव को समझकर विश्व के समस्त देश मित्रता को अपना ले तो विनाशकाल अपने आप ही रूक जायेगा। भारत सदैव से ही मैंत्री का प्रबल समर्थक रहा है। वह अपने पूर्वजों की तरह सभी से सच्चे मन से मित्रता करना चाहता पर विश्व की कुटनीति इस राह में बाधक है जिससे युद्ध जैसे विनाशक तत्व की उत्पति होती है। इससे बचाव के लिये जरूरी है कि मित्रता के मूलभाव को सभी देश समझें एवं अपने जीवन में उतारें तभी सर्वकल्याण संभव है।



# स्टाइलिश लुक के लिए पहनें खादी की साड़ी

खादी हर ट्रेंड में हिट है। किसी जमाने में साधारण-सी मानी जाने वाली खादी आज सबसे महत्वपूर्ण फैब्रिक बन गई है।खादी से बने कपड़े न केवल पसीना सोखने में मदद करते हैं, बल्कि हल्के होने की वजह से इनमें गर्मी भी नहीं लगती। यही वजह है कि आज भारत में कॉटन के बाद खादी सबसे ज्यादा पहना जाने वाला फैब्रिक बन गया है।

## साड़ी में है ढेरों विकल्प

हाथ से बुने इस फैब्रिक की साड़ियां खूबसूरत रंगों और स्टाइल में आने लगी हैं। इन साड़ियों की खास बात यह है कि न केवल इन्हें बांधना आसान है, बल्कि उमस के मौसम में ये राहत भी देती हैं। खादी एक बहुत ही सादा कपड़ा है, इसलिए इसे जरदोजी एम्ब्राइडरी या फिर ब्लॉक प्रिंट के साथ और खूबसूरत बनाया जा सकता है। या फिर किसी सॉलिड रंग में प्लेन खादी साड़ी को कसीदाकारी वाले ब्लॉउज के साथ भी फैशनेबल तरीके से पहना जा सकता है।

## स्पेगटी व क्रॉप टॉप का कमाल

लंबे घेरदार एथेनिक प्रिंट वाली स्र्कट्स के साथ खादी की स्पेगटी टॉप बहुत खूबसूरत लगती है। या फिर रैप अराउंड स्कर्ट के साथ आप खादी की क्रॉप टॉप पहन सकती हैं, जो देखने में बेहद स्टाइलिश लगती है। बाजार में ये दोनों ही चीजें शोख रंगों और अलग-अलग प्रिंट्स में उपलब्ध हैं।

## ड्रेस और शर्ट की बहार

आरामदायक भी हो और स्टाइलिश भी लगे। ऐसे में खादी से बनी ड्रेस से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता। फिर बात चाहे शर्ट ड्रेस की हो या कुर्ता स्टाइल ड्रेस की। लंबी या छोटी, किसी भी लंबाई में खादी की यह ड्रेस बहुत ही खूबसूरत लगती हैं। सिर्फ यह ध्यान रखें कि ड्रेस के कट्स स्मार्ट हों। इस पर आप हल्की-फुल्की कसीदाकारी करवा सकती हैं और गले में एक स्टेटमेंट ज्वेलरी आपके पूरे अंदाज को निखार देगी। अगर आप को शर्ट पहनने का शौक है तो एक बार खादी की शर्ट भी आजमा सकती हैं। पूरी बाजू वाली खादी की शर्ट को जींस के साथ पहनें।

## खादी के स्टाइलिश स्कार्फ और दुपट्टे

उजले रंगों में खादी के प्रिंटेड स्कार्फ या दुपट्टे आपकी किसी भी साधारण ड्रेस को खूबसूरत बना सकते हैं। किसी भी पेस्टल कलर की ड्रेस के साथ कोई स्मार्ट-सा खादी का स्कार्फ गले में डाल लीजिए और आप अलग नजर आएंगी। या फिर अपनी जींस और टैंक टॉप के साथ कोई खूबसूरत सा स्कार्फ लीजिए, यह आपका लुक बेहतर बनाएगा।

## श्रग में भी प्रयोग



आपके पूरे लुक को निखारने में श्रग भी आपकी मदद कर सकता है। यह न सिर्फ आपके परिधान को बेहतर बनाता है बल्कि कुछ अधूरी लगने वाली पोशाकों को पूरा करने का काम भी करता है। यानी श्रग का काम साधारण सी पोशाक को खास बनाना है। बाजार में तरह-तरह के पैटर्न और स्टाइल में खादी के श्रग उपलब्ध हैं। किसी भी लड़की का वॉर्डरोब शॉर्ट्स या कैप्री के बिना अधूरा-सा लगता है। अगर आप भी कैप्री पहनती हैं तो साधरण-सी टी-शर्ट के साथ खादी की शानदार कैप्री पहनकर देखें।

## डेनिम खादी

डेनिम खादी पहनने में बहुत मुलायम होती है। अपनी डेनिम खादी पैंट को आप किसी ऑफ शोल्डर टॉप या कोल्ड शोल्डर टॉप के साथ पहनकर नमी वाले इस मौसम में भी आप स्टाइलिश नजर आयेंगी।



# गैजेट से बच्चे हो रहे समाज से दूर

आजकल मोबाइल और इंटरनेट के कारण बच्चों में सामाजिकता कम होती जा रही है। इस तरक्की से बचपन भी खासा प्रभावित हो रहा है। कुछ मायनों में ये प्रभाव सकारात्मक है और कुछ मायनों में नकारात्मक। महज दो साल की उम्र में वे मोबाइल, टैबलेट व कंप्यूटर में इस कदर खो जाते हैं कि खुद को आसपास के माहौल से अलग कर लेते हैं। इसका असर उनके मानसिक और शारीरिक विकास पर पड़ता है।

## मानसिक और शारीरिक विकास हो रहा प्रभावित

चार साल की कविता ने एक साल पहले पहली बार मोबाइल फोन अपने हाथ में लिया था. इसके बाद उसके रंग बिरंगे डिस्प्ले में वह इस कदर खोई कि स्कूल के बाद और छुट्टियों के दौरान उसका एकमात्र हमसफर वही मोबाइल है। मुंबई में रहने वाली चार साल की नेहा दो साल पहले टैबलेट से रूबरू हुई। आज की तारीख में वह यू-ट्यूब पर कविताएं सुनती है और विभिन्न प्रकार के गाने व गेम्स डाउनलोड करती है। स्क्रीन ने धीरे-धीरे न सिर्फ उसके आउटडोर खेलों की जगह ले ली है बल्कि परिवार और दोस्तों के साथ बिताने वाले वक्त पर भी अधिकार कर लिया है।

कविता और नेहा सिर्फ दो नाम हैं. विशेषज्ञों की मानें तो भारतीय बच्चों में स्मार्टफोन, टैबलेट, आईपैड व लैपटॉप के रूप में 'स्क्रीन एडिक्शन' लगातार बढ़ रहा है और भविष्य में इसका नकारात्क असर पड़ना तय है।

एक साइकियाट्रिस्ट के अनुसार आज बच्चे मानव संबंधों की कीमत पर डिजिटल प्रौद्योगिकी का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका उनके मस्तिष्क पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा.''इसका असर बच्चों को अपने भावों को नियंत्रित करने की क्षमता पर पड़ सकता है और यह स्वस्थ संचार, सामाजिक संबंधों तथा रचनात्मक खेलों को प्रभावित कर सकता है।

यहां तक कि अमेरिकन अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दो साल तक के बच्चों द्वारा किसी भी प्रकार के स्क्रीन मीडिया और स्क्रीन पर बिताए गए समय को गलत बताता है। बाल मनोविज्ञान के जानकारों के अनुसार 'मानवीय संबंधों की कीमत पर धड़ल्ले से स्क्रीन का इस्तेमाल बच्चों में सामाजिक-संचार कौशल तथा पारिवारिक कर्तव्यों को प्रभावित कर सकता है।

हाल के अध्ययनों में इस बात का खुलासा हुआ है कि बच्चों में स्क्रीन एडिक्शन से बच्चों में विभिन्न प्रकार के संज्ञानात्मक दोष हो सकते हैं। स्क्रीन एडिक्शन से बच्चों में ऑस्टिन स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) होने का भी खतरा होता है।

एक बच्चे में एएसडी के लक्षण थे। वह केवल आईपैड पर प्रतिबिंबों पर ही प्रतिक्रिया व्यक्त करता था और वह स्क्रीन एडिक्शन से बुरी तरह पीड़ित था। एक प्ले स्कूल में भर्ती कराने के बाद वह धीरे-धीरे ठीक हो गया क्योंकि वह स्क्रीन एडिक्शन के बदले अन्य बच्चों के साथ सामाजिक-भावनात्मक कौशल विकसित करने में कामयाब रहा। स्क्रीन एडिक्शन से बच्चों में भाषा तथा बोलने की प्रक्रिया के विकास में भी बाधा आ सकती है।

'स्क्रीन एडिक्शन के कारण कई बच्चों में बोलने में परेशानी सामने आई है। बच्चों के आसपास जितने गैजेट होंगे। उनके ऑटिज्म, बोलने में देरी व सामाजिक कौशल में कमी का उतना ही खतरा होगा।

# बच्चों को मलेरिया और डेंगू से बचाएं

बारिश के इस मौसम में मच्छरों का की तादाद तेजी से बढ़ जाती है। मच्छरों के कारण मलेरिया और डेंगू होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। हर साल लगभग 22 प्रतिशत बच्चे इसकी चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि बच्चों की इस मौसम में खास देखभाल की जाए। मच्छरों के काटने पर 7 से 8 दिन बाद मलेरिया के लक्षण दिखाई देने लगते हैं।



## मलेरिया के मुख्य लक्षण

- तेज बुखार
- सिर और मांसपेशियों में दर्द
- कमर दर्द
- उल्टी आना आदि

## इस तरह करें मलेरिया से बचाव

### बच्चे को पूरे कपड़े पहनाएं

मानसून के मौसम में बच्चों को पूरे कपड़े पहनाएं। ताकि मच्छर उनको काट ना सके। जब भी बच्चा घर के बाहर जाएं उनको लंबी बांह की शर्ट के साथ फूल लोअर जरूर पहनाएं। बच्चों को शाम के समय बाहर ना जाने दें। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि बच्चा जहां खेलने जा रहा है वह जग साफ हो। शाम के समय बच्चों को छत पर भी न जानें दें क्योंकि खुली हवा में भी मच्छर ज्यादा होते हैं।

### मच्छर मारने वाली दवा

घर के बाहर ही नहीं मच्छर घर के अंदर भी होते है। इसलिए घर के अंदर के मच्छरो को भगाने के लिए मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव करें। घर में तेजपत्ता जलाकर रख सकते हैं।


### मच्छरदानी लगाएं

रात में सोते समय बच्चों के लिए मच्छरदानी भी लगायें। या कोई अन्य उपाय करें जिससे वह मच्छरों से बचे रहें।

# प्रश्न कुंडली से भी जान सकते हैं भविष्य

बिना जन्मकुंडली के भी भविष्यफल जाना जा सकता है। कई बार लोगों का अपना जन्म का सही समय या जन्मतिथि पता नहीं होती। ऐसे में ज्योतिष संबंधी फलादेश के लिए प्रश्न कुंडली है का सहारा लिया जाता है।

प्रश्न कुंडली वास्तव में समय विशेष की एक कुंडली है जो उस समय बनाई जाती है, जिस समय जातक प्रश्न पूछता है। इससे जातक के प्रश्न का भविष्य देखने का प्रयास किया जाता है। इस विधि में सवाल कुछ भी हो सकता है। आमतौर पर तात्कालिक समस्या से ही सवाल होता है। समस्या समाधान का जवाब देने के लिए प्रश्न कुंडली सर्वाधिक उपयुक्त तरीका है। ध्यान देने की बात यह है कि प्रश्न के सामने आते ही उसकी कुंडली बना ली जाए। इससे समय के फेर की समस्या नहीं रहती। इसके साथ ही जातक की मूल कुंडली भी मिल जाए और वह प्रश्न कुंडली को इको करती हो तो समस्या का हल ढूंढना और भी आसान हो जाता है।




**जन्म तिथि और समय आवश्यक**

आमतौर पर शिशु के गर्भ से बाहर आने को ही जन्म समय माना जाता है। इसके अलावा माता से नाल के कटने या पहली सांस लेने को भी जन्म समय लेने का मत ज्योतिष में देखने को मिलता है। सही जन्म समय को लेकर हमेशा संशय की स्थिति रहती है। ऐसे में प्रश्न कुंडली ऐसा जवाब है, जिससे जन्म तिथि और जन्म समय के बिना फलादेश किया जा सकता है। भविष्य से जुड़े सवालों का उत्तर पाया जा सकता है। सामान्यतया प्रश्न कुंडली की आयु वार्षिक मानी गई है। इसमें लग्न समय निश्चित होता है। प्रश्नकत्र्ता की चिंताओं की जानकारी चंद्रमा से देखी जा सकती है। प्रश्न कुंडली के लग्न भाव ही समस्या के संकेत देते हैं। कई बार एक दिन में एक ही प्रकार की समस्याओं वाले लोग अधिक आते हैं। इसका कारण यह है कि गोचर में ग्रहों की जो स्थिति होती है उससे पीड़ित लोगों का स्वभाव भी एक जैसा ही होगा। इसका अर्थ यह नहीं है कि समान राशि या कुंडली वाले लोगों को एक जैसी समस्याएं होंगी। बल्कि ग्रह योगों के समान स्थिति से समान स्वभाव की समस्याएं सामने आएंगी।

# टेस्ट प्रारुप को लोकप्रिय बना रहे बुमराह , शमी सहित ये पांच गेंदबाज : जहीर

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जहीर खान ने कहा कहा है कि टेस्ट प्रारुप को एक बार फिर लोकप्रिय बनाने में जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद शमी, कैगिसो रबाडा, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड जैसे गेंदबाजों की अहम भूमिका रही है। ये सभी जहीर के पसंदीदा गेंदबाज हैं। जहीर का कहना है कि इन गेंदबाजों के प्रदर्शन से टेस्ट मैचों में रोमांच बढ़ रहा है क्योंकि टेस्ट के परिणाम निकल रहे हैं। जहीर ने कहा कि भारत ने लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं और वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। इसलिए बुमराह और शमी मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल हैं। इसके अलावा, मैं रबाडा और हेजलवुड और कमिंस को शामिल करुंगा। इन गेंदबाजों ने टेस्ट प्रारुप को अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। बुमराह और शमी ने तीनों प्रारुपों में भारतीय टीम के लिए मैच जीते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज



में बुमराह ने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं शमी टखने की सर्जरी से उबर गये हैं और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 में वह खेलते नजर आयेंगे। शमी ने अब तक 64 टेस्ट, 229 विकेट लिए हैं जबकि बुमराह ने 38 टेस्ट में 170 विकेट लिए हैं। वहीं रबाडा ने 64 टेस्ट में 299 विकेट लिए हैं। हेजलवुड के नाम 70 टेस्ट में 273 विकेट और कमिंस के नाम 62 टेस्ट में 269 विकेट। जहीर ने भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह हमेशा जीतना चाहते हैं क्योंकि वह क्रिकेट को सबसे अधिक पसंद करते हैं।



### हरभजन ने रोहित को इस कारण धोनी से बेहतर कप्तान बताया

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह ने कहा है कि रोहित शर्मा कुछ मामलों में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से भी बेहतर कप्तान साबित हुए हैं। हरभजन ने कहा कहा, मैंने रोहित को धोनी से अधिक वरीयता इसलिए दी है क्योंकि रोहित खिलाड़ियों के कप्तान हैं। वह खिलाड़ियों के पास जाते हैं और उनसे पूछते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। उनके साथी खिलाड़ी उनसे बहुत अच्छी तरह से जुड़ते हैं पर धोनी का अंदाज अलग था। धोनी किसी से बात नहीं करते थे। वह बिना बोले ही शांत रहकर अपने विचार व्यक्त करते थे। दूसरों से बात करने का यही उनका तरीका था। साथ ही कहा कि धोनी और रोहित पूरी तरह से अलग-अलग तरह के कप्तान हैं। धोनी कभी भी किसी खिलाड़ी को कहां क्षेत्ररक्षण करना है नहीं पूछते थे। वह सभी को अपनी गलतियों से सीखने का अवसर देते थे। धोनी तीन बार आईसीसी खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान हैं. जबकि रोहित ने भारत को अब तक एक बार ही टी20 विश्व कप जिताया है। वहीं एकदिवसीय विश्वकप में टीम उपविजेता रही थी।

### अजय बोले, आईपीएल 2025 के लिए धोनी सहित इन 3 खिलाड़ियों को रिटेन करेगी सीएसके

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा है कि आईपीएल के अगले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) तीन खिलाड़ियों पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी, ऋतुराज गायकवाड और रवींद्र जडेजा को जरुर बरकरार रखेगी। आईपीएल के लिए मेगा नीलामी इस साल के अंत में होने की संभावना है। आईपीएल को लेकर सभी फ्रैंचाइजी अपनी तैयारियों में लगी हैं और इसमें ये तय कर रही हैं कि किसे रिटेन किया जाये और किसे रिलीज। वहीं इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि ये तीन प्रमुख खिलाड़ी रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे पहले होंगे। इनका चयन करने के लिए फ्रेंचाइजी को ज्यादा सोचना नहीं पड़ेगा। इन पूर्व क्रिकेटर ने कहा, धोनी निश्चित रूप रिटेन खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर होंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि वह अब एक अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। उन्होंने टीम के लिए बहुत कुछ किया है और उनकी कीमत पर कोई सवाल नहीं है। वहीं गायकवाड कप्तान हैं, और उनका यह साल अच्छा रहा है, इसलिए आप उन्हें भी बनाए रखने की उम्मीद करेंगे। रवींद्र को भी बाहर नहीं रखा जा सकता है, इसलिए मुझे लगता है कि ये तीनों उनके लिए एकदम सही रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ी होंगे। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा को लगता है कि राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड सीएसके के लिए लाभप्रद होगा। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे पांच खिलाड़ियों को रिटेन करेंगे पर वे 3-4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकते हैं। मुझे ऋतुराज और जडेजा में 18 करोड़ के दो खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। अगर आप उन्हें रखना चाहते हैं, तो आपको उस कीमत से मेल खाना होगा। इसके अलावा, उनके पास धोनी, शिवम दुबे और मथीशा पथिराना भी हैं। ऐसे में मुझे लगता है कि वे शिवम दुबे को रखेंगे और फिटनेस देखते हुए दीपक चाहर के लिए आरटीएम कार्ड का उपयोग करेंगे। इन खिलाड़ियों की कीमत वास्तव में बहुत अधिक है, इसलिए राइट टू मैच कार्ड सस्ते में खिलाड़ियों को पाने के लिए उपयोगी हो सकता है।



बीजिंग में चीन ओपन टेनिस में जीत के बाद स्पेन के कार्लोस अल्कराज व रनर अप जैनिक सिंनर ट्रॉफी दिखाते हुए।

## वेस्टइंडीज दौरे लिए बटलर होंगे कप्तान : ईसीबी

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इसी माह के अंत में होने वाले वेस्टइंडीज दौरे के लिए जोस बटलर को कप्तान बनाया है। ईसीबी ने कहा है कि बटलर अब फिट हो गये हैं और टीम की कप्तानी के लिए तैयार हैं। इसके अलावा अनकैप्ड युवा लेग स्पिनर जाफर चौहान को भी टीम में शामिल किया है। बटलर पिंडली की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में शामिल नहीं थे। उनकी अनुपस्थिति में फिल साल्ट और हैरी ब्रुक ने टी20 और वनडे टीमों की अगुआई की थी।

जाफर चौहान ने 23 टी20 मैच खेले हैं पर अभी तक लिस्ट ए मुकाबला नहीं खेला है। वहीं जॉन टर्नर और डैन मूसली भी अन्य अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। ये दोनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भी शामिल थे पर इन्हें किसी मैच में जगह नहीं मिली थी। इंग्लैंड टीम 31 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैच खेलेगी।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीमः जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, जाफर चौहान, सैम करेन , विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टोन, साकिब महमूद, डैन मूसली, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपली, जॉन टर्नर।

सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है :

पहला एकदिवसीयः वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; एंटीगा, 31 अक्टूबर

दूसरा एकदिवसीय : वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; एंटीगा, 2 नवंबर

तीसरा एकदिवसीयः वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; बारबाडोस, 6 नवंबर

पहला टी20: वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; बारबाडोस, 9 नवंबर

दूसरा टी20: वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; बारबाडोस, 10 नवंबर

तीसरा टी20: वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; सेंट लूसिया, 14 नवंबर

चौथा टी20: वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; सेंट लूसिया, 16 नवंबर

पांचवां टी20: वेस्टइंडीज और इंग्लैंड; सेंट लूसिया, 17 नवंबर।

# विश्वकप का हर मैच अहम पर ऑस्ट्रेलिया को हराने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : मंधाना

दुबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है कि टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मंधाना के अनुसार उनकी टीम को लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज करना है पर ये आसान नहीं रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अब तक तीन बार टी20 विश्व कप जीता है। साल 2020 में उसने फाइनल में भारत को हराया था। वहीं साल 2023 में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराया था। इस बार भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 13 अक्टूबर को खेलेगी। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 अक्टूबर को खेलेगी। वहीं उसका दूसरा मुकाबला पाकिस्तान से होगा। मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के पहले मैच से पहले कहा, 'विश्व कप का हर मैच महत्वपूर्ण होता है और सभी में सौ फीसदी देना होगा। वहीं न्यूजीलैंड और श्रीलंका भी काफी अच्छी हैं। ऑस्ट्रेलिया




के खिलाफ तो कोई गलती की ही नहीं जा सकती। ' उन्होंने कहा, 'हमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह एक काफी अच्छी टीम है और उसे हराना बड़ी चुनौती है।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला हमेशा जुनून से भरा होता है। भारत-पाक मुकाबला छह अक्टूबर को होगा।

मंधाना ने कहा, 'भारत और पाक के मुकाबले में दोनों टीमों के समर्थकों में जुनून रहता है। वहीं ऐसा खिलाड़ी भी इससे कुछ हद तक प्रभावित होते हैं जिससे ये रोमांचक हो जाता है। ' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए विश्व कप का हर मैच महत्वपूर्ण है और हम सभी में अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे।'

### महिला टी20 विश्व कप : पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में हो रहा स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का इस्तेमाल

दुबई (ईएमएस)। आईपीएल 2024 और द हंड्रेड के बाद अब महिला टी20 विश्व कप 2024 में इस बार स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का प्रयोग किया जा रहा है। ये पहली बार है जब किसी आईसीसी टूर्नामेंट में आईसीसी स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का प्रयोग कर रही है। इसके तहत हर मैच में कवरेज के लिए कम से कम 28 कैमरे रहेंगे। इससे बेहतर प्ररिणाम मिलने की उम्मीदें हैं। सभी मैचों में डिसीज़न रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) भी उपलब्ध होगा, इसमें हॉक-आई स्मार्ट रिप्ले सिस्टम का प्रयोग होता है। इससे टीवी अंपायर को विभिन्न कोणों से एकसाथ आने वाले फुटेज़ की तुरंत समीक्षा कर सटीक फैसला देने में सहायता मिलेगी।

वहीं स्मार्ट रिप्ले सिस्टम के तहत टीवी अंपायर को सीधे दो हॉक-आई ऑपरेटरों से जानकारी मिलेगी, जो अंपायर के साथ एक ही कमरे में बैठेंगे और उन्हें मैदान में लगे हॉक-आई के आठ हाई-स्पीड कैमरों से ली गयीं तस्वीरों को दिखाएंगे। अब तक टीवी प्रसारण निदेशक, तीसरे अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच मध्यस्थ का काम करते थे पर अब इसकी जरुरत नहीं रहेगी। यह सिस्टम टीवी अंपायर को पहले से अधिक दृश्य देखने की सुविधा भी देता है, जिसमें स्प्लिट-स्क्रीन भी शामिल हैं। स्मार्ट रिप्ले सिस्टम के तहत स्टंपिंग रेफरल के मामले में भी टीवी अंपायर हॉक-आई ऑपरेटरों से स्प्लिट-स्क्रीन (दो भागों मं बंटी हुई स्क्रीन) के विजुअल मांग सकते हैं जिससे अंपायर ले लिए फैसला लेना आसान रहेगा।

## बांग्लादेशी क्रिकेटर मेहदी ने रोहित को उपहार में बल्ला दिया

मुम्बई (ईएमएस)। बांग्लादेश के क्रिकेटर मेहदी हसन मिराज ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को एक बल्ला भेंट किया है। मिराज ने पिछले साल इमरुल कायस और अपने दूसरे दोस्तों के साथ मिलकर क्रिकेट के बल्ले बनाने का कारोबार शुरु किया था। इसी कारण टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद इस ऑलराउंडर ने रोहित को उपहार के तौर पर एक बल्ला दिया। फेसबुक पेज पर जारी एक वीडियो में मेहदी ने कहा कि वह हमेशा से ही रोहित को तोहफे के तौर पर एक बल्ला उपहार में देना चाहते थे। इस अवसर पर मिराज ने कहा कि उन्हें रोहित को बल्ला उपहार में देकर खुशी हई है। मेहदी ने कहा,मैं रोहित भाई के साथ हूं और मैंने उन्हें अपनी कंपनी का एक बल्ला उपहार में दे रहा हूं। मैं हमेशा से उन्हें एक बल्ला उपहार में देना चाहता था। इससे मुझे बेहद खुशी हुई है। वहीं रोहित ने कहा कि उन्हें मेहदी को अपना व्यवसाय करते देख खुशी हुई है और मैं उन्हें इसमें सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। रोहित ने कहा, मैं मेहदी को लंबे समय से जानता हूं। वह बहुत अच्छे क्रिकेटर हैं। और मुझे उन पर बहुत गर्व है कि उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अपनी कंपनी शुरू की है। मुझे उम्मीद है कि यह कंपनी आगे बढ़ती जाएगी।

## मेसी की फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना टीम में वापसी

ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने कहा है कि स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी फीफा विश्वकप क्वालीफायर में खेलेंगे। टखने की चोट के कारण पिछले कुछ समय से मैदान से बाहर थे। फुटबॉल संघ के अनुसार मेसी वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर में खेलेंगे। मेसी टखने की चोट के कारण चिली और कोलंबिया के खिलाफ सितंबर में एल्बिसेलेस्टे के खिलाफ क्वालीफायर से बाहर हो गये थे हालांकि अब वह फिट हैं और अपने क्लब इंटर मियामी की ओर से उन्होंने मैदान में वापसी कर ली है। अर्जेंटीना का मुकाबला 10 अक्टूबर को वेनेजुएला से और 15 अक्टूबर को बोलीविया से होगा। अभी अर्जेंटीना10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में आठ मैचों में 18 अंकों लेकर शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर चल रहे कोलंबिया से दो अंक आगे है। इसमें से शीर्ष छह टीमें 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसकी मेजबानी संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा करेंगे। वहीं सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलेगी।

**अर्जेंटीना टीमः** डिफेंडर्सः गोंजालो मोंटिएल (सेविला), नहुएल मोलिना (एटलेटिको मैड्रिड), क्रिस्टियन रोमेरो (टोटेनहम), जर्मन पेज़ेला (रिवर प्लेट), मार्कोस एक्यूना (रिवर प्लेट), लियोनार्डो बलेरडी (ओलंपिक मार्सिले), निकोलस ओटामेंडी (बेनफिका), लिसेंड्रो मार्टिनेज (मैनचेस्टर यूनाइटेड), निकोलस टैग्लियाफिको (ल्योन)।

फॉरवर्डः लियोनेल मेसी (इंटर मियामी), निकोलस गोंजालेज (जुवेंटस), एलेजांद्रो गार्नाचो (मैनचेस्टर यूनाइटेड), जूलियन अल्वारेज़ (एटलेटिको मैड्रिड), पाउलो डायबाला (रोमा), लुटारो मार्टिनेज (इंटर मिलान)।

गोलकीपरः वाल्टर बेनिटेज़ (पीएसवी आइंडहोवेन), गेरोनिमो रूली (ओलंपिक मार्सिले), जुआन मुसो (एटलेटिको मैड्रिड)।

मिडफील्डरः लिएंड्रो पेरेडेस (रोमा), एलेक्सिस मैक एलिस्टर (लिवरपूल), एंज़ो फर्नांडीज (चेल्सी), जियोवानी लो सेल्सो (रियल बेटिस), निकोलस पाज़ (कोमो), एक्सक्विएल पलासियोस (बायर लीवरकुसेन), रोड्रिगो डी पॉल (एटलेटिको मैड्रिड), वैलेन्टिन कार्बोनी (ओलंपिक मार्सिले), थियागो अल्माडा (बोटाफोगो)।

# हमें रविन्द्र जडेजा से निपटना सीखना होगा : स्मिथ

सिडनी (ईएमएस)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के अंत में होने वाली बॉडर गावस्कर टेस्ट सीरीज की तैयारी में लगे अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि उनकी टीम को भारतीय टीम के स्पिन ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा से निपटना सीखना होगा। स्मिथ के अनुसार जडेजा अपनी आक्रामक बल्लेबाजी , गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण क्षमताओं के कारण मुश्किलें पैदा करते हैं। स्मिथ ने कहा, मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूं क्योंकि वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वह हमेशा हमारी परेशानी बढ़ाने का कोई न कोई तरीका तलाश लेते



हैं। चाहे वह तेजी से रन बनाना हो, विकेट लेना हो या शानदार कैच लेना हो। ये हमारे लिए परेशानी पर वह वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जिनके होने से मैदान पर रोमांच बना रहता है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी स्मिथ से सहमत है। उन्होंने कहा कि जडेजा हर क्षेत्र में कुशल है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए 17 टेस्ट मैचों में जडेजा ने 23 पारियों में 28.50 की औसत से 570 रन बनाए हैं जिसमें पांच अर्द्धशतक रहे हैं जबकि उनका सबसे अधिक स्कोर 81 रन रहा है। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने पांच पारियों में 43.75 की औसत से 175 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 89 विकेट लिए हैं जिनमें से 14 ऑस्ट्रेलिया में लगाये हैं। वहीं बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के अनुसार उसे भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने मजाकिया स्वभाव के कारण अच्छा लगता है। लाबुशेन ने कहा कि वह हमेशा मजाकिया रहता है, खूब हंसता है और खेल को सही भावना से खेलता है। ऋषभ का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 7 मैचों और 12 पारियों में 62 से अधिक की औसत से 624 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159 है। वहीं ट्रेविस हेड ने कहा कि मुझे विराट कोहली अच्छे लगते हैं। साथ ही कहा कि बहुत से लोग विराट का नाम इसलिए लेंगे क्योंकि वह अच्छे हैं। वह हमेशा रन बनाते रहते हैं और उनकी ऊर्जावान बने रहते हैं। विराट का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने 13 टेस्ट में 54.08 की औसत से 1,352 रन बनाए हैं, जिसमें 25 पारियों में छह शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 169 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 टेस्ट में कुल मिलाकर उन्होंने 44 पारियों में आठ शतक और पाँच अर्द्धशतक के साथ 47.48 की औसत से 2,042 रन बनाए हैं। वहीं स्पिनर नाथन लियोन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि मुझे सभी भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना परोशानी भरा लगत है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

## मुकेश कुमार ने ईरानी कप में पांच विकेट लिए

नई दिल्ली (ईएमएस)। मुम्बई के गेंदबाज मुकेश कुमार ने ईरानी कप में शेष भारत के खिलाफ हुए मुकाबले में पांच विकेट लिए हैं। मुकेश ने शीर्ष क्रम के 3 बल्लेबाजों को पेवेलियन भेजा। मुकेश ने सबसे पहले पृथ्वी शॉ को आउट किया। इसके बाद उन्होंने आयुष म्हात्रे और हार्दिक तमोरे का विकेट निकाला। फिर उन्होंने शम्स मुलानी और जुबेर खान का भी विकेट लिए। इस तरह मुकेश ने कुल 110 रन देकर 5 विकेट लिए। मुकेश को इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम में शामिल किया गया था। तब उन्हें सीरीज में केवल एक मैच में ही लिया गयाथा। वह पहली पारी में विकेट नहीं ले पाये पर दूसरी पारी में उन्हें एक विकेट मिला। मुकेश को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी अवसर नहीं मिला था। अब अपने प्रदर्शन से मुकेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। अब देखना है कि उन्हें अवसर मिलता है या नहीं।

## अश्विन ने की विराट और जडेजा की बराबरी

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने 10-10 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के मामले में विराट कोहली और रवींद्र जडेजा की बराबरी कर ली है। अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ हुए दूसरे टेस्ट में अपने टेस्ट करियर का 10वां प्लेयर ऑफ द मैच और 11वां 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता टेस्ट मैचों में भारतीय क्रिकेटरों में सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम हैं। सचिन ने 14 बार यह अवॉर्ड जीता है। वहीं इस सूची में दूसरे नंबर पर भारत के ही राहुल द्रविड़ हैं। द्रविड़ को 11 बार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिला है। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी माह होने वाली 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में विराट , अश्विन या जडेजा के पास द्रविड़ के 11 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड की बराबरी का अवसर है। अश्विन और जडेजा इस रेस में कोहली से थोड़ा आगे नजर आते हैं। इसका कारण है कि घरेलू सीरीज में स्पिनरों को लाभ होता है। जडेजा ने अबतक 74 मैच में 10 बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते हैं। अश्विन को इसके लिए 102 मैच खेलने पड़े हैं। कोहली को 115 टेस्ट के करियर में 10 बार यह अवॉर्ड मिला है। जडेजा औसतन हर 7वें मैच में यह अवॉर्ड जीत रहे हैं, जबकि अश्विन और कोहली को इसके लिए औसतन 10 मैच खेलने पड़े हैं।

## ख़राब फ्लडलाइट से अपनी टीम की हार पर भड़के रसेल

जेमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज़ के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ख़राब फ्लडलाइट के कारण सीपीएल के एलिमिनेटर मुक़ाबले में उनकी टीम ट्रिनबैगो नाइटराइडर्स की हार पर नाराजगी जतायी है। रसेल ने सोशल मीडिया में कहा कि एलिमिनेटर मुक़ाबले में जिस प्रकार से उनकी टीम को ख़राब फ्लडलाइट से नुकसान हुआ उससे वह बेहद निराश है। ये एक प्रकार से उनकी टीम के साथ धोखेबाजी हुई है। ख़राब फ्लडलाइट के कारण ही मैच उनकी टीम के हाथ से फिसल गया। रसेल ने पोस्ट में खराब इंतजामों पर नाराजगी भी जतायी। इस मुक़ाबले में नाइटराइडर्स की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 19.1 ओवर में तीन विकेट के नुक़सान पर 168 रन बना लिए थे। उसके बाद मैदान की छह में से तीन फ्लडलाइट्स ख़राब हो गईं। ऐसे में खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा, तब रात के 8.58 बजे थे। इसके बाद फ्लटलाइट्स को ठीक करने में काफी समय लग गया। 10.51 बजे मैच एक बार फिर से शुरू किया गया।

## यूनान ने पहली बार चैंपियनशिप टी10 खिताब जीता

एथेंस (ईएमएस)। यूनान ने पहली बार यूरोपीय क्रिकेट चैंपियनशिप टी10 का खिताब जीत लिया है। अंतिम ओवर में उसके बल्लेबाज पाकिस्तानी मूल के साजिद अफरीदी ने इस्टोनिया के खिलाफ 28 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। यूनान को इस खिताब मुकाबले की जीत के लिए अंतिम 6 गेंद पर जीत के लिए 28 रनों की जरूरत थी। साजिद ने प्रणय घीवाला की गेंदों पर चौके, छक्के लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। साजिद ने तीन छक्के और दो चौके मारे। इस शानदार जीत के बाद साथी खिलाड़ियों ने उसे अपने कंधे पर उठा लिया। यूनान ने पहली बार यूरोपियन टी10 का खिताब जीता है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इस्टोनिया की टीम ने 3 विकेट पर 175 रन बनाए थे। साहिल चौहान ने 28 गेंदों पर 109 रनों की पारी खेली।

## दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को एकदिवसीय में हराया

जोहांसबर्ग (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 139 रनों से जीत हासिल की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत में ही 39 रनों पर तीन विकेट खो दिए। इसके बाद रेयान रिकल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स ने अफ्रीकी टीम को संभाला।

नये बल्लेबाज रेयान रिकल्टन ने 102 गेंदों में ही 91 रन बना दिये। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 79 रनों की पारी खेली। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 152 रन बनाकर अपनी टीम को बेहतर हालातों में पहुंचाया। वहीं ब्योर्न फोर्ट्यून ने 28 और लुंगी एंगिडी ने 20 रन बनाये। इस प्रकार दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 9 विकेट पर 271 रन बनाए। जीत के लिए मिले 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम 31.2 ओवरों में 132 रन ही बना पायी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लिजाड विलियम्स ने सबसे अधिक 4 विकेट जबकि ब्योर्न फोर्ट्यून और लुंगी एंगिडी ने दो-दो विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

## रिजवान बन सकते हैं पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान

लाहौर (ईएमएस)। बाबर आजम के इस्तीफे के बाद अब पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को मिल सकती है। पाक टीम को भविष्य में कई टी20 और एकदिवसीय मुकाबले खेलने हैं। ऐसे में उन्हें एक अच्छे कप्तान की तलाश है। एक रिपोर्ट के अनुसार रिजवान टीम की कमान संभाल सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजवान अच्छी बल्लेबाजी करते हैं और टीम के सभी खिलाड़ियों से उनका तालमेल भी अच्छा है। ऐसे में वह बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। पिछली बार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को कप्तानी मिली थी पर वह विफल रहे थे।

## शार्दुल ठाकुर बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली (ईएमएस)। ईरानी कप खेल रहे मुम्बई के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को तबियत खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शार्दुल की डेंगू और मलेरिया के लिए जांच की गयी है जिसकी रिपोर्ट अभी आनी है। शार्दुल ने पहली पारी में शेष भारत के खिलाफ 59 गेंदों में 36 रन बनाये थे। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 1 छक्का भी लगाया था। शार्दुल को सुबह से ही अच्छा महसूस नहीं हो रहा था फिर भी वह खेलते रहे। उन्हें कमजोर भी लग रही थी। वह दवाई लेकर ड्रेसिंग रूम में आराम कर रहा था और बल्लेबाजी के लिए उतरना चाहता था पर टीम प्रबंधन ने इंकार करते हुए उसे अस्पाल में दिखाया। जांच के बाद इस तेज गेंदबाज को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।

## लीजेंड्स लीग : गप्टिल की शतकीय पारी से साउथर्न सुपर स्टार्स जीती

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटरों की लीजेंड्स लीग 2024 में न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल ने तूफानी शतक लगाया है। गप्टिल ने साउथर्न सुपर स्टार्स की ओर से खेलते हुए कोणार्क सूर्यास ओडिशा के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। गप्टिल ने अपनी इस पारी में 54 गेंदों पर 9 चौकों और 11 छक्को की सहायता से 131 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 242.59 का था। गप्टिल ने अपनी इस आक्रामक पारी के दौरान एक ओवर में 5 छक्के और 1 चौका लगाकर कुल 34 रन भी बनाये। इरफान पठान की कप्तानी में कोणार्क सूर्यास ओडिशा ने इस मैच में रिचर्ड लेवी के 63 रनों की सहायता से पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाये। वहीं साउथर्न सुपर स्टार्स ने यह लक्ष्य केवल 16 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। साउथर्न सुपर स्टार्स की टीम ने एलएलसी 2024 में पांचवीं जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में नंबर एक स्थान बनाये रखा है।

# 75,762 के ऑल टाइम हाई पर सोनाःचांदी 1,048 बढ़कर 90,930 प्रति किलो हुई, साल के आखिर तक 78 हजार तक जा सकता है गोल्ड

**नई दिल्लीः** सोना 3 अक्टूबर को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 274 रुपए बढ़कर 75,762 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसके दाम 75,515 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 1,048 रुपए बढ़कर 90,930 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 89,882 रुपए पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है।



### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,710 रुपए है।
मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,560 रुपए है।
कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,560 रुपए है।
चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,560 रुपए है।
भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,610 रुपए है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 78 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

### सेंसेक्स 1,769 अंक गिरकर 82,497 पर बंदःनिफ्टी भी 546 अंक फिसला

**मुंबईः** शेयर बाजार में 3 अक्टूबर को साल की चौथी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 1,769 अंक (2.10%) की गिरावट के साथ 82,497 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 546 अंक (2.12%) की गिरावट रही, ये 25,250 के स्तर पर बंद हुआ। आज निवेशकों की वेल्थ 10.7 लाख करोड़ घट गई। आज ऑटो,एनर्जी, फाइनेंस और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। बीपीसीएल, श्रीराम फाइनेंस और एलएंडटी के शेयर्स में 4% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। ये निफ्टी के टॉप लूजर रहे। वहीं जेएसडब्ल्यू स्टील का शेयर 1.33% की तेजी के साथ निफ्टी टॉप गेनर रहा।

### एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.97% की तेजी रही। वहीं हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.47% और कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 1.22% की गिरावट रही। 2 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.09% चढ़कर 42,196 पर और नैस्डैक 0.08% चढ़कर 17,925 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.01% बढ़कर 5,709 पर बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 1 अक्टूबर को 5,579 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 4,60 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### 8 अक्टूबर को ओपन होगा गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग का आईपीओ

गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ 8 अक्टूबर को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 10 अक्टूबर तक बिडिंग कर सकेंगे। 15 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे।

# वाहन निर्माताओं को अक्टूबर पर भरोसा, 40 फीसदी तक बिक्री की उम्मीद

**मुंबई (ईएमएस)।** वाहन निर्माताओं को अक्टूबर महीने पर भरोसा है। इसमें नवरात्रि, दशहरा और दिवाली शामिल हैं। उनका कहना है कि वार्षिक बिक्री की 30 से 40 फीसदी बिक्री इन्हीं दिनों पर होती है। कार निर्माता मौसमी मांग में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। होंडा मोटर, ह्यूंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसे वाहन निर्माता सुस्त बिक्री को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक कदम उठा रहे हैं। मांग को बढ़ाने के लिए वाहन निर्माताओं के पास तीन मुख्य रणनीति हैं। इनमें नए मॉडल लॉन्च करना, पर्याप्त छूट देना और कीमतों में कटौती लागू करना। कई कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पहले ही छूट दे चुकी हैं। टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने चुनिंदा मॉडलों पर ऑफर बढ़ा दिए हैं।

मारुति सुजुकी ने पहले ही कई मॉडलों की कीमतों में कटौती की। ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो पर 40,000 तक की छूट, वैगनआर पर 30,000 तक का ऑफर, नेक्सा शोरूम में जिम्नी पर 2.5 लाख की छूट, पुराने वाहनों को स्क्रैप करने पर 15,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस है। वहीं ह्यूंडई की ग्रैंड आई10 निओस पर 35,000 रुपये तक छूट, ऑरा सेडान पर 30,000 रुपये तक छूट, वेन्यू एसयूवी पर 45,000 तक फायदा है। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अगस्त में स्कॉर्पियो क्लासिक एसयूवी पर छूट को बढ़ाकर 1,00,000 रुपये किया गया है। थार पर छूट बढ़कर 1,50,000 रुपये हो गई है। वहीं होंडा की अमेज सेडान पर फायदा बढ़कर 1,12,000 रुपये, सिटी सेडान पर 1,14,000 रुपये की छूट मिल रही है। टाटा मोटर्स की छूट इस महीने के अंत तक है।

### जुलाई-सितंबर में शीर्ष आठ शहरों में आवासीय बिक्री बढी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में मजबूत आवासीय मांग से आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 87,108 इकाई हो गयी। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। रियल एस्टेट के एक सलाहकार ने गुरुवार को एक वेबिनार के जरिये 2024 कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए अपनी रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेट जारी की। इसमें एनारॉक और प्रॉपइक्विटी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत आवासीय बिक्री में मामूली वृद्धि की बात कही गई।

एनारॉक और प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट में देश के प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में कुल बिक्री में गिरावट की बात सामने आई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि आवासीय बाजार में 2024 में गति अच्छी रही। 2024 की तीसरी तिमाही में इस साल की सर्वाधिक 87,108 इकाइयों की बिक्री दर्ज की गई है।

# ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए अदाणी और गूगल ने मिलाया हाथ

गूगल और अदाणी समूह ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे दोनों के सामूहिक स्थिरता लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और भारतीय ग्रिड में अधिक स्वच्छ ऊर्जा जोड़ने में मदद मिलेगी। गूगल ने यहां 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम में इसकी घोषणा की, जबकि अदाणी समूह ने बयान में इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। अदाणी समूह के बयान में कहा, '' इस साझेदारी के जरिये अदाणी गुजरात के खावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा संयंत्र में स्थित एक नई सौर-पवन हाइब्रिड परियोजना से स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति करेगी। इस नई परियोजना का वाणिज्यिक परिचालन 2025 की तीसरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है।'' यह नवोन्मेषी सहयोग भारत में 'क्लाउड' सेवाओं तथा परिचालन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा समर्थित कर गूगल के चौबीसों घंटे कार्बन-मुक्त ऊर्जा लक्ष्य को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। साथ ही इस प्रकार भारत में गूगल की सतत वृद्धि में योगदान देगा।

### बीपीसीएल ने हरित ईंधन इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए मुंबई बंदरगाह के साथ किया समझौता

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीपीसीएल ने बंदरगाह पर हरित ईंधन पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण और मुंबई बंदरगाह स्थायित्व फाउंडेशन (एमपीएसएफ) के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बीपीसीएल के बयान में कहा गया, यह समझौता ज्ञापन भारत को स्वच्छ ऊर्जा समाधानों की ओर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हरित ईंधन नवाचारों पर ध्यान केंद्रित कर इस पहल का मकसद ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को काफी कम करना है, जो देश के जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों में योगदान देता है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा, इस पहल के तहत दोनों साझेदार संयुक्त रूप से मुंबई बंदरगाह पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेंगे, जिससे बंदरगाह उपयोगकर्ताओं तथा आम जनता के लिए हरित ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा मिलेगा। बीपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक जी कृष्ण कुमार ने कहा, ''यह समझौता ज्ञापन 2040 तक स्कोप-1 और स्कोप-2 में शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करने की हमारी आकांक्षा के साथ-साथ एक टिकाऊ कल की दिशा में बीपीसीएल की योजनाओं के अनुरूप है। समुद्री क्षेत्र के लिए एलएनजी और ईवी जैसे टिकाऊ ऊर्जा समाधानों को सक्षम करना सामाजिक जिम्मेदारी को प्रदर्शित करने और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों के साथ हमारे सतत विकास के लिए साझेदारी करने के हमारे प्रयास का हिस्सा है। बीपीसीएल के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई बंदरगाह पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी व जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा क्रूज भारत मिशन की शुरुआत के दौरान समझौते को औपचारिक रूप दिया गया।

## लॉफिंग ज़ोन

डॉक्टर (बेहोश मरीज को देखकर)- यह तो मर गया है।

मरीज (होश में आकर)- मैं तो जीवित हूं। मरीज की पत्नी- कुछ तो सोच समझकर बोला कीजिए, इतने बड़े डॉंक्टर हैं झूठ बोलेगे क्या?

□ □ □

पत्नी- कुछ साल पहले तुमने मुझसे कहा था कि तुम स्वर्ग में रहने की बजाय मेरे साथ नर्क में रहना पसद करोगे।

पति- बदकिस्मती से मेरी इच्छा पूरी हो गई।

□ □ □

परसों रात तुम कहा थी? वकील ने युवती से पूछा।

युवती- अपने पड़ोसी के साथ रेस्तरां में खाना खाने गई थी। और कल रात? वकील ने दूसरा सवाल पूछा।

युवती- एक दूसरे पड़ोसी के साथ। और आज का तुम्हारा क्या कार्यक्रम है? वकील ने धीरे से पूछा।

'ऑब्जेक्शन मी लॉर्ड' दूसरा वकील चिल्लाया, यह सवाल मैंने पहले ही कर लिया है।

□ □ □

नवीन, 'पापा, पानीपत की पहली लड़ाई कहां पर हुई थी?'

पापा, 'इतना भी पता नही, स्कूल में क्या करने जाता हैं। कल पूछ कर आना अपने टीचर से।'

## आज का इतिहास

853 तुर्की ने रूस के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
865 नेपोलियन तृतीय और ओटो वान विस्मार्क के बीच समझौता हुआ।
931 ब्राजील में क्रांति के बाद गेसुलियो वर्गास राष्ट्रपति बने।
945 फ्रांस में पियरे लावल पर युद्ध के दौरान राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण मुकदमा चलाया गया।
957 सोवियत संघ ने प्रथम अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया।
969 चीन ने हाइड्रोजन बम सहित दो परमाणु परीक्षणों की घोषणा की।
973 उत्तरी आयरलैंड में पांच वर्ष से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शांति वार्ता शुरू हुई।
977 अटलबिहारी बाजपेयी ने विदेश मंत्री के रूप में राष्ट्रसंघ महासभा को हिंदी में संबोधित किया।
986 भारतीय हेलीकॉप्टर निगम की स्थापना हुई।
986 सोवियत संघ की परमाणु चालित पनडुब्बी में आग लगने से तीन व्यक्ति मारे गए।
991 फिलीपींस के विद्रोही सैनिकों ने दूसरे सबसे बड़े द्वीप के स्वतंत्र होने का दावा किया।

## प्रसंगतः सबसे बड़ी कला

बहुत पुरानी कथा है। किसी गांव में एक बड़ा ही होशियार लड़का रहता था। वह नई-नई चीजें सीखने में लगा रहता था। उसने एक तीर बनाने वाले से तीर बनाना सीखा, नाव बनाने वाले से नाव बनाने की कला सीखी। मूर्तिकार से मूर्तिकला की जानकारी हासिल की। इस तरह धीरे-धीरे वह एक के बाद एक बहुत सी कलाएं सीख गया। लेकिन उसे इस बात का अहंकार हो गया। वह हमेशा सबसे कहता फिरता, 'मेरे बराबर दुनिया में कोई गुणवान नहीं है।' संयोग से उन्हीं दिनों गौतम बुद्ध घूमते हुए वहां आ पहुंचे। उन्हें जब उस लड़के के बारे में पता चला तो वह भिक्षापात्र लेकर उसके पास पहुंच गए। लड़के ने उन्हें देखकर पूछा, 'आप कौन हैं?' बुद्ध ने उत्तर दिया, 'मैं अपने शरीर को काबू में रखने वाला एक आदमी हूं।' लड़का उनकी बात समझ नहीं पाया और बोला, 'मैं आपकी बात का मतलब नहीं समझा। कृपा करके विस्तारपूर्वक समझाएं।' इस पर बुद्ध ने कहा, 'देखो, जो तीर चलाना जानता है, वह तीर चलाता है, जो नाव चलाना जानता है, वह नाव चलाता है और जो मूर्ति बनाना जानता है वह मूर्ति बनाता है। लेकिन जो ज्ञानी है, वह अपने ऊपर शासन करता है।' लड़के ने पूछा 'वह कैसे?' बुद्ध ने जवाब दिया, 'अगर कोई उसकी प्रशंसा करता है तो उसका मन चंचल नहीं होता। अगर कोई उसकी निंदा करता है तो भी वह शांत रहता है। ऐसा आदमी हमेशा सुखी रहता है। यह सबसे बड़ी कला है।' लड़का उनका आशय समझ गया। उसने वचन दिया कि वह अपने भीतर से अपना अहंकार निकाल बाहर करेगा।

## दैनिक पंचांग

**4 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लगनारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.53 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृश्चिक | 09.08 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.24 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.29 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.15 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.48 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.19 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.59 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.57 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.10 बजे से |
| 10.30 से | | सिंह | 02.26 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कन्या | 04.38 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 278 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 05.31 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 18.38 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 05.21 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** बालव 16.16 बजे तदनन्तर कौलव 05.31 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 01.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण $04^{0}$ 27' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872122 **जूलियन दिन** 2460587.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 30 **विशेष** चंद्र दर्शन, विश्व पशु कल्याण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | | | | | ■ | 6 | 7 |
| | | | 8 | 9 | | 10 | | |
| 11 | | 12 | | | | 13 | | |
| | | 14 | | | 15 | | | |
| 16 | | | | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**
1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

**शब्द पहेली -8147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ली | न | ■ | ■ | ह | ■ | श |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| दी | न | ई | मा | न | ■ | क | स | म |
| ■ | ■ | य | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | त | क | रा | र |
| ■ | की | ■ | ध | न | ■ | मा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | का | ज | ल | ■ | दा | ■ | ण |
| ई | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ण | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7689

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 22 | 22 | ■ | 23 | 16 | 11 | 18 | ■ |
| 14 | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 4 | | 26 |
| 14 | | 7 | | ■ | | 7 | | 3 | 23 |
| 17 | 8 | | 7 | ■ | 3 | | 2 | | 15 |
| 28 | | 9 | | 7 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 2 | | 7 | | 27 |
| 18 | | 3 | | 5 | ■ | 6 | | 3 | 16 |
| 17 | 6 | | 5 | | ■ | | 6 | | 19 |
| 23 | | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | 21 |
| ■ | 13 | 15 | 19 | 23 | ■ | 22 | 28 | 26 | ■ |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 7688 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 14 | 23 | 22 | ■ | 32 | 14 | 19 | 13 | ■ |
| 14 | 2 | 7 | 5 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 25 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | ■ | 9 | 3 | 7 | 2 | 21 |
| 26 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 30 |
| 21 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| ■ | 12 | 19 | 19 | 23 | ■ | 21 | 23 | 28 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6633

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | |
| 1 | 26 | | 41 | | 38 | 6 |
| 7 | 1 | | 6 | 5 | | 3 |
| | 34 | 5 | 33 | | 25 | |
| | | 2 | 3 | 7 | | 1 |
| 5 | 32 | 6 | 29 | | 34 | 4 |
| 3 | | | | 2 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6632 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 22 | 7 | 34 | 6 | 43 | 6 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 4 | 30 | 5 | 26 | 1 | 30 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 5 | 36 | 6 | 36 | 3 | 29 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5993

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5992**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | x | 2 | ÷ | 6 | x | 7 | = | 35 |
| + | ■ | x | ■ | + | ■ | x | ■ | + |
| 31 | + | 20 | - | 35 | + | 4 | = | 20 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 33 | - | 12 | + | 3 | - | 14 | = | 10 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 35 | ÷ | 7 | x | 8 | - | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 48 | - | 21 | + | 36 | - | 29 | = | 40 / 34 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7680

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | चां | न | र | क |
| ग | र | म | म | सा | ला | जी | द | इ | व | ल |
| आ | कं | दे | ला | ह | जी | स्म | नी | का | क्त | दि |
| वा | ची | प | श | ल | ज | प | बा | पा | ल | र |
| स्तु | त | ई | न्नी | में | स | खें | र | भा | म | जं |
| शा | मे | म | क | ला | बे | ला | न | ई | क | ग |
| स्त्र | जं | न्स | मे | ल | क | ता | म | न | है | ल |
| च | म | न | ए | सं | हो | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | ना | री | रो | न | क्स |
| क्या | कु | ल | है | ह | म | त्र | हो | ड | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

शब्दजाल में राजपाल यादव की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

गरम मसाला, वास्तुशास्त्र, क्या कूल है हम, कल हो ना हो, रोड, जंगल, चांदनी बार, वक्त, कंपन्नी, लाल सलाम

**शब्दजाल - 7679 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | मा | है | लो | ब्र | द | र | ह | क | ल |
| हा | वी | सू | ह | गु | ल | जी | स | ल | क | के |
| हे | वी | औ | द | अ | ला | त | र | म | ल | भी |
| रा | र | दा | र | ल | क | म | ओ | र | सु | अ |
| म | स | न | ष | ब | म | मी | छ | बा | न | ल |
| प | मी | त्या | स | जि | ब | क | प | बू | स | वि |
| के | ह | बु | की | वी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | छ | कु | छ | हो | ता | है | प | ना |
| प | हे | ली | सू | ह | प | ने | ने | ल | जी | क |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | ह |
| म | ह | न | ह | म | तु | म | न | ज | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सड़क दुर्घटना के बाद सड़क जाम करने वाले लोगों पर हुआ एफआईआर दर्ज




बरकट्ठा(हजारीबाग)। बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप सोमवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना के बाद सड़क जाम करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि 30 सितंबर की शाम को हुई सड़क हादसे में ग्राम पहाड़पुर निवासी लीला देवी 30 वर्ष पति सूरज बास्के की मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर लगभग 9 घंटे जीटी रोड़ को जाम कर दिया था। इस बाबत बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 189/24 के तहत दर्जनों नामजद एवं करीब 150 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि सड़क जाम करने वाले लोगों ने सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न किया था। दर्ज एफआईआर में ग्राम डोंढहरा शिलाडीह निवासी छत्रु पंडित, ग्राम परबत्ता निवासी दिपक राणा, आनन्द सोनी, राजेश मंडल, सुनील साव, लाटो यादव, सिक्की विश्वकर्मा, ग्राम डाकडीह निवासी प्रकाश साव,ग्राम बंडासिंगा निवासी, राजेश कसेरा, नागेश्वर साव, बदरी ठाकुर, दिलीप साव, सुनील यादव, ग्राम बेलकप्पी निवासी अभीषेक पांडेय समेत लगभग डेढ़ सौ अज्ञात लोग के नाम शामिल हैं।

## वैदिक मंत्रों के साथ शारदीय नवरात्र का पूजन हुआ प्रारंभ, कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा हुई प्रारंभ



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) मां शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा की भक्ति के साथ ही प्रखंड क्षेत्र वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हो उठा है। पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्ति की धारा बह रही है। गुरुवार को श्रद्धा और निष्ठा के साथ श्रद्धालुओं ने कलश भरकर कलश स्थापना के लिए जल एकत्रित किए। प्रखंड के कई क्षेत्रों में बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा भी निकली गई। ऐसे क्षणों में श्रद्धा भक्ति और निष्ठा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। माता रानी के जयकारे से पूजा स्थल गूंजायमान होता रहा। विभिन्न पूजा पंडालों में आज मुख्य पुजारियों ने 9 दिन चलने वाले इस नवरात्र के लिए कलश स्थापना किया। दैहर, हथिंदर चौपारण, मानगढ़, बहेरा, सिंघरावा आदि ग्रामों में श्रद्धा और भक्ति के साथ कलश स्थापना कर इस शारदीय नवरात्र की प्रथम देवी शैलपुत्री की पूजा आराधना की गई। पूरे प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पूजन की धूम रहेगी। सभी पूजा स्थलों पर भव्य पंडाल बनाए गए हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## भगवा नारी सेना द्वारा डांडिया ड्रेजेल का हुआ भव्य आयोजन




रांचीः मंगलवार को रात्रि मे भगवा नारी सेना के द्वारा रांची कचहरी रोड स्थित द रॉयल बैंक्विट हॉल मे डांडिया नाइट का भव्य आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल और श्री गणेश वंदना के नृत्य के साथ हुआ।यह कार्यक्रम रात्रि 11:00 बजे तक चला। इस इंडिया नाइट में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और डीजे आकाश,कुमार गहलोत-कविता होरो की गायक जोड़ी ने लोगों को लगातार थिरकने पर मजबूर किया।आयोजन समिति की अध्यक्ष पिया बर्मन ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी मां सुभद्रा ग्रुप सहित द रॉयल बैंक्वेट,छात्र क्लब ग्रुप, द.आई. टी.हब,वी.एन्ड आर,एकांश हेल्थ,ग्लैम वर्ल्ड,आर.पी.एम.फोटोग्राफी,फूड ट्रेंड्स,श्रेया श्रेष्ठ,मुकेश किचन गैलरी,संगीत सरिता,मेरी आवाज मेरी पहचान,डी.सी. स्टूडियो,चीजकेक गर्ल,माउंट डिवाइन,श्री नटराज,रॉयल दरबार,जयेश न्यूट्रेन्ट वाटर, शिवम फोटो वर्क्स आदि थे। एंकरिंग को भूमिका वीणा श्री और श्रेया श्रुति ने निभाई। कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे ऋषिनाथ शहदेव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे सीमा राय,राजीव रंजन,आनंद जालान, धर्मेंद्र गिरी,मनोज मिश्रा, प्रभात कुमार राजन,गिरिजा शंकर पेड़ीवाल,समीर,दिलवीर सिंह,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी एवं संरक्षक मंडल के वीणाश्री, रीना सिंह,बीना जी की उपस्थित रही। कार्यक्रम में आए सभी महिला और पुरुष भारतीय परिधान में थे जो कई टोलियों में रंगारंग डांडिया नृत्य कर रहे थे साथ ही पूर्ण शाकाहारी जटकदार भोजन का स्वाद भी ले रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव रंजन मिश्रा,आकिब जी, अभिषेक दुबे,आरव सिंघल,रीना सिंह,वीणा सिंह,ललिता साहू, सुनीता पांडे,अंजना प्रियदर्शनी, खुशबू सिंह,विजेता,गायत्री, ममता,श्रेया,मंजुला,रिंकी,रीता, संगीता सिंह,शिवांगी,खुशी काकन,रश्मि बेसरा,आरव सिंघल,शीला,अनिता आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बरही में सड़क हादसा ; होमगार्ड जवान की मौतःमां की बीमार होने की सूचना पर जा रहा था घर, ट्रक वाला मार कर हुआ फरार



बरही : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोइया धमना मोड के नजदीक बीती रात करीब 10 बजे हुए सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों के मदद से घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कुंदन कुमार पंडा उम्र लगभग 30 वर्ष पिता पारस पंडा, प्रखंड मयूरहंड, जिला चतरा निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंदन कोडरमा जिला के चंदवारा में स्थित डीवीसी में होमगार्ड के पद पर कार्यरत था। बीते रात उन्हे अचानक सूचना मिली की उनकी मां गंभीर रूप से बीमार है। वहीं उक्त होमगार्ड जवान कुंदन मां से मिलने के लिए बाइक से ही घर जा रहे थे। इसी क्रम में वह दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं बरही पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# दुर्गा पूजा से पहले पुलिस की बड़ी कार्रवाईःगिरिडीह में 31 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद, स्प्रिट और ढक्कन को पुलिस ने किया जब्त



गिरिडीहः गिरिडीह के हीरोडीह पुलिस ने एक घर से छापेमारी कर अंग्रेजी शराब का बड़ा खेप बरामद किया है। हीरोडीह पुलिस ने यह कार्रवाई एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की है। बताया जाता है कि एसपी को गुप्त सूचना प्राप्त मिली थी कि हीरोडीह के बैरिया पंचायत के बालोसार गांव में संझला मरांडी पिता स्व लुथरु मरांडी के घर में उनके सहयोगियों के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध नकली विदेशी शराब का निर्माण एवं बिक्री किया जा रहा है।

### टीम गठन कर की गई छापेमारी

सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ के द्वारा टीम गठन कर इंस्पेक्टर के नेतृत्व में संझला मरांडी के मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 31 कार्टून नकली शराब, बोरा में पैक खाली बोतल, रेपर, स्प्रिट, ढक्कन, गैलन आदि बरामद किया गया।

इन ब्रांड का नकली शराब किया गया बरामद

(1)रॉयल स्टैग-750 ml का 8 कार्टून
(2) रॉयल स्टैग-375 ml का 11 कार्टून
(3) रॉयल स्टैग-180 ml का 4 कार्टून
(4) स्टर्लिंग रिजर्व 375 ml का 1 कार्टून
(5) इंपीरियल ब्लू 375 ml का 1 कार्टून
(6) इंपीरियल ब्लू 180ml का 6 कार्टून.

## रन फॉर सद्भावना में एकता और सद्भावना का संदेश देने हजारों बच्चों ने लगाई दौड़




जमशेदपुर। गांधी जयंती के मौके पर आयोजित दौड़ के सबसे बड़े आयोजन रन फॉर सद्भावना में जमशेदपुर शहर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस सद्भावना दौड़ में शहर के लगभग सभी स्कूलों के 10 हजार से ज्यादा बच्चों ने शामिल होकर एकता और सद्भावना का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत साकची गोलचक्कर से हुई। धालभूम एसडीओ शताब्दि मजूमदार ने रन फॉर सद्भावना को फ्लैग ऑफ किया और एकता और सद्भावना का दिया संदेश। रन फॉर सद्भावना में शामिल स्कूली बच्चे, शिक्षक और अभिभावकों के साथ ही अन्य लोग साकची गोलचक्कर से जुबली पार्क होते हुए दोराबजी टाटा पार्क (मोदी पार्क) पहुंचे। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को सद्भावना टी शर्ट भी दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को एकता और सद्भावना का संदेश देना है। दौड़ के समापन के बाद मोदी पार्क के पास समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान चांडिल हादसा के दौरान सर्च ऑपरेशन चलाने वाले सेना के जवानों को सम्मानित किया गया। मौके पर एक्स आर्मी सुशील कुमार सिंह, राजीव सिंह एवं 12 सदस्यीय टीम को सम्मानित किया गया। मौके पर रन फॉर सद्भावना की संरक्षक उर्मिला सिंह भी उपस्थित थीं। मौके पर प्रतिभागियों द्वारा डाली गई पर्ची की लॉची के आधार पर 21 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस संबंध में धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके द्वारा दिए गए ई मेल आई डी पर सर्टिफिकेट भेज दिया जाएगा। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेवारी रन फॉर सद्भावना के वॉलंटियर्स ने संभाल रखी थी। इसमें एनसीसी का भी पूरा सहयोग मिला। एनसीसी कमांडेंट मोहन आहूजा की पहल पर 225 एनसीसी कैडेट्स ने रन फॉर सद्भावना टीम के साथ वॉलंटिर का काम किया। कार्यक्रम का संचालन रन फॉर सद्भावना के चेयरमैन विकास सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र कुमार ने किया।

इस मौके पर डीएसपी संजय कुमार सिंह, रन फॉर सद्भावना के चेयरमैन विकास सिंह, अध्यक्ष रश्मि सिंह, महासचिव उदित अग्रवाल, संयोजक धर्मेंद्र कुमार मौजूद रहे। आयोजन में ऑल इंडिया होप लाइन के सचिव मो. सदान हुसैन, यंग इंडियंस, रेड क्रॉस, कोशिश एक मुस्कान लाने की, अनिमा दास चैरिटेबल ट्रस्ट, स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन, केके एजुकेशन एंड फाउंडेशन ट्रस्ट, सुग्गा सहित अन्य संस्थाओं का भी सहयोग मिला।

## राज्यसभा सांसद ने विभिन्न योजनाओं को शिलान्यास किया



ओरमांझी(मोहसीन आलम):राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने गुरुवार को ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में आने को विकास योजनाओं का शिलान्यास किया,जिसमें प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी इलाके के चंदरा पंचायत के बुंडू में चबूतरा निर्माण,ग्राम होचई में शमशान शेड निर्माण, कुच्चू में शमशान सेड निर्माण दरदाग में फेवर ब्लॉक पथ निर्माण,ओरमांझी में समशान सेड निर्माण व कोईलारी टोला में पीसीसी पथ निर्माण साथ ही आनंदी में भवन निर्माण का आधार शिला पुजा अर्चना कर फिता काटकर व नारीयल फोड़ कर किया और मौके पर सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा सभी कार्य को गुणवत्तापूर्ण समय पर पुरा करेंगे इसमें किसी तरह का कोताही नहीं होनी चाहिए आम लोगों की बहुत पुरानी मांग थी जिसे धीरे धीरे पुरा किया जा रहा है राज्य में भाजपा की सरकार इस बार सब मिलकर लाए विकास का किरण आपके घरों तक पहुंचेगी मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी,मानकी राजेंद्र साही मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता मुखिया दीपक बडाईक उपमुखिया संतोष गुप्ता पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, अलखनाथ महतो,पुजा समिति अध्यक्ष रामकुमार महतो कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी अजय सिंह उमाशंकर साहू सतीश बड़ाइक संतोष कुशवाहा आनन्द महतो सत्यमराज कुशवाहा राजकिशोर साहू रोहित साहू सुनील महतो अम्बिका महतो रोहन वमण सहित काफी संख्या पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## चौपारण की बेटी मृणालिनी गांव की गलियों से निकल पहुंची लंदन स्ट्रीट, ब्रिटेन के कई शहरों में कॉन्फ्रेंस में लेगी भाग

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चौपारण (हजारीबाग) जिले के चौपारण प्रखंड के सेलहरा गांव की बेटी ने लंबी उड़ान भरी है। कहा जाता है कि मन में जब लगन हो तो लक्ष्य को प्राप्त करना कोई मुश्किल काम नहीं होता इसे चरितार्थ कर दिखाया है ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी मृणालिनी ने। मृणालिनी के पिता जन्मेजय सिंह सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं जबकि मां अंजली सिंह एक गृहणी है। मृणालिनी राज रिसर्च स्कॉलर के रूप में चयनित होकर ब्रिटेन के कई शहरों में आयोजित विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में हिस्सा लेने के लिए लंदन पहुंच चुकी है । वर्तमान में वह जे आर एफ रिसर्च स्कॉलर में चयनित होकर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आई.आई.टी.) रुड़की से अंग्रेजी साहित्य में रिसर्च स्कॉलर के रूप में पीएचडी कर रही है । वहीं से उनका चयन चार्ल्स वालेस इंडिया ट्रस्ट लंदन (यूनाइटेड किंगडम) द्वारा रिसर्च ग्रांटी के रूप में 1 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024 तक ब्रिटेन के विभिन्न शहरों लंदन, नॉरविच, ब्रिंघटन में आयोजित विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में भाग लेने एवं रिसर्च करने के लिए चुना गया है। इसी के तहत वह लंदन पहुंचकर निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल हो रही है । मृणालिनी का बचपन सेलहारा पैतृक गांव से होते हुए हजारीबाग पहुंचा । वह इंटरमीडिएट डी.ए.वी हजारीबाग से, स्नातक संत जेवियर कॉलेज रांची से, एम.ए. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से करने के बाद आई.आई.टी रुड़की में रिसर्च स्कॉलर के रूप में पीएचडी कर रही है । मृणालिनी के पिता जन्मेजय सिंह मध्य विद्यालय सेलहारा में सरकारी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं ।

माँ अंजनी सिंह स्नातक उत्तीर्ण गृहणी एवं भाई मयंक राज दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स,नई दिल्ली से एम बी ए (एचआरडी) की पढ़ाई कर रहा है। मृणालिनी की शिक्षा के क्षेत्र में ऊंची उड़ान पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है । सेलहरा के ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मृणालिनी की सफलता से ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियाँ भी प्रोत्साहित होगी। मृणालिनी के द्वारा किया गया यह कार्य पूरे प्रखंड के बच्चियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और सरलता का प्रतीक हैः सुजीत उपाध्याय

नई दिल्ली : महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए गए। इसी क्रम में, देश की प्रथम नागरिक महामहिम द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला समेत कई जानीमानी हस्तियों ने महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पवित्र अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयुक्त सचिव और फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल गवर्नमेंट ऑफ झारखंड के सदस्य, साथ ही झारखंड के "सोनू सूद" के नाम से मशहूर सुजीत उपाध्याय ने भी हिस्सा लिया। टीम झारखंड से एक्सक्लूसिव बातचीत में सुजीत उपाध्याय ने बताया कि इस प्रार्थना सभा में भाग लेना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आशीर्वाद से वे इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बन पाए, सुजीत उपाध्याय ने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, "महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और सरलता का प्रतीक है। उनके विचार न केवल भारतीय समाज को बल्कि पूरी दुनिया को शांति और सद्भावना का संदेश देते हैं। उनका कथन कि 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी' आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना तब था। हमें गांधीजी के बताए मार्ग पर चलकर देश में एकता, शांति और समरसता को बनाए रखना चाहिए।" सुझाव देते हुए सुजीत उपाध्याय ने कहा कि गांधीजी की शिक्षाएं केवल किताबों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें जीवन में अपनाया जाना चाहिए। "बापू ने सिखाया कि अगर हम बदलाव चाहते हैं, तो हमें खुद को बदलना होगा। हम उनके इस कथन 'तुम वह बदलाव बनो जो तुम दुनिया में देखना चाहते हो' को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।"उपाध्याय ने यह भी कहा कि गांधीजी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सादगी और स्वावलंबन से भी बड़े से बड़े कार्य किए जा सकते हैं। "आज के युवाओं को बापू के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को दिशा देनी चाहिए। उनके स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत आज भी हमें सशक्त बनाते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभारी हूं, जिनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से मुझे इस ऐतिहासिक प्रार्थना सभा में हिस्सा लेने का सौभाग्य मिला।

## ओरमांझी झामुमो प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा का हुआ गठन



ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी झामुमो प्रखंड कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो कि अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा के गठन क्रो लेकर चकला पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित किया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला फरीद खान व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष झूब्बू लाल महतो शामिल हुए,बैठक के दौरान कलाम आजाद क्रो अल्पसंख्यक मोर्चा व सुरेश महतो को किसान मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया,वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष मकबुल अंसारी व मनान अंसारी सचिव मिठू नायक कोषाध्यक्ष इरफान अंसारी सह सचिव हाफिज खान,शेख साजिद, सूरज बेदिया संगठन सचिव मेहंदी हसन क्रो बनाया गया।बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा,जिन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा और माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया गया,बैठक में जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने पार्टी के दामन थामने वाले कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की जीत सुनिश्चित हैं,सभी 81 विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी,सभी कार्यकर्ता पार्टी में एक सिपाही की तरह कार्य करें,भाजपा में 18 सालों तक झारखंड को लूटने का काम किया है, सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा की झारखंड के विकास कर सकती है, सभी कार्यकर्ता दम लगाकर एक बार फिर से हेमंत सोरेन को जीत दिलाएं.बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कुदुस अंसारी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बचन उरांव,हारून रशीद,अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डू, सचिव सुजीत कुजूर,युवा मोर्चा जिला संगठन सचिव साजिद कौसर,उपाध्यक्ष अशोक मुंडा,जहुर अंसारी,मुस्लिम फैजी सहित जिला व प्रखंड के सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## दुर्गा पूजा स्पेशल थीम सांग 'रॉकांजलि' लाइव कॉन्सर्ट का लुत्फ उठा सकेंगे लोग

जमशेदपुर। इस दुर्गा पूजा बिंगो टेढ़े-मेढ़े बंगाली रॉक म्यूजक के शानदार 50 साल को अनूठे तरीके से सलाम कर रहा है। कोलकाता के प्रसिद्ध छह पंडालों में इस बार बंगाली रॉक म्यूजिक का जादू दिखेगा। इस बाबत ब्रांड ने एक प्रतियोगिता 'रॉकांजलि' का आयोजन किया है, जिसमें लगातार छह दिनों तक लोग लाइव कॉन्सर्ट का लुत्फ उठा सकेंगे। इस अवसर पर ब्रांड ने पूजा स्पेशल सांग 'रॉकांजलि' भी रिलीज किया, जिसे कैक्टस के सिद्धार्थ शंकर रॉय (सिद्धू) और अविजित बर्मन (पोटा), लक्खिछरा के गौरव चटर्जी (गाबू) और चंद्रबिंदु के अनिंद्य चटर्जी ने गाया है। अपने मुख्य उपभोक्ताओं को प्रेरित करने और उनसे जुड़ने के लिए इस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है, जिसमें कोलकाता के कॉलेजों के 120 से अधिक छात्रों से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले युवाओं को कोलकाता के प्रमुख 15 रॉक बैंड में शामिल होने का मौका मिलेगा। दुर्गा पूजा के अवसर पर कोलकाता में पहली बार बिंगो टेढ़े-मेढ़े की ओर से 'रॉकांजलि पूजा टूर' के तहत 'कॉन्सर्ट ऑन व्हील्स' का आयोजन किया जा रहा है। लगातार छह दिनों तक चलने वाले इस टूर में शहर के प्रसिद्ध छह पंडालों में लाइव बांग्ला रॉक की छटा बिखरेगी। बांग्ला रॉक में रूचि रखने वाले युवा इसमें भाग लेंगे। चतुर्थी से नवमी तक लगातार यह कॉन्सर्ट चलेगा, जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे।

## पटमदा में 10 करोड़ की लागत से निर्मित कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काट कर किया



जमशेदपुर । राज्य सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा पटमदा के बामनी में करीब 10 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 5 हजार मैट्रिक टन क्षमता के शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार को फीता काट कर किया । इस कोल्ड स्टोरेज का संचालन मेसर्स हजारीबाग होप एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड नामक एक एजेंसी के द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री कालिंदी के साथ जिला पार्षद खोगेन चंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधी चंद्रशेखर टुडू , सुभाष कर्मकार , अश्वनी महतो , काली पदो महतो , बुधेशवर महतो समेत दर्जनों की संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे । मौके पर अपने सम्बोधन में विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पटमदा एवम बोड़ाम प्रखंड के किसानों के लिए यह कोल्ड स्टोरेज अब वरदान साबित होगा । उन्होंने कहा कि काफी दिनों से यह कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार था और उद्घाटन के लिए बाट जोह रहा था । अब किसान इस कोल्ड स्टोरेज में फल , फूल , टमाटर ,शब्जी, आलु, प्याज आदि सामान न्यूनतम दर पर यहां रख सकेंगे और अपनी व्यवसाय को आगे और बढ़ा सकते हैं । विधायक ने कहा कि जो कार्य भाजपा एवम आजसू के कार्यकाल में हुआ, उससे कहीं अधिक कार्य झामुमो सरकार में हुई है । श्री कालिंदी ने कहा कि हमने जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र की जनता के विकास हित में मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर कई उल्लेखनीय कार्य को पूरा किया हैः जैसे शिक्षा , स्वास्थ्य , आवास , सड़क , पानी , बिजली आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्षों से माचा में अधुरा पड़ा अस्पताल को हमने चालू कराया , पटमदा बोड़ाम में डिग्री कॉलेज , खेल कूद के लिए स्टेडियम व प्ले ग्राउंड का निमार्ण कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में दोबारा हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी और भाजपा गठबन्धन का पतन हो जायेगा । वहीं कोल्ड स्टोरेज संचालक एजेंसी के रंजीत कुमार ने कहा कि इस कोल्ड स्टोरेज में उचित भंडारण की व्यवस्था उपलब्ध होने के कारण अब क्षेत्र के कृषक अपने उत्पादों की बिक्री कर उचित लाभ अर्जित कर सकेंगे, जिससे उनके आर्थिक हितों की रक्षा हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस कोल्ड स्टोरेज में कुल नौ यूनिट है। निचली तल्ला में एक हजार टन एवम ऊपरी तल्ला में चार हजार मैट्रिक टन सामान रखा जा सकेगा । अब कृषकों के साथ- साथ क्षेत्र के व्यवसायियों को भी व्यवसाय के दौरान शीत गृह में भंडारण योग्य आहरण किए गए उत्पादों को एक समयावधि तक के लिए शीत गृह में सुरक्षित भंडारण का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पटमदा क्षेत्र में शीत गृह की कमी के कारण स्थानीय कृषक अपने उत्पादों के सुरक्षित भंडारण को लेकर काफी चिंतित रहते थे और सीजन में बहुत सारे उत्पादों के सरप्लस उत्पादन और उसके सुरक्षित भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण उन्हें अपने उत्पादों को बिचौलियों के हाथों बिक्री करना पड़ता था, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। परंतु अब इस कोल्ड स्टोरेज को चालू हो जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। उद्घाटन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में किसान लोग उपस्थित रहकर इसका गवाह बने ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।